
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 45
शनिवार
15.02.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

कलम तभी साफ और अच्छा लिख पाती है, जब वह झुक कर चलती है यही हाल जिंदगी में इंसान का होता है!



# शब -ए- बारात आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को शब -ए- बारात आपसी भाईचारे व अकीदत के साथ मनाया गया. प्रखंड क्षेत्र के नगर उंटारी, चेचरिया, बरडीहा, कधवन, कोइन्दी, कुशदण्ड, हुलहुला, सोनबरसा सहित कई गांवो में शब -ए- बरात का त्योहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया गुरुवार की शाम में ही शब ए बारात की इबादत शुरू हो गई थी. सभी मुस्लिम समुदाय के लोग अपने-अपने घरों में फातिहा खानी करते हैं, मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मस्जिद कब्रिस्तान एवं अपने घरों को चाइनीज लाइटों द्वारा खूबसूरत तरीके से सजाया गया था जो काफी आकर्षक लग रहा था. बरडीहा मस्जिद में मिलाद शरीफ का कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में हाफिज अब्दुल हकीम अंसारी ने कहा कि शब-ए-बरात की रात में हर सख्श को कुरान ए पाक की तिलावत में समय गुजारना चाहिये. शब ए बरात की रात में सभी लोग नमाज अदा करते हैं और महिलाएं अपने घरों में इबादत किया करते हैं. उन्होंने कहा कि नवाफिल की नमाज अदा कर अल्लाह से आपसी भाईचारे, मिल्लत एवं सलामती आपसी एकता और सौहार्द की दुआएं मांगी गई. मुस्लिम धर्मावलंबियों ने कब्रिस्तान में अपने पुरखों के कब्र पर अगरबत्ती जलाकर फतिया भी पढ़ा. मौके पर सरपरस्त शमीम खान, युवा समाजसेवी महमूद आलम सीनियर, व्यवसायी आमीन खान, मौलाना एजाज अंजुम, मौलाना पैगाम राजा, मौलाना अब्दुल कादिर मौलाना आबिद हुसैन, फुलटून खान, खुर्शिद खान, अख्तर खान, बरडीहा सदर मुश्ताक अहमद शेख, सलीम अंसारी, डॉ रिजवान अहमद, राकिब अनवर, मुस्तकीम अंसारी, रइस अंसारी, दिलशाद अहमद, साजिद रजा, अफरोज, गुलाम, इंतजार, मकसूद, असलम अहमद रजा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# दसवीं के बच्चों को स्कूल प्रबंधन के द्वारा दी गई विदाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू) :** बिश्रामपुर प्रखंड स्थित ऐन ऐच 39 किनारे संचालित होने वाली आदर्श सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में क्लास 10 के बच्चों के लिए स्कूल प्रबंधन के द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। बताते चलें यह स्कूल बिगत 30 वर्षो से संचालित हो रही है जिसमें नर्सरी से लेकर क्लास 10 तक के बच्चों को शिक्षा दी जाती है। वही जो बच्चे दसवीं क्लास बोर्ड की परीक्षा देने वाले हैं,उन्हें स्कूल प्रबंधन के द्वारा विदाई दी गई। इस मौके पर स्कूल चेयरमैन धनंजय पांडे ने केक काटकर व सभी बच्चों को बारी-बारी से अपने हाथों से मिठाई खिलाकर आशीर्वाद देते हुए विदाई की। बच्चों को विदाई करते हुए इस भावुक छन मे श्री पांडे ने बोला माता-पिता के बाद पहला गुरु शिक्षक ही होता है,जो शिक्षा देते हुए हर तरह की बौद्धिक ज्ञान भी देता है, आप सभी लोग आगे क्लास मैं विशेष तैयारी करते हुए स्कूल का नाम रौशन करने का काम करेंगे एवं एक अच्छा नागरिक बन उच्च पद पर जाकर देश सेवा करेंगे यही मेरा और सभी शिक्षकों का गुरु दक्षिणा होगा।

## पंचायत सचिव पर अबुआ आवास में रिश्वत लेने का आरोप



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अबुआ आवास में रिश्वत लेने का मामला प्रकाश में आया है। बताते चलें कि मझिआंव प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बोदरा पंचायत के ग्राम हरिगंवा के निवासी उपेंद्र सिंह की पत्नी सोनी देवी ने अबुआ आवास योजना के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पंचायत सचिव अविनाश राज पर महिला ने आरोप लगाया है कि आवास का आवेदन स्वीकृत करने के लिए 25 हजार रूपए की मांग की गई थी। महिला का कहना है कि मैंने कर्ज़ लेकर 5 हजार रूपए दिया था। जिसके बाद आवास स्वीकृत किया गया। लेकिन पंचायत सचिव द्वारा 20 हजार रूपए और मांगा गया। मेरे द्वारा असमर्थता जताने ओर मेरा आवास रद्द कर दिया गया। महिला ने आरोप लगाया कि हमारे गांव में ही पक्का मकान वाले को आवास का लाभ दिया गया है। महिला ने कहा, मैं बच्चों के साथ मजदूरी करती हूं मुझे आवास नही मिला है। पंचायत सचिव ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि आवास रद्द करने का निर्णय जिला स्तर से लिया गया है। क्योंकि रिपोर्ट में पक्का मकान पाया गया था। बीडीओ ने कहा कि पंचायत सचिव द्वारा पैसा मांगा गया था। तो तुरंत इसकी जानकारी दी जानी चाहिए थी। बीडीओ ने भरोसा दिलाया कि जांच के लिए एक टीम गठित की जायेगी। जांच के बाद पंचायत सचिव पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। वहीं सोनी देवी ने कहा कि मुझे प्रखंड से न्याय नहीं मिला तो उपायुक्त के पास फरियाद लेकर जाऊंगी।

## चित्रगुप्त मंदिर की भूमि पर षड्यंत्र कर भूमि कब्जा करने का लगाया आरोप



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सरहस्ताल खुर्द निवासी सह-चित्रांश समाज के अखौरी अतुल कुमार, अखौरी प्रवीण कुमार सिन्हा ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर कुछ लोगो द्वारा सरहस्ताल ग्राम में चित्रगुप्त मंदिर की भूमि पर रविदास जयंती मनाकर भूमि कब्जा करने का षड्यंत्र करने का आरोप लगाया है. एसडीओ को दिये आवेदन में कहा गया है कि उनके चाचा व पिता जी द्वारा कायस्थ परिवार को चित्रगुप्त मंदिर बनाने के लिये 17 डिसमिल भूमि दान में दिया गया है. उक्त भूमि पर चित्रगुप्त मंदिर बनाया गया है. कुछ भूमि अभी भी खाली पड़ा है, जिस पर निर्माण कार्य होना है. वहीं कुछ लोगो द्वारा रविदास जयंती मनाकर झंडा लगाकर छोड़ दिया गया है ताकि भविष्य में उक्त भूमि पर कब्जा किया जा सके. जिससे चित्रांश परिवार के लोगो मे आक्रोश है. आवेदकों ने चित्रगुप्त मंदिर की भूमि पर से उनके झंडा हटवाकर कायस्थ समाज को न्याय दिलाने का आग्रह किया है।

# ज्ञान दीप कॉन्वेंट स्कूल प्रबंधन ने दसवीं के बच्चों को दी सम्मान पूर्वक विदाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू) :** रेहला ज्ञान दीप कॉन्वेंट स्कूल प्रबंधन ने शुक्रवार को समारोह आयोजित कर दसवीं के छात्र-छात्राओं को सम्मानपूर्वक विदाई दी. समारोह का उद्घाटन मेदिनीनगर एसएसई कोचिंग सेंटर के निदेशक निकिता कुमारी व स्कूल के संस्थापक अवध बिहारी पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. इसके बाद सभी अतिथियों, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पूजा अर्चना किया गया. समारोह की अध्यक्षता निदेशिका सुनीता पांडेय व संचालन प्राचार्य सबाहत आरा ने किया. निकिता कुमारी ने बच्चों को बोर्ड परीक्षा से संबंधित कई टिप्स दिया.अवध बिहारी पांडेय ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की.समारोह में प्रे- बोर्ड परीक्षा में बेहतर करने वाले प्रथम पांच विद्यार्थियों अमन, विशाल, अमित, आरती व श्रेया को पुरस्कृत किया गया. मौके पर शिक्षिका महिमा शुक्ला, निधि चौबे, पूनम कुमारी, पंकज कुमार, प्रवीन कुमार, नाजिया प्रवीण, सोफिया हयात सहित कई लोग मौजूद थे।

# जनता के बीच पहुंची पलामू प्रशासन, समस्याओं का किया निदान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू उपायुक्त शशि रंजन के साथ जिला, अनुमंडल, प्रखंड व अंचल के पदाधिकारी बांसडीह? खुर्द पंचायत के कोकाडु (चुनहट) गांव पहुंचे। वहां जनता दरबार लगाकर आमजनों की जन समस्याओं को सुना और उसका निदान किया। कई मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया। वहीं तत्काल निष्पादन योग्य नहीं रहने वाले मामलों को आगामी कुछ दिनों में निराकरण का भरोसा दिया। उपायुक्त शशि रंजन द्वारा ग्रामीणों के बीच पहुंचकर जनता दरबार लगाये जाने के इस सकारात्मक प्रयास का स्थानीय लोगों में चर्चा का विषय बना रहा। लोगों ने जिला प्रशासन के इस प्रयास की? सराहना करते नजर आए। उपायुक्त सहित अन्य पदाधिकारियों के समक्ष खुलकर अपनी समस्याएं रखी। उपायुक्त ने भी जनता से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना और उसका निदान किया। स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं आमजनों ने गांव में बिजली की समस्याओं को दूर करने संबंधी बातें रखी। उपायुक्त ने बिजली विभाग के अभियंता से बात कर ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि अप्रैल माह तक गांव वासियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति होने लगेगी। उन्होंने बिजली विभाग के अभियंता को प्राथमिकता के तहत गांव में बिजली आपूर्ति का निदेश दिया। वहीं ग्रामीणों ने सड़क की? समस्या से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर सड़क की? समस्या को दूर करने का भरोसा दिया। ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी केंद्र, उलमान 2 को गांव के सीमा क्षेत्र में बनने की बात उठाई। ग्रामीणों ने कहा कि गांव के सीमा क्षेत्र में आंगनबाड़ी का भवन बन रहा है, इसा निर्माण गांव के बीच में कराया जाए, तो बच्चे ज्यादा लाभान्वित होंगे। उपायुक्त ने इसके लिए भरोसा दिया और कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र उनके गांव के बीच में बनाए जाएंगे। वहीं ग्रामीणों की मांग पर उपायुक्त सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को नशा को छोड़ने की अपील की। कहा कि नशा से उनका और उनके परिवार को समस्या होती है।

## सरईडीह ओपी में पदस्थापित हवलदार का अचानक निधन



**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार थाना से महज 9 किमी दूरी पर अवस्थित सरईडीह ओपी मे पदस्थापित आईआरबी में हवलदार 49 वर्षीय छोटन राम के विगत गुरूवार को शोबरात के पर्व में डुयूटी के क्रम में अचानक तबियत खराब हुई। आनन फानन उन्होंने करीब मध्य रात्रि में अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर पहुंचाया गया और चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी अमित द्विवेदी ने पत्रकारों से मुख़ातिब होकर बताया कि आइआरबी के हवलदार श्री छोटन राम की मौत के अनुमान हृदय गति से हुई है। मृतक जावन के विश्रामपुर प्रखंड के रेहला थाना के शंखा के रहने वाले थें। घटना के तुरंत बाद मृतक के परिजन के सूचना दी गई। मृतक हवलदार के शव अत्यंत परीक्षण के लिए सदर अस्पताल मेदिनीनगर भेज दी गई। अत्यंत परीक्षण के बाद उनकी शव को जैप कैप लेस्लीगंज में सलामी के लिए ले जायेगा।

महुअरि मुखिया ने किया पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास

# पंचायत क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता : सरिता कुमारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद, पलामू :** हुसैनाबाद प्रखंड के ग्राम पंचायत महुअरी अंतर्गत झरहा गांव में सुरेंद्र सिंह के घर से लवकुश सिंह के घर तक 15वें वित्त से बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास पंचायत की मुखिया सरिता कुमारी ने नारियल फोड़ कर किया। मौके पर मुखिया सरिता कुमारी ने कहा कि पंचायत क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता है। महुअरि पंचायत के हर गांव में विकास योजनाओं व सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि विमलेश पासवान, राजेश सिंह, अमरेंद्र सिंह, सुनील सिंह, मुकेश कुमार सिंह , सुधीर सिंह, कुंदन कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, मंटू सिंह, गुड्डू कुमार सिंह, बादल कुमार सिंह, अंकित कुमार सिंह समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

हुसैनाबाद इमामबाड़ा परिसर में शब-ए बरात दुआओं को रात

# शबे बारात की रोशन रात, मौलाना सजीर रिज़वी ने बयां की फज़ीलत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद/पलामू :** नगर पंचायत के अतर्गत हुसैनाबाद के इमामबाड़ा वक्फ वासला बेगम में खास शब ए दारी का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों अकीदतमंदों ने शिरकत की। इस मौके पर मौलाना सजीर रिज़वी ने मजलिस को खिताब करते हुए शबे बारात की अहमियत पर रौशनी डाली और इसे इबादत, मगफिरत और रहमत की रात बताया।वही मौलाना सजीर रिज़वी ने कहा की शबे बारात तौबा और दुआओं की रात मौलाना सजीर रिज़वी ने अपनी तकरीर में फरमाया कि शबे बारात खुदा की रहमतों की रात है, जब बंदों की दुआएं कबूल होती हैं और गुनाहों की माफी का दरवाजा खुला रहता है। उन्होंने कहा कि इस रात को जागकर इबादत करने, सदका देने और अल्लाह से अपनी गलतियों की माफी मांगने का बड़ा सवाब बताया गया है। उन्होंने अहलेबैत की सीखों और हदीसों का हवाला देते हुए कहा कि यह रात गुनाहों से पाक होने और नेक राह पर चलने का संकल्प लेने का बेहतरीन मौका है।रौशनी से जगमगाया इमामबाड़ा, सैकड़ों अकीदतमंदों ने मांगी रहमत इस खास मौके पर इमामबाड़ा वक्फ वासला बेगम को खूबसूरत रोशनी से सजाया गया था। पूरी फिजा में इबादत और जिक्र-ए-खुदा की गूंज थी। अकीदतमंदों ने रातभर नमाज अदा की, तिलावत की और खुदा से अपनी मगफिरत और रहमत की दुआ मांगी। गणमान्य हस्तियों की शिरकत, पूर्व मुतावल्ली सह कांग्रेस झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक महा सचिव सैयद हसनैन जैदी भी रहे मौजूद इस शब ए दारी में कई अहम शख्सियतों की भी शिरकत रही। पूर्व मुतावल्ली हसनैन जैदी, अमीन साहब, होमी, मिशम रिज़वी, अलखैबर, हसन अली सैयद फिरोज हुसैन, प्यारे हसन, काजिम हुसैन रिज़वी, मुनीश सर , और अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। सभी ने इस मुबारक रात की फज़ीलत पर अपने ख्यालात साझा किए और सामूहिक दुआओं में हिस्सा लिया।रहमते इलाही से रोशन हुई हुसैनाबाद की रात शबे बारात की इस खास रात में हुसैनाबाद का माहौल रुहानी एहसास से सराबोर था। मस्जिदों, इमामबाड़ों और घरों में तिलावत और इबादत का सिलसिला जारी रहा। लोगों ने अपने गुनाहों की तौबा की, गरीबों और जरूरतमंदों की मदद का अहद लिया और अपने मरहूमीन के लिए बख्शिश की दुआएं मांगी

## झारखण्ड छात्र मोर्चा ने परीक्षा नियंत्रक को सौंपा ज्ञापन



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड छात्र मोर्चा ने शुक्रवार को एनपीयू विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक से मिलकर छात्रों की विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा और त्वरित कार्रवाई की मांग की है। मौके पर कौशल किशोर ने बताया कि पीजी सेमेस्टर 4 सेशन 21- 23 एवं सेमेस्टर सेकंड 22- 24 पीजी सेमेस्टर फर्स्ट 23- 25 के परीक्षा परिणाम अविलंब प्रकाशित किया जाए। जेनेरिकसत्र 18 - 21 एवं सत्र 19- 22 के परीक्षा परिणाम अभिलंब प्रकाशित किया जाए। यूजी एनईपी 2022 - 26 सेकंड सेमेस्टर, 23- 27 फर्स्ट सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम अभिलंब प्रकाशित किया जाए।सभी रेगुलर एंड बैकलॉग की परीक्षाएं परिणाम अभिलंब घोषित किया जाए। पीजी सत्र 24 - 26 का नामांकन कब तक स्पष्ट करें। क्रश्चस्त्र सत्र 2022-24 की सेमेस्टर 4की परीक्षा किसके अनुमति और विश्वविद्यालय के किस नियम परिनियम के अंतर्गत आयोजित कराई जा रही है (बिना कुलपति एवं बिना प्रतिकुलपति के ) उपरोक्त विषयक पर जेसीएम कार्यवाही की मांग करती है छात्र नेता सुमित पाठक ने कहा कि 24 घंटे के अंदर अगर विश्वविद्यालय कार्रवाई नहीं करती है तो बाध्य होकर जेसीएम छात्र संगठन पलामू चरणबद्ध तरीके आंदोलन करेगी जिसकी सारी जवाबदेही विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। मौके पर कौशल किशोर, फैजल, सुमित पाठक, सौरभ पाठक, किसलय दुबे, कृष्णा यादव, सिंटू कुमार, मंटू कुमार आदि कई छात्र उपस्थित थे।

# भाजपा का संगठन चुनाव को लेकर मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** भाजपा चैनपुर मंडल में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार आगामी संगठन चुनाव को लेकर मंडल स्तरीय कार्यशाला आज संपन्न हुआ। कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडे ने किया मंडल चुनाव प्रभारी विजय ठाकुर ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संगठन पर्व के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी। आगामी होने वाले बुथ चुनाव को संपन्न कराने के लिए प्रत्येक शक्ति केंद्र में, निर्वाचन अधिकारी, सह निर्वाचन अधिकारी का नाम मंडल चुनाव अधिकारी विजय ठाकुर के द्वारा घोषणा किया गया, उन्होंने कार्यकर्ताओं की कठिन मेहनत की सराहना की और पार्टी संगठन को और भी मजबूत बनाने पर जोर दिया गया, साथ ही महिला सशक्तिकरण और सर्वसमावेशी संगठन की दिशा में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। वहीं उपस्थित सह मंडल चुनाव प्रभारी धीरेंद्र दुबे ने कहा कि कहा कि भाजपा संगठन में सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व महत्वपूर्ण है और हम इसे सर्वसमावेशी बनाने का प्रयास करेंगे उन्होंने प्रत्येक बूथ समिति में महिलाओं और अनुसूचित जाति/जनजाति के प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने की बात कही। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला मंत्री सोमेश सिंह मंडल के उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, राजेश सिंह, मनोज मेहता, महामंत्री मनीष पांडेय,मंडल संयोजक दिनेश प्रजापति, रिंकु पासवान, दीनानाथ माझी, नजरुल अंसारी, गिरिवर मांझी सहित ढेर सारे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पिपरा में छात्रा के साथ हुआ है दुष्कर्म की खबर फैला आग की तरह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत दलपतपुर स्थित झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय की छात्रा के साथ दुष्कर्म होने की खबर पूरे प्रखंड क्षेत्र में आग की तरह फैल गई. पीड़िता की चाची ने पिपरा थाना में आवेदन दिया है जिसमें जिक्र किया गया है कि नशीला पदार्थ खिलाकर आरोपी के द्वारा बालिका के साथ गलत किया गया है. आवेदन मिलने के बाद प्रभारी पिपरा थाना प्रभारी नकुल शर्मा ने आरोपी के गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान तेज कर दिया है. साथ ही कहा की बालिका का मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद और भी स्थिति स्पष्ट हो जाएगी. दिन शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ो अभिभावक जिनकी बच्चिया बालिका विद्यालय में पढ़ती हैं सभी ने काफी हो हंगामा मचाया विद्यालय के गेट पर जिसकी सूचना प्राप्त होने के बाद पिपरा प्रखंड विकास पदाधिकारी विनय कुमार एवं पिपरा थाना के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत कराया. शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि जांच चल रही है बहुत जल्द स्थिति स्पष्ट हो जाएगी आरोपियों को बक्सा नहीं जाएगा. वहीं प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव ने कहा कि बच्चिया सुरक्षित नहीं है होमगार्ड या पुलिसकर्मियों की तैनाती बालिका विद्यालय पर किया जाए. प्रबंधन समिति का पुनः चुनाव कराया जाए. वही दलपतपुर मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र यादव ने कहा कि निष्पक्ष जांच कराया जाए जिससे स्थिति स्पष्ट हो पाए. बालिका विद्यालय की वार्डन चंदा कुमारी ने कहा कि पूर्व वार्डन के द्वारा मेरी छवि खराब करने के लिए साजिश रचा जा रहा है इसके पूर्व भी मुझको परेशान करने की कोशिश किया गया है. साथ ही कहा की बालिका के द्वारा लिखित आवेदन मुझे दिया गया था जिसमें जिक्र था कि मुझे पीडीएस का अंगूठा लगाने घर जाना है जीसके बाद हमारे तरफ से उसे अनुमति दिया गया. गेट गार्ड को देखना चाहिए था कि बालिका किसके साथ जा रही है. मैं उच्च पदाधिकारीयों से निष्पक्ष जांच की मांग करती हूं. जांच में गलत पाए जाने के बाद मेरे ऊपर निसंकोच कारवाई किया जाए. मौके पर उपस्थित समाजसेवी शिक्षक उदय राम ने पदाधिकारी से जल्द से जल्द आरोपी की गिरफ्तार करने का मांग किया है. धरना स्थल पर अर्जुन यादव हरि यादव रवि रोशन प्रभु यादव निरंजन सिंह चितरंजन दास अंशु कुमार विजय भुईया विजय यादव अवधेश राम सहित सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 12, अंक 45

# प्रभात मंत्र

शनिवार
15.02.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

कलम तभी साफ और अच्छा लिख पाती है, जब वह झुक कर चलती है यही हाल जिंदगी में इंसान का होता है!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों का ऐतिहासिक समापन, पदकों की झड़ी से बढ़ा गौरव

**देहरादून :** उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल सफलतापूर्वक संपन्न हो गए। इस आयोजन ने व्यवस्थाओं, कार्यक्रमों और खेल अधोसंरचना के मामले में एक नई मिसाल कायम की। इस बार के राष्ट्रीय खेल पर्यावरण हितैषी कदमों, खिलाड़ियों की सुविधाओं और स्वास्थ्य सेवाओं के कारण खास चर्चा में रहे।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस आयोजन के बाद उत्तराखंड खेल के क्षेत्र में और मजबूत होकर उभरा है। राज्य की पदक तालिका में जबरदस्त सुधार हुआ है। पहले जहां पदकों की संख्या 10 से 19 के बीच रहती थी, वहीं इस बार उत्तराखंड ने 103 पदक जीतकर इतिहास रच दिया। इनमें 24 स्वर्ण पदक शामिल हैं। राज्य ने पदक तालिका में सातवां स्थान प्राप्त कर पश्चिम बंगाल, पंजाब, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, आंध्र प्रदेश और जम्मू-कश्मीर जैसे बड़े राज्यों को पीछे छोड़ दिया।

### वृक्ष रेखा का खिसकना हिमालय में जलवायु परिवर्तन का कारण: प्रो. नौटियाल

**अयोध्या :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में चल रहे 48वें कुलपति सम्मेलन का शुक्रवार को समापन हो गया। इस मौके पर विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों व मुख्य वक्ताओं ने एग्री टूरिज्म को विकसित करने व देशव्यापी स्तर पर कृषि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विस्तार से चर्चा की। सम्मेलन के समापन के अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता नवसारी कृषि विश्वविद्यालय गुजरात के कुलपति डा. जेड.पी. पटेल ने की। कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि भारतवर्ष में एग्री टूरिज्म को विकसित करने के लिए पॉलिसी बनाए जाने की जरूरत है। उन्होंने हाइलेवल कमेटी के गठन का सुझाव दिया जो एग्री टूरिज्म के लिए पॉलिसी गाइड लाइन का ड्राफ्ट तैयार कर सके।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 7.65 अरब डॉलर बढ़कर 638.26 अरब डॉलर

**मुंबई :** देश का विदेशी मुद्रा भंडार सात फरवरी को समाप्त हफ्ते में 7.65 अरब डॉलर बढ़कर 638.26 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इससे पिछले हफ्ते 31 जनवरी को विदेशी मुद्रा भंडार 1.05 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़कर 630.607 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया था।रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि 07 फरवरी को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 6.42 अरब डॉलर बढ़कर 544.11 अरब डॉलर हो गईं। स्वर्ण भंडार का आरक्षित मूल्य 1.31 अरब डॉलर बढ़कर 72.21 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.1 करोड डॉलर बढ़कर 17.88 अरब डॉलर रहा है। आंकड़ों के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास भारत का आरक्षित भंडार 7.1 करोड़ डॉलर घटकर 4.07 अरब डॉलर रह गया।

### सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत सीमा सुरक्षा बल द्वारा नशा मुक्ति अभियान का हुआ आयोजन

**सांबा :** सांबा जिला के सीमांत क्षेत्र राजपुरा में शुक्रवार को सीमा सुरक्षा बल की 82वीं वाहिनी द्वारा बीओपी मंगूचक के सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजपुरा में सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सीमा सुरक्ष बल की 82वीं वाहिनी के कमांडेंट ब्रजेश कुमार यादव ने की जिसमें एनसीबी जम्मू के सहायक निदेशक हरीश कुमार, सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजपुरा की उप-प्रधानाचार्य डॉ. सोनिया चौधरी, शिक्षकों और 125 से अधिक छात्रों की विशिष्ट उपस्थिति थी। सीमावर्ती गांवों के सैकड़ों नागरिकों ने भी नशे के खिलाफ इस सामाजिक अभियान में भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों और आम जनता को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना था।

### मेघालय में बीएसएफ ने 14 बांग्लादेशी घुसपैठियों, 3 भारतीय बिचौलियों को पकड़ा

**शिलांग :** बीएसएफ मेघालय ने एक संयुक्त अभियान में अन्य एजेंसियों के साथ कार्रवाई करते हुए भारत-बांग्लादेश सीमा के पास तुरा में आठ बांग्लादेशी नागरिकों और एक भारतीय बिचौलिए को पकड़ा। बीएसएफ ने शुक्रवार को बताया कि ये लोग अवैध रूप से भारत से बांग्लादेश में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे।एक अन्य अभियान में, 4वीं बटालियन बीएसएफ मेघालय के सतर्क जवानों ने ईस्ट खासी हिल्स जिले में एक मारुति जेन वाहन को रोका और 06 बांग्लादेशी नागरिकों के साथ 02 भारतीय बिचौलियों (ड्राइवर और उसके बेटे) को गिरफ्तार किया।

### रांची का तापमान

अधिकतम 24°
न्युनतम 13°

वाशिंगटन में पीएम मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साझा प्रेसवार्ता में की अहम घोषणा

# सीमा-पार आतंकवाद से निपटने के लिए एकजुटता जरूरी

**दोनों नेताओं की इस प्रतिक्रिया पर पाकिस्तान बौखला गया है, पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह भी कहा कि भारत-अमेरिका संयुक्त बयान में पाकिस्तान का उल्लेख एकतरफा, भ्रामक और कूटनीतिक मानदंडों के विपरीत है।**

एजेंसी


**वाशिंगटन :** पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के साझा प्रेसवार्ता में सीमा-पार आतंकवाद को लेकर भी बड़ी घोषणा की गई है। पीएम मोदी और ट्रंप ने कहा,भारत और अमेरिका पहले से कहीं ज्यादा मजबूती से एक साथ काम करेंगे। ताकि कट्टरपंथी इस्लामी आतंकवाद से निपटा जा सके। इस दौरान पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप ने अपने संयुक्त बयान में पाकिस्तान से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि उसकी भूमि का इस्तेमाल सीमा पार आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए न किया जाए। दोनों नेताओं की इस प्रतिक्रिया पर पाकिस्तान बौखला गया है, पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह भी कहा कि भारत-अमेरिका संयुक्त बयान में पाकिस्तान का उल्लेख एकतरफा, भ्रामक और कूटनीतिक मानदंडों के विपरीत है। मामले में पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने कहा कि पाकिस्तान अपने बलिदानों को स्वीकार किए बिना इस तरह की टिप्पणियों को शामिल करने से हैरान है।

### तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित करने की मंजूरी

भारत ने एक बड़ी कूटनीतिक जीत हासिल की, जब ट्रंप ने 26-11 के आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को न्याय का सामना करने के लिए प्रत्यर्पित करने पर सहमति व्यक्त की, जो भारत की लंबे समय से मांग रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की तरफ से पीएम मोदी की मौजूदगी में इस निर्णय की घोषणा की थी। ट्रंप ने कहा, मेरे प्रशासन ने दुनिया के सबसे बुरे लोगों में से एक तहव्वुर राणा को भारत में न्याय का सामना करने के लिए प्रत्यर्पित करने को मंजूरी दे दी है।

### भारत का हित सबसे ऊपर

पीएम मोदी ने कहा, मेरा दृढ़ विश्वास है कि आपके दूसरे कार्यकाल में हम और अधिक तेजी से काम करेंगे। प्रधानमंत्री ने इस बात भी उल्लेख किया कि जैसे ट्रंप, अमेरिका के राष्ट्रीय हित को सबसे ऊपर रखते हैं। वैसे ही, मैं भी भारत के राष्ट्रीय हित को शीर्ष पर रखूंगा। उन्होंने कहा,राष्ट्रपति ट्रंप हमेशा अमेरिका के राष्ट्रीय हित को सर्वोच्च रखते हैं और उनकी तरह मैं भी भारत के राष्ट्रीय हित को हर चीज से ऊपर रखता हूं।



### पीएम मोदी ने ट्रंप को दिया धन्यवाद

पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक राणा को लॉस एंजिल्स में एक हिरासत केंद्र में रखा गया है। वहीं राणा के प्रत्यर्पण के लिए ट्रंप को धन्यवाद देते हुए, पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि सीमा पार आतंकवाद को खत्म करने के लिए एकजुट कार्रवाई आवश्यक है। दोनों नेताओं के संयुक्त बयान में अल-कायदा, इस्लामिक स्टेट, जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी समूहों को सबसे बड़ा खतरा बताया गया। बता दें कि, राष्ट्रपति ट्रंप ने पहले ही झटका देते हुए पाकिस्तान में परियोजनाओं के लिए 845 मिलियन अमेरिकी डॉलर की फंडिंग पहले ही निलंबित कर दी है।

### मेगा साझेदारी लक्ष्यों को नया आकार और दायरा प्रदान करती है

पीएम मोदी ने इस मौके पर कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के आदर्श वाक्य,मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' (अमेरिका को फिर से महान बनाएं) यानी मागा से सब परिचित हैं। भारत के लोग भी विरासत और विकास की राह पर 'विकसित भारत 2047' के संकल्प के साथ तेज गति से विकास की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, अगर मैं अमेरिका की भाषा में कहूं तो विकसित भारत का मतलब 'मेक इंडिया ग्रेट अगेन' (भारत को फिर से महान बनाएं) यानी मिगा है। जब संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत एक साथ काम करते हैं, यानी मागा और मीगा मिलकर समृद्धि के लिए मैगा साझेदारी बनती है तथा यह मेगा भावना हमारे लक्ष्यों को नया आकार और दायरा प्रदान करती है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रांची पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

### बीआईटी मेसरा में होने वाले समारोह में आज शिरकत करेंगी राष्ट्रपति



**राष्ट्रपति के राजभवन पहुंचते ही राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उनका स्वागत किया. मौके पर मौजूद राजभवन के पूर्व कर्मचारियों ने भी राष्ट्रपति का स्वागत गर्मजोशी से किया.**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने दो दिवसीय झारखंड दौरे पर रांची पहुंच चुकी हैं. रांची एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तक पहुंचाने के दौरान पूरे रूट लाइन में रांची पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर रखा था.एयरपोर्ट से राजभवन निकलने से पहले ही रूट लाइन में तैनात सुरक्षाकर्मी अलर्ट मोड में थे, करीब 20 से 22 मिनट के भीतर ही राष्टपति का काफिला कड़ी सुरक्षा के बीच राज भवन पहुंच गया. राष्टपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार की रात राजभवन में ही विश्राम करेंगी. उसके बाद शनिवार को वह बीआईटी मेसरा में होने वाले समारोह में शिरकत करेंगी. जैसे ही राजभवन के अंदर राष्टपति का काफिला पहुंचा, वैसे ही पूरा राजवभवन अलर्ट पर आ गया. राष्टपति के राजभवन पहुंचते ही राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उनका स्वागत किया. मौके पर मौजूद राजभवन के पूर्व कर्मचारियों ने भी राष्टपति का स्वागत गर्मजोशी से किया. राजभवन में राष्टपति का स्वागत करने के लिए राज्यपाल के अलावा कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की समेत राज्य के कई अधिकारी मौजूद थे.राष्टपति द्रौपदी मुर्मू 15 फरवरी को रांची के बीआईटी मेसरा के जीपी बिरला ऑडिटोरियम में संस्थान के प्लेटिनम जुबली समारोह में शिरकत करने वाली हैं. बीआईटी मेसरा में राष्टपति के कार्यक्रम को देखते हुए हर तरह की तैयारी को मुकम्मल किया जा रहा है. इधर रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने 15 फरवरी को आयोजित राष्टपति के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सम्बंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।राष्टपति द्रौपदी मुर्मु के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। सभी को सुरक्षा जाँच होने के उपरांत ही ऑडिटोरियम में प्रवेश की अनुमति होगी। उपायुक्त ने सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को सभी मानकों का सुनिश्चित रूप से पालन करने का निर्देश दिया।

# नए मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन के लिए 17 को बैठक




एजेंसी

**नई दिल्ली :** कानून मंत्रालय की ओर से नये मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन के लिए 17 फरवरी 2025 को तीन सदस्यीय कमेटी की बैठक बुलाई गई है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी चयन कमेटी की बैठक में शामिल होंगे. मौजूदा सीईसी राजीव कुमार का कार्यकाल 18 फरवरी को खत्म हो रहा है.

मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 के प्रावधानों को पहली बार सीईसी की नियुक्ति के लिए लागू किया जा रहा है. राजीव कुमार को मई 2022 में मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया था. उनके नेतृत्व में चुनाव आयोग ने 2024 में लोकसभा चुनाव को सफलतापूर्वक कराया. इसके अलावा जम्मू-कश्मीर में एक दशक से अधिक समय बाद शांतिपूर्ण तरीके से विधानसभा चुनाव भी उनके नेतृत्व में हुए. लोकसभा चुनाव के बाद इस साल महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड और दिल्ली में विधानसभा चुनाव कराए गए. साल 2023 में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की देखरेख में कर्नाटक, तेलंगाना, मध्य प्रदेश और राजस्थान में चुनाव कराए गए थे. जनवरी 2025 में दिल्ली चुनाव की तारीखों की घोषणा करते हुए राजीव कुमार ने अपने रिटायरमेंट प्लान के बारे में बताया था.

# ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की खपत बढ़ाएगा भारत : हरदीप

**पुरी ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि तीन वर्षों की अल्पावधि में ही भारत ऊर्जा सप्ताह ने स्वयं को विश्व के दूसरे सबसे बड़े ऊर्जा मंच के रूप में स्थापित कर लिया है।**



एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत का लक्ष्य अपने ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की वर्तमान खपत को करीब 6 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी करना है। उन्होंने तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) आपूर्ति के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ संबंधों के रणनीतिक महत्व पर जोर दिया।


केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी शुक्रवार को भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत ने वैश्विक ऊर्जा नेता के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की। उन्होंने इस आयोजन की अभूतपूर्व सफलता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसमें प्रतिभागियों और प्रदर्शकों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई, जहां तकनीकी शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए हैं।

मंत्री ने बताया कि इस आयोजन ने पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, हरित ऊर्जा, जैव ईंधन और सीबीजी सहित विभिन्न क्षेत्रों को शामिल करके उल्लेखनीय रूप से अपेक्षाओं से अधिक अभिनव विकास को दर्शाया है। पुरी ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि तीन वर्षों की अल्पावधि में ही भारत ऊर्जा सप्ताह ने स्वयं को विश्व के दूसरे सबसे बड़े ऊर्जा मंच के रूप में स्थापित कर लिया है। उन्होंने कहा कि इसका चौथा संस्करण गोवा में आयोजित किया जाएगा।

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा आज से

एजेंसी

**नई दिल्ली :** सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं शनिवार 15 फरवरी से शुरू होगा। राजधानी दिल्ली में भी लाखों की संख्या में छात्र बोर्ड परीक्षा में शामिल होने जा रहे हैं। छात्रों की बड़ी संख्या और परीक्षा की अहमियत को देखते हुए दिल्ली मेट्रो ने छात्रों के लिए बड़े ऐलान किए हैं। दिल्ली मेट्रो ने परीक्षा में बैठने वाले छात्रों के लिए सुचारू और परेशानी मुक्त यात्रा सुनिश्चित करने के लिए उपायों की एक श्रृंखला शुरू की है। डीएमआरसी ने ट्वीट कर के कहा, 15 फरवरी से 4 अप्रैल, 2025 तक दसवीं और बारहवीं कक्षा के लिए सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा 2025 शुरू हो रही है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों के लिए सुचारू और परेशानी मुक्त यात्रा सुनिश्चित करने के लिए उपायों की एक श्रृंखला शुरू की है। सीबीएसई का एडमिट कार्ड ले जाने वाले छात्रों को मेट्रो स्टेशनों पर सुरक्षा जांच के दौरान प्राथमिकता दी जाएगी। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा को लेकर 3.30 लाख छात्र और हजारों स्कूल कर्मचारी शहर भर में यात्रा करेंगे। इस कारण डीएमआरसी, सीआईएसएफ के साथ मिलकर परीक्षा के दिनों में बढ़ती भीड़ को संभालने के लिए मेट्रो स्टेशनों पर विशेष सुविधा उपाय लागू करने जा रही है।



# सेना की फायरिंग रेंज में विस्फोट, एक युवक की मौत

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के दतिया में सेना की फायरिंग रेंज में विस्फोट के कारण एक नाबालिग युवक की मौत हो गई। इसके साथ ही दो अन्य लोगों के घायल होने की भी खबर सामने आई है।अधिकारियों ने बताया है कि स्थिति का आकलन करने के लिए स्थानीय अधिकारी और सेना के जवान घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। इसके साथ ही आगे के सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को दतिया जिले में सेना की फायरिंग रेंज में गोला-बारूद के एक टुकड़े में विस्फोट हो गया। पुलिस ने बताया है कि इस हादसे में एक 17 साल के नाबालिग युवक की मौत हो गई है। वहीं, दो अन्य नागरिक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। अधिकारी के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पीड़ितों में से एक ने जमीन पर पड़ा एक बिना फटा गोला-बारूद का टुकड़ा उठाया था। इसी दौरान वह फट गया।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार शिवहरे ने इस घटना को लेकर जानकारी साझा की है। उन्होंने बताया है कि यह घटना सुबह करीब नौ बजे जैतपुर गांव के पास हुई है।

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## संक्षिप्त खबरें

### मुस्लिम छात्राओं के साथ किये गये दुर्व्यवहार की आयोग ने किया कड़े शब्दों में निंदा

**रांची।** राज्य अल्पसंख्यक आयोग झारखंड सरकार के सदस्य वारिस कुरैशी ने 13 फरवरी 2025 के इंटर के परीक्षा के दौरान कॉलेज के सुपरीटेंडेंट के द्वारा मुस्लिम छात्राओं के साथ किए गए दुर्व्यवहार की कड़े शब्दों में निदा की है।इस संबंध में वारिस ने गिरिडीह जिला के डी.ई.ओ से दूरभाष पर बात की और सारी जानकारी दी और जांच कर जल्द से जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया। डी.इस.ई ने भरोसा दिलाया कि जल्द से जल्द जांच कर कार्रवाई किया जायेगा। ज्ञात हो जगदीश प्रसाद कुशवाहा कॉलेज ऑफ़ कॉम्पिटेंट भंडारी जिला गिरिडीह में इंटर के परीक्षा के दौरान उसी कॉलेज के सुपरिंटेंडेंट के द्वारा मुस्लिम छात्राओं को पहचान के दौरान उसके हिजाब को उतरवा दिया गया, इतना ही नहीं हिजाब और नकाब को उतरवा कर बाहर फेंकवा दिया गया था।

### पूर्व विधायक लंबोदर महतो की बिगड़ी तबीयत

**रांची।** आजसू पार्टी के संस्थापक सदस्य और गोमिया से पूर्व विधायक लंबोदर महतो की तबीयत बिगड़ गई है। स्वास्थ्य में गिरावट के बाद लंबोदर महतो को चेन्नई के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। लंबोदर महतो आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव है। 2024 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान गोमिया की सीट पर जेएमएम उम्मीवार और मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने उन्हे मात दी थी। उनके अस्वस्थ्य होने की सूचना मिलने के बाद आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो समेत कई आजसू नेताओं ने उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और जल्द स्वस्थ्य होने की कामनी की।

# गौ तस्करी और और पुलिस की मिलीभगत की जांच हो: आजमानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** विशेष सपंर्क प्रमुख, विश्व हिंदू परिषद, झारखंड के प्रिंस आजमानी ने राज्यपाल संतोष गंगवार से राजभवन में मुलाकात की और झारखंड गो सेवा आयोग अधिनियम, 2005 के क्रियान्वयन और इससे संबंधित कुछ गंभीर समस्याओं के समाधान के लिए अपनी शिकायत पत्र दी। प्रिंस आजमानी ने राज्यपाल को बताया कि झारखंड गो सेवा आयोग अधिनियम, 2005 का उद्देश्य राज्य में गो सरक्षण और कल्याण को सुनिश्चित करना था। हालांकि, यह अधिनियम झारखंड के अधिकतर जिलों में प्रभावी रूप से लागू नहीं हो रहा है। इसके परिणामस्वरूप, न केवल गो तस्करी और प्रतिबंधित मांस के अवैध व्यापार में वृद्धि हुई है, बल्कि ऐसे मामलों में कई निर्दोष लोगों पर झूठे आरोप लगाए गए हैं और जेल में बंद न्याय की अपेक्षा में टकटकी लगाये अन्यथा सजा काट रहे हैं। विशेष रूप से, यह देखा गया है कि कई बेकसूर लोग, जो गौ तस्करी और प्रतिबंधित मांस के खिलाफ कार्यवाही में पुलिस की सहायता कर रहे थे और करते हैं, उनके विरुद्ध ही झूठे मामले दर्ज किए गए और किए जाते हैं। यह स्थिति स्थानीय तस्करों और कुछ पुलिस अधिकारियों की मिलीभगत का नतीजा प्रतीत होता है। इसके कारण न्याय का हनन हो रहा है और अधिनियम के वास्तविक उद्देश्य की अवहेलना हो रही है। झारखंड गो सेवा आयोग को यह निर्देश दिया जाए कि वे ऐसे मामलों की समीक्षा करें, जिनमें गौ तस्करी और प्रतिबंधित मांस को रोकने की कोशिश करने वाले निर्दोष लोग जेल में बंद हैं। इन मामलों में त्वरित जांच कर निर्दोषों को तुरंत रिहा किया जाए। जो लोग गौ तस्करी और प्रतिबंधित मांस के व्यापार में संलिप्त हैं, उनके खिलाफ उपरोक्त अधिनियम के प्रावधानों के तहत त्वरित और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। संबंधित मामलों में स्थानीय पुलिस की भूमिका की निष्पक्ष जाच हो और दोषी पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध भी कठोर कदम उठाए जाएं। आपसे निवेदन है कि इन मुद्दों पर गंभीरता से ध्यान देकर राज्य में न्याय और कानून का पालन सुनिश्चित करने के लिए उचित कार्रवाई करें।

# महिला ने थानेदार के खिलाफ सीएम और डीजीपी, आईजी से लगाई गुहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची ।** 12 फरवरी 2025 को रातू थाना क्षेत्र के कंठीटांड चौक के पास कोयला लदा एक ट्रक जेएच 02 यू 4162 और नीजी कार आपस में टक्करा गयी। इसके बाद कार मे बैठे परिवार और ट्रक चालक के बीच में बहस हो गई और मामला थाना पहुंच गया। महिला जयंती देवी पति हरेंद्र कुमार सिंह जो खलारी थाना क्षेत्र के डकरा के रहने वाली है इन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पुलिस महानिदेशक झारखंड, आईजी रांची जोन को लिखित आवेदन दिया है जिसमें उन्होंने कहा है कि वह अपने परिवार पति और बेटी के साथ रांची विमेंस कॉलेज के लिए आ रही थी इसी बीच रातू थाना के कंठीटांड के पास कोयला लदा ट्रक उसके निजी वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। इसके बाद ये लोग घबराकर जब गाड़ी से उतरे तो ट्रक चालक इन पर गुस्सा होने लगे, इसी बीच वहां पुलिस आ गई और सभी को थाना ले आई । महिला जयंती देवी ने आरोप लगाया कि थाना प्रभारी और वहां अन्य पुलिसकर्मी बेटी के साथ दुर्व्यवहार किया इसके पति के साथ मारपीट की। वहीं इस संबंध में थाना प्रभारी राम नारायण सिंह ने बताया की रातू के कांठीटाड़ के पास घटना घटी थी। मुझे फोन आया मैं पुलिस वहां पर भेजा तो वे लोग पुलिस से ही उलझ गई और सड़क जाम हो गया । थाना प्रभारी ने बताया कि कार चालक ट्रक के बांये तरफ से आगे आ गई और ट्रक से सट गया, इसी बात को लेकर दोनों पक्ष उलझ गये। किसी तरह दोनों पक्षों को थाना लाया गया और बोला गया जो भी बात है उसे लिख कर दे। महिला ने उस वक्त ट्रक चालक के खिलाफ लिखकर कुछ नहीं दी । महिला पुलिस कांस्टेबल के साथ भी दुर्व्यवहार की, मैंने बहुत समझाने का प्रयास किया तीन-चार घंटा उसे बैठाया ताकि वे शांत हो जाए और अपनी बात रख सके, लेकिन वे ऐसा नहीं की और फिर ट्रक चालक अपना ने लिखित शिकायत दिया और इस पर केस किया गया है।वहीं हरेंद्र सिंह ने कहा कि ट्रक चालक कब आवेदन दिया ये हमलोग क् पता नहीं है, ट्रक चालक को पहले ही छोड़ दिया गया था।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की जयंती पर भाजपा कार्यालय में दिया गया श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की जयंती पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित किया गया.प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने सुषमा स्वराज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको याद करते हुए कहा की सुषमा स्वराज जी का नाम सामने आते ही एक सादगी और सौम्यता की प्रतिमूर्ति उभर आती है। सुषमा बड़ी आसानी से अपने वाक-चातुर्य के बल पर विरोधियों को परास्त करने के लिए जानी जाती थीं। अपनी क्षमता और मेधा के आधार पर नारीशक्ति किस प्रकार राजनीति में अपना लोहा मनवा सकती है, इसका एक सफल उदाहरण सुषमा स्वराज जी हैं।श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो में विकास प्रीतम, हेमंत दास,अशोक बड़ाईक, पंकज सिन्हा, मनोज दूबे, सीमा सिंह ,बबीता वर्मा, संजय जायसवाल, योगेंद्र लाल, सहित कई उपस्थित थे.

# राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर बीआईटी का डीसी ने किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रपति भारत, द्रौपदी मुर्मु के 15 फरवरी 2025 को बीआईटी मेसरा के जी.पी. बिरला ऑडिटोरियम में Platinum Jubilee Year Celebration (2024-2025) कार्यक्रम को लेकर, कार्यक्रम स्थल पर पुलिस पदाधिकारियों एवं जिला के वरीय पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक करते हुए उन्हें कार्यक्रम को लेकर कई अहम दिशा-निर्देश दिए गए।उपायुक्त द्वारा कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सम्बंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक



दिशा-निर्देश दिया। राष्ट्रपति भारत, द्रौपदी मुर्मु के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे, सभी को सुरक्षा जाँच होने के उपरांत ही ऑडिटोरियम में प्रवेश की अनुमति होगी। उपायुक्त ने सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को सभी मानकों का सुनिश्चित रूप से पालन करने के निर्देश दिए गए।इस बैठक में जिला के सभी वरीय पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारी एवं सम्बंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# विधायक ने नाली निर्माण का किया शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा ने शुक्रवार को रांची शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 1और 2 में विधायक मद से तीन नाली और दो पथ निर्माण का शिलान्यास किया । मौके पर विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि बस्ती वालो ने बताया कि आज पहली बार कोई जनप्रतिनिधि इस मुहल्ले में आए हैं हमलोग हर जगह रोड नाली के लिए दौड़ लगाए पर कभी काम नहीं हुआ आज आपने विकास का पहला ईट रख दिया है। विधायक ने कहा की एक सच्चा जनप्रतिनिधि किसी के साथ भेदभाव नहीं करता और अब कांके की जनता 35 वर्षों से बीजेपी की भेदभाव की सोच से बाहर निकली है। कांके विधानसभा में विकास होगा ,बिना भेदभाव किए बिना वोटरों को पहचाने एक जनप्रतिनिधि किसी एक के लिए नहीं बल्कि क्षेत्र के सभी के लिए होता है और क्षेत्र के सभी जगह का विकास किया जाएगा। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष अनिल उरांव, वार्ड अध्यक्ष राजेश मुंडा ,शमशेर आलम ,नसीम अंसारी ,तबरेज अंसारी , फहीम खान, जकाउल्लाह ,अंजर अहमद, नौशाद खान ,सरफुल अंसारी, नईमुल्लाह अंसारी, गौरीशंकर मुंडा ,मनीष आदि उपस्थित थे।

## झारखंड आंदोलनकारी महासभा का बापू वाटिका के समक्ष उपवास कार्यक्रम 20 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी आंदोलनकारियों को समान रूप से मान-सम्मान, नियोजन पेंशन सहित 11 सूत्री मांगों के समर्थन में झारखंड आंदोलनकारी महासभा केन्द्रीय कमिटी के तत्वावधान में आगामी 20 फरवरी गुरुवार को रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष सामूहिक उपवास कार्यक्रम किया जाएगा। जिसकी प्रशासनिक अनुमति सहित सारी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। उक्त बातें झारखंड आंदोलनकारी महासभा केन्द्रीय कमिटी के अध्यक्ष राजू महतो, प्रधान महासचिव कयूम खान, महासचिव डॉ लाल अजय नाथ शाहदेव, वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर, उपाध्यक्ष किशोर किस्कू ने संयुक्त बयान जारी कर दी है। नेताओं ने कहा है कि आगामी 20 फरवरी को बापू वाटिका के समक्ष सामूहिक उपवास कार्यक्रम के अलावे झारखंड आंदोलनकारी महासभा का इस महीने में केन्द्रीय स्तर पर कोई अन्य कार्यक्रम नहीं है।आंदोलनकारियों के एकता को तोड़ने वाले कुछ एजेन्ट झारखंड आंदोलनकारी के नाम पर उलूल-जुलूल निर्णय थोप कर बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे सावधान रहने और उन्हें सबक सीखने की आवश्यकता है। नेताओं ने कहा कि आंदोलनकारी अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर वर्षो से आंदोलनरत हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कई बार मांग पत्र दिए गए, सर्वदलीय बैठक बुलाकर आंदोलनकारियों की समस्याओं का समाधान का अनुरोध किया गया, लेकिन आंदोलनकारियों के मांगों पर सकारात्मक पहल अब तक नहीं की गई है।आंदोलनकारियों की धैर्य समाप्त हो चुकी है। अब झारखंड सरकार के खिलाफ आर-पार की लड़ाई होगी। 20 फरवरी गुरुवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे से बापू वाटिका स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात एक दिवसीय सामूहिक उपवास की जाएगी। नेताओं ने कहा है कि इस उपवास कार्यक्रम में रांची, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, लातेहार, धनबाद, बोकारो, चाईबासा, जमशेदपुर, हजारीबाग, रामगढ़, चतरा, पलामू, सहित सभी 24 जिलों से हजारों की तादाद में लोग भाग लेंगे।

# इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स द्वारा जीवन एवं विरासत पर संगोष्ठी का आयोजन आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स, झारखंड, ने न्यायमूर्ति एम. वाई. इकबाल (पूर्व न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय) के जीवन एवं विरासत÷ को समर्पित एक विशेष संगोष्ठी के आयोजन की घोषणा की है। यह संगोष्ठी न केवल उनके न्यायिक योगदान को सम्मानित करने का अवसर होगी, बल्कि संवैधानिक मूल्यों और निष्पक्ष न्याय प्रणाली पर गहन विचार-विमर्श का भी मंच प्रदान करेगी।यह आयोजन शनिवार, 15 फरवरी 2025 को सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची में सुबह 10:30 बजे से प्रारंभ होगा।इस गरिमामय अवसर पर न्यायमूर्ति संदीप मेहता, (न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त, न्यायमूर्ति एम. एस. रामचंद्र राव, (मुख्य न्यायाधीश, झारखंड उच्च न्यायालय) और झारखंड उच्च न्यायालय के अन्य माननीय न्यायाधीशगण विशिष्ट अतिथि के रूप में संगोष्ठी की शोभा बढ़ाएंगे। इस संगोष्ठी का मुख्य विषय होगाः परिवर्तनकारी संवैधानिकता और निष्पक्ष न्याय का अधिकार इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स, झारखंड के महासचिव ए. के. राशिदी ने बताया कि यह कार्यक्रम न्यायिक प्रणाली में संवैधानिक सिद्धांतों की भूमिका और निष्पक्ष न्याय प्रणाली को सुनिश्चित करने के उपायों पर केंद्रित होगा। इस अवसर पर अधिवक्ताओं, न्यायविदों, शोधार्थियों और विधि छात्रों को संवैधानिक सिद्धांतों पर विस्तृत चर्चा करने का अवसर मिलेगा।

# अंजुमन तरक्की उर्दू की पहली राज्य स्तरीय कांफ्रेंस 16 फरवरी को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** 16 फरवरी को पुरानी विधान सभा के विधायक क्लब हॉल में आयोजित अंजुमन तरक्की उर्दू, झारखंड की प्रथम राज्य स्तरीय कांफ्रेंस को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया. इस प्रेस वार्ता को एम जेड खान,संयोजक,सहित स्वागत समिति के अध्यक्ष डॉक्टर फिरोज अहमद, डॉक्टर यासीन अंसारी, गुफरान अशरफी, डॉक्टर जमशेद कमर,डॉक्टर रेहाना मो अली, यास्मीन लाल,अपराजिता मिश्रा आदि ने संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड के 25 साल के इतिहास में अंजुमन तरक्की उर्दू की पहली राज्य स्तरीय कांफ्रेंस होने जा रही है जिसमें झारखंड के 24 जिलों में से 22 जिलों के 140 निर्वाचित प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं और ये प्रतिनिधि नई राज्य कमेटी का गठन करेंगे. कांफ्रेंस दो सत्र में कराई जाएगी. पहला सत्र प्रतिनिधियों का होगा जिसमें उर्दू से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की जाएगी एवं खुले सत्र में झारखंड में उर्दू की वर्तमान स्थिति एवं चुनौतियां पर केंद्रित सेमिनार का आयोजन होगा. सत्र 10 बजे से शुरू होगा और 5 बजे समाप्त हो जाएगा।

**कांफ्रेंस दो सत्र में कराई जाएगी. पहला सत्र प्रतिनिधियों का होगा जिसमें उर्दू से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की जाएगी एवं खुले सत्र में झारखंड में उर्दू की वर्तमान स्थिति एवं चुनौतियां पर केंद्रित सेमिनार का आयोजन होगा.**

## विश्व कैंसर दिवस पर पारस हॉस्पिटल नि:शुल्क कैंसर जांच मेगा कैंप का आयोजन 16 से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** विश्व कैंसर दिवस पर पारस हॉस्पिटल, एचइसी में निऱ्शुल्क कैंसर जांच मेगा कैंप का आयोजन 16 एवं 23 फरवरी को किया जा रहा है। कैंप सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक लगेगा। कैंप में कैंसर विशेषज्ञों से निऱ्शुल्क परामर्श मिलेगा। सामान्य स्वास्थ्य जांच जैसे ब्लड शुगर आदि की जांच भी निऱ्शुल्क होगा। स्वास्थ्य पैकेज पर भी विशेष छूट दिया जायेगा। इस कैंप में डॉक्टरों की अनुशंसा पर कैंसर जांच पर 50 प्रतिशत की छूट भी दी जायेगी। यह जानकारी पारस हॉस्पिटल एचईसी के डॉ गुंजेश कुमार सिंह, डॉ मदन प्रसाद गुप्ता, डॉ सुरेश मुथूस्वामी, जोनल हेड श्रीकांत सुबुद्धि और मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने शुक्रवार को पारस हॉस्पिटल में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि कैंसर का इलाज संभव है। इससे डरने नहीं बल्कि लड़ने की जरूरत है। कैंसर के इलाज के लिए अब एडवांस तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है, ताकि मरीज का इलाज जल्द से जल्द से हो। कैंसर की जांच अगर समय पर कर लिया जाएं, तो इलाज आसानी से होता है। इसलिए पारस हॉस्पिटल नि:शुल्क कैंसर जांच मेगा कैंप लगा रहा है।

पारस हॉस्पिटल के जोनल हेड श्रीकांत सुबुद्धि ने कहा कि पारस हॉस्पिटल में कैंसर के इलाज के




लिए अलग से कैंसर सेंटर बनाया गया है। यहां सभी प्रकार के कैंसर का इलाज किया जा रहा है। हॉस्पिटल में कंप्रिहेंसिव सेंटर भी खुल रहा है। अप्रैल माह में रेडिएशन ऑकोलॉजी भी खुलने जा रहा है। एक ही छत में नीचे कैंसर के सभी ट्रीटमेंट देने की सुविधा उपलब्ध है।

एडवांस मशीन भी लगाया गया है।पारस हॉस्पिटल एचईसी के मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने कहा कि विश्व कैंसर दिवस पर पारस हॉस्पिटल ऱ्शुल्क कैंसर जांच मेगा कैंप का आयोजन कर रहा है। इस सुनहरे अवसर को नहीं चुके। जल्द ही जांच करवाएं एवं विशेषज्ञ देखभाल का लाभ उठाएं। इसके अलावा कैंप में हॉस्पिटल में इलाज करवा रहे 200 से अधिक मरीजों को सम्मानित किया जाएगा। श्री लाभ ने कहा कि नि:शुल्क कैंसर जांच कार्यक्रम जरूरतमंद लोगों के लिए एक वरदान है। इसके माध्यम से समय रहते बीमारी का पता लगाया जा सकता है और सही इलाज संभव हो सकता है। इसलिए, अगर आप या आपका कोई परिचित जोखिम श्रेणी में आता है, तो जल्द से जल्द कैंसर जांच करवाएं और स्वस्थ जीवन अपनाएं। अधिक जानकारी के लिए मोाबइल नंबर 7282010101 पर संपर्क करें।

# रांची नगर निगम की कार्रवाई का असर, 25 हजार रुपए जुर्माना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम के राजस्व शाखा की टीम के द्वारा निगम क्षेत्रांतर्गत लगातार होल्डिंग व ट्रेड लाइसेंस की जांच करते हुए विभिन्न भवनों एवं प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में 10.02.2025 को निर्देशों का अवहेलना करने पर रोशपा टावर स्थित दो प्रतिष्ठानों (One stop service एवं POJ Furniture) को सील किया गया था। जिसके पश्चात् 14.02.2025 को POJ Furniture के द्वारा 25,000 रुपए जुर्माना के साथ-साथ नए ट्रेड लाइसेंस के लिए आवेदन दिया गया। जिसके उपरांत निगम की टीम के द्वारा प्रतिष्ठान पर किए गए सील को खोला गया। सभी सम्मानित नागरिक अपने भवन के घृतिकर का भुगतान ससमय करना। यदि रेजिडेंशियल होल्डिंग में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही है तो त्वरित री-असेसमेंट करवाते हुए कमर्शियल होल्डिंग लेना सुनिश्चित करें।सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान म्युनिसिपल



ट्रेड लाइसेंस लेना सुनिश्चित करें।अगर अपने भवन परिसर में किसी नई संरचना का निर्माण किया गया है, तो उसके क्षेत्रफल का पुनर्मूल्यांकन करवाना सुनिश्चित करें।

**यदि रेजिडेंशियल होल्डिंग में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही है तो त्वरित री-असेसमेंट करवाते हुए कमर्शियल होल्डिंग लेना सुनिश्चित करें।**

## रांची : झारखंड आंदोलनकारियों का मिलन समारोह 16 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारियों का मिलन समारोह 16 फरवरी 2025 को धुर्वा बस स्टैंड से आगे धुर्वा डैम किनारे शहीद बिशुन महतो स्थल पर आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में राज्य भर के 1000 से 15 00 के लगभग आंदोलनकारी गण भाग लेंगे।नहीं कमेटी का विस्तार किया जाएगा एवं कई आंदोलन कारी को सम्मानित भी किया जाएगा। डोरंडा झंडा चौक स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक व प्रधान सचिव पुष्कर महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा, संयोजिका सरोजनी कच्छप व संयोजक दिवाकर साहू ने उक्त बातें कही। संस्थापक व प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनने के बाद झारखंड आंदोलनकारियों व झारखंडियों की स्थिति हाशिए पर है ,संवैधानिक अधिकारों से वंचित हैं। झारखंड अलग राज्य के संवैधानिक मूल्य अधूरे हैं। - झारखंड व आंदोलनकारियों के अस्तित्व, अस्मिता, अलग पहचान के सवाल खतरें में हैं। इनमें हमारे अमर पुरोधाओं यथा मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा , लाल हरिहरनाथ शाहदेव ,लाल रणविजय नाथ शाहदेव,एन ई होरो, निर्मल महतो ,विनोद बिहारी महतो, ए के राय,पुरनचंद, बागुन सुमराई सुशील बागे, सी पी तिर्की, देवेंद्र मांझी, सोबरन अंसारी, टेकलाल महतो, विशुन महतो, कॉ महेंद्र सिंह, डॉ रामदयाल मुंडा, रमेश सिंह मुंडा, एल पी एन शाहदेव ,सुदर्शन भगत अन्य प्रमुख हैं।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
कोल्हान
रांची, शनिवार, 15 फरवरी 2025| पेज


# झारखंड में ऊर्जा दक्षता एवं डीकार्बोनाइजेशन को बढ़ावा देने के लिए ईईएसएल व डीवीसी में एमओयू

### - ऊर्जा दक्षता, नवीकरणीय ऊर्जा, ई-मोबिलिटी और संसाधन संरक्षण में सहयोग को मिलेगा बढ़ावा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** इंडिया एनर्जी वीक 2025 (आईईडब्ल्यू 2025) के चौथे दिन, विद्युत मंत्रालय के तहत सार्वजनिक उपक्रमों के संयुक्त उद्यम एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) ने दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य डीवीसी की डीकार्बोनाइजेशन पहलों का समर्थन करना और ऊर्जा दक्षता, नवीकरणीय ऊर्जा, ई-मोबिलिटी और संसाधन संरक्षण में सहयोग को बढ़ावा देना है। ईईएसएल अपनी तकनीकी विशेषज्ञता और नवीन व्यवसाय मॉडल का लाभ उठाते हुए, डीवीसी को विभिन्न ऊर्जा दक्षता और स्वच्छ ऊर्जा कार्यक्रमों को क्रियान्वित करने और लागू करने में सहायता करेगा। यह साझेदारी औद्योगिक और सौर स्ट्रीट लाइट सहित स्ट्रीट लाइट्स नेशनल प्रोग्राम (एसएलएनपी) के कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित करेगी। यह कार्यक्रम ऊर्जा-कुशल उपकरणों जैसे कि उच्च दक्षता वाले पंखे, एयर कंडीशनर, चिलर और औद्योगिक



लाइटिंग प्रणालियों के उपयोग को बढ़ावा देगा, जिससे भवनों में ऊर्जा की खपत कम होगी। साथ ही, औद्योगिक ऊर्जा दक्षता के उन्नत समाधान पेश किए जाएंगे और विकेंद्रीकृत सौर परियोजनाओं का विस्तार किया जाएगा, जिसमें सोलर रूफटॉप, सोलर कारपोर्ट और सोलर ट्री इंस्टॉलेशन जैसी तकनीकें शामिल होंगी। इसके अतिरिक्त, हाइब्रिड थर्मल सौर तकनीकों को भी बढ़ावा दिया जाएगा ताकि ऊर्जा दक्षता को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। इस सहयोग का उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देना है, जिसमें इलेक्ट्रिक कारें, बसें और साइकिलें शामिल हैं। नेशनल मोटर रिप्लेसमेंट प्रोग्राम (एनएमआरपी) के ज़रिये, पुरानी मोटरों की जगह नई, ऊर्जा बचाने वाली मोटरें लगाई जाएंगी, और बेहतर संचालन के लिए ऊर्जा-कुशल पंप भी लगेंगे। डीवीसी के अध्यक्ष, सुरेश कुमार ने इस मौके पर कहा, हम डीकार्बोनाइजेशन के अपने लक्ष्यों की तरफ बढ़ रहे हैं, और ईईएसएल के साथ मिलकर काम करके हम अपनी ऊर्जा बचाने के तरीकों को और बेहतर बना पाएंगे। साथ ही, डीवीसी के सभी इलाकों में साफ ऊर्जा के समाधानों को लागू करने में भी ये साझेदारी बहुत मददगार साबित होगी। ईईएसएल के सीईओ, विशाल कपूर ने कहा, यह सहयोग भारत में ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने और स्वच्छ ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। डीवीसी के साथ मिलकर, हमारा उद्देश्य ऐसे उन्नत ऊर्जा दक्षता कार्यक्रमों को लागू करना है, जो एक हरित और सतत भविष्य की दिशा में सहायक सिद्ध होंगे। ईईएसएल के प्रयासों से भारत को प्रतिवर्ष 47 अरब किलोवाट घंटा से अधिक ऊर्जा की बचत हुई है और 36.5 मिलियन टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आई है। 2009 में स्थापित इस कंपनी को भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा प्रमोट किया गया है और यह एनटीपीसी लिमिटेड, पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड, आरईसी लिमिटेड और पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम के रूप में कार्य कर रही है।

## संत जेवियर्स इंग्लिश हाई स्कूल बर्मामाईस शाखा में मातृ-पितृ दिवस आयोजित



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** संत जेवियर्स इंग्लिश हाई स्कूल के बर्मामाईस शाखा में आज मातृ-पितृ दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने अपने माता-पिता का पूजन किया गया जिससे अभिभावक एवं बच्चों के बीच भावुक कर देने वाले क्षण देखने को मिले। स्कूल को-ऑर्डिनेटर स्वाति झा, ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शायद माँ की ममता और पिता का प्यार ही होगा जिससे परमपिता परमेश्वर कभी राम के रूप में कौशल्या - दशरथ के घर तो कभी कृष्ण रूप में नंद- यशोदा के आंगन में आने पर मजबूर हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के एडमिन के सी भारती, कल्चरल हेड चुनकी कुमारी, विश्वास त्रिपाठी, सुभोजित लश्कर, श्वेता कुमारी, शुभाम कुमारी शामिल थे।

## चांडिल में पुलवामा आतंकी हमले के शहीदों को किया नमन



**चांडिल (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला जिला के चांडिल चिल्गू में सामाजिक कार्यकर्ता बिबेक ट्रेडर्स की ओर से कार्यक्रम का आयोजन कर पुलवामा आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ के जवानों के बलिदान को जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवियों ने नमन किया गया। श्रद्धांजलि सभा मे बीबेक ट्रेडर्स की ओर से देश के सैनिक व पुर्व सैनिक को सम्मानित किया गया। देश के युवाओं को संदेश दिया कि आज का दिन वेलेंटाइन डे के रुप में नही बल्कि शहीदों की याद में मनाए। उन्होंने कहा कि पूरा देश शहीदों के परिजनों के साथ खड़ा है। बतादे की आज से छह साल पहले, 14 फरवरी 2019 को दोपहर करीब 3 बजे, जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में एक ऐसा आतंकी हमला हुआ जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था.

## बिड़रा पुस्तकालय संचालन कमेटी के अध्यक्ष बने विजय महतो



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा प्रखंड की बिड़रा पंचायत अंतर्गत माचा मध्य विद्यालय मैदान में ग्राम प्रधान विकास चंद्र महतो की अध्यक्षता में एक ग्राम सभा का आयोजन हुआ । ग्राम प्रधान विकास चंद्र महतो ने बताया कि जिला परिषद मद से बिड़रा ग्राम विकास भवन में पुस्तकालय के नाम पर हजारों रुपयों की किताबें, कंप्यूटर आदि सामग्री पड़ी हुई है। ग्राम सभा में बंद पड़े पुस्तकालय को पुनः संचालन करने का फैसला लिया गया। इसके लिए संचालन कमिटी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष विजय महतो, सचिव विप्लब महतो, कोषाध्यक्ष उत्तम रजक, सह सचिव राजू रूहिदास, सह कोषाध्यक्ष सूरज महतो एवं सदस्य के रूप में राजकुमार कैवर्त को चुना गया। पर्यवेक्षक के रूप में जिला परिषद सदस्य खगेन चंद्र महतो, समाजसेवी विश्वनाथ महतो, मुखिया प्रतिनिधि खान्दु सिंह सरदार, उप मुखिया गोपाल गोराई, पंचायत समिति सदस्य निर्मल रजक व पूर्व मुखिया आदित्य माहली आदि उपस्थित थे।

## सरदार पटेल कॉलेज में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पैरागुरी गालूडीह स्थित सरदार पटेल कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी में पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में लगभग 55 लोगों ने नेत्र जांच करवाया एवं 18 मोतियाबिंद रोगी पाए गए जिनका 4 मार्च को पूर्णिमा नेत्रालय में निःशुल्क आंखों का ऑपरेशन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम प्रधान बसंती प्रसाद, प्रचारक रेखा मिश्रा, संस्थान के निर्देश उपेंद्र प्रसाद, टीचर एवं पूर्णिमा नेत्रालय की सभी टीम का मुख्य योगदान रहा।

## विंडो और डोर ब्रांड फेनेस्टा ने रांची में खोला एक्सक्लूसिव शोरूम

**जमशेदपुर/रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत का सबसे बड़ा विंडो और डोर ब्रांड फेनेस्टा ने एक और शोरूम खोलकर अपने रिटेल विस्तार को मजबूत किया है। रांची में एक्सक्लूसिव शोरूम मेसर्स सिंह कॉटेज एंड विला प्राइवेट लिमिटेड, पिलर नंबर-44, पहली मंजिल, सरस्वती और सोना प्लाजा, मेट्रो गली के सामने, रातू रोड, रांची-834001 में स्थित है, जिसमें बेहतरीन एल्युमीनियम विंडो और डोर, यूपीवीसी विंडो और डोर और सॉलिड पैनल डोर उपलब्ध हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, फेनेस्टा के बिजनेस हेड साकेत जैन ने कहा कि हमारे उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला और ग्राहकों की संतुष्टि के प्रति प्रतिबद्धता हमारी सफलता का आधार है। हर नया शोरूम बेहतरीन सेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और हमारे ग्राहकों के हमारे प्रति भरोसे को दर्शाता है। ये स्टोर सिर्फ़ खरीदारी की जगह नहीं हैं - ये ग्राहकों को हमारे ब्रांड को जानने, अनुभव करने और आत्मविश्वास के साथ सूचित विकल्प चुनने का मौका देते हैं। इस लॉन्च के साथ, फेनेस्टा ने अपने मौजूदा और संभावित ग्राहकों के लिए एक इंटरैक्टिव और जानकारीपूर्ण खरीदारी अनुभव सुनिश्चित करने के लिए एक ।

## बोड़ाम में खलिहान में आग लगने से हजारों का नुकसान

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बोड़ाम थाना क्षेत्र के बड़ासुसनी गांव में शुक्रवार की दोपहर को किसान दिलीप कुंभकार के खलिहान में अचानक लगी आग से हजारों का पुआल जलकर स्वाहा हो गया। खलियान में स्थित पुआल के ढेर में आग कैसे लगी, किसी को जानकारी नहीं है। खलिहान से जब आग का धुआं उठा तो लोगों की नजर उस ओर गई। ग्रामीण आग पर काबू पाने में जुट गए। इसकी सूचना फायर ब्रिगेड टीम को भी सूचना दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम की सहायता से आग पर काबू पाया गया। आग पर काबू पाने में ग्रामीणों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। आसपास और भी खलिहान थे जिसे जलने से किसी तरह बचाया जा सका। मुखिया प्रतिनिधि सनातन सिंह और पंसस प्रतिनिधि संजय कुंभकार ने बताया कि सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम को जानकारी दी गई। घटना में किसान दिलीप कुंभकार को हजारों का नुकसान हुआ।

## चिकित्सकों और कर्मचारियों ने पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गम्हरिया में कार्यक्रम आयोजित कर पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों और कर्मचारियों ने मोमबत्तियां जलाकर व फूल अर्पित कर शहीदों को नमन कर उनकी वीरता और बलिदान को याद किया। तत्पश्चात, दो मिनट का मौन रखकर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। इस मौके पर उपस्थित स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ लक्ष्मी कुमारी ने कहा कि हमारे देश के वीर जवानों ने अपने प्राणों की आहूति देकर देश की रक्षा की है। इस मौके पर डॉ नेहा पांडेय, सत्येंद्र कुमार, संतोष कुमार साहू, अरुण कुमार यादव, सरिता, बबीता देवी, रणधीर कुमार, रानी, मो नसीम, सुजीत कुमार सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

## संस्कृति मंत्रालय के सौजन्य से छऊ झुमर उत्सव का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के कला केन्द्र परिसर चोगा में मानभूम संस्कृति समिति आदारडीह के द्वारा एक दिवसीय छऊ झुमर उत्सव का आयोजन शुक्रवार को किया गया। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से विभिन्न संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पारम्परिक झुमर उस्ताद जगन्नाथ महतो एवं दल, मानभूम छऊ नृत्य उस्ताद बलराम महतो एवं दल, रामनाथ महतो एवं दल, प्रभात कुमार महतो एवं दल , पुरूलिया छऊ नृत्य महिला सम्प्रदाय उस्ताद सुनिता महतो एवं दल एवं झुमर नृत्य साइमनी महतो एवं दल के द्वारा



प्रस्तुत किया गया। विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से लोग जमकर मनोरंजन किया। मानभूम संस्कृति समिति के अध्यक्ष गुलाब सिंह मुण्डा ने बताया कि पारम्परिक झुमर,पाता नाच , पाइका सहित कई स्थानीय संस्कृति विलुप्त होने के कगार पर है। संस्कृति मंत्रालय विलुप्त हो रहे संस्कृति का संरक्षण संवर्धन करने के लिए प्रति वर्ष छऊ झुमर उत्सव का आयोजन करते हैं। मौके पर उप प्रमुख दीपक कुमार साहू, मुखिया नयन सिंह मुण्डा, भाजपा के जिला संयोजक ठाकुर दास महतो, नटराज कला केन्द्र के सचिव प्रभात कुमार महतो, मानभूम संस्कृति समिति के सचिव सीताराम महतो, आजसू प्रखंड अध्यक्ष गोपेश कुमार महतो, उमाकांत महतो, कमला कांत महतो, हृदय रंजन महतो सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## प्रसिद्ध चुटियाबुरु पूजा के मौके पर आयोजित मेले में उमड़े लोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड की खेड़ुआ पंचायत अंतर्गत धुसरा गांव में को हर साल की भांति इस साल भी गुरुवार को ग्रामीणों ने सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना करते हुए चुटियाबुरु ठाकुर की पूजा अर्चना की। इसमें धुसरा, पलमा, चांपीर व बुरूडीह के ग्रामीणों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। लाया रवि सबर एवं सहयोगी के रूप में शामिल धनंजय सबर व हरेन सबर ने विधिवत रूप से पूजा संपन्न कराई। मन्नतें पूरी होने पर ग्रामीणों ने दर्जनों बकरा, कबूतर व मुर्गे की बलि चढ़ाई। इस मौके पर दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस संबंध में गांव के हरिहर सिंह ने बताया कि गुरुवार की शाम को बाई



नृत्य व रात्रि में संथाली आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया। जबकि दूसरे दिन शुक्रवार को दोपहर से पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम से आई चांपा कुसुम झूमर खुकुमनी महतो एंड टीम के द्वारा एक से बढ़कर एक झुमुर संगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पटमदा, बोड़ाम व जमशेदपुर से भी काफी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखिया गंगाधर सिंह, हरिहर सिंह, भक्तरंजन सिंह, शिव शंकर सिंह, रसिक मांडी, चंदन सिंह, गंगाधर कर्मकार, गणेश सिंह, गोविंद सिंह, तरनी सिंह व सागर सिंह आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## मातृ-पितृ पूजन दिवस पर अभिभावकों का पूजन कर बच्चों ने लिया आशीर्वाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** कांड्रा पंचायत के लाहकोठी में मातृ- पितृ पूजन दिवस हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माता-पिता के स्वागत के साथ हुई। उसके पश्चात दीप प्रज्जवलन के साथ विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया जिसे सुन दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम को देख अभिभावको की आंखें भी नम हो गई। इस मौके पर नन्हे-मुन्हें बच्चों ने तिलक लगाकर व पुष्पमाला पहनाकर अपने अभिभावकों का चरण स्पर्श कर उनसे आशीर्वाद लिया। इस मौके पर बच्चों एवं अभिभावकों द्वारा विभिन्न प्रकार के गायन व नृत्य की प्रस्तुति भी की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी डॉ जोगेंद्र प्रसाद महतो ने कहा कि संस्कार से युक्त शिक्षा ही सर्वश्रेष्ठ शिक्षा है। मौके पर उपस्थित कांड्रा स्टेशन मास्टर एनके पांडेय और स्टेशन प्रबंधक सुकेश कुमार ने कहा



कि आधुनिक भौतिकवाद युग में हम सनातन संस्कृति एवं उनके मूल्यों को भूलते जा रहे हैं। इस मौके पर मुख्यरूप से शिक्षक कालीचरण महतो, हरिश्चन्द्र विद्या मंदिर के प्रधानाध्यापक जगदुर्लभ महतो, शिक्षक रंजीत श्रीवास्तव, अर्जुन सिंह, गौरी प्रसाद, बंगाली गिरी, बृजेश मिश्रा, केएन सिंह, रामराज मिश्रा, डॉ मानव कुमार प्लाजा, ममता दास, जोबा दास, मनीषा देवी, सुनीता प्रमाणिक, प्रेमलता देवी, निशा कुमारी गुप्ता, क्रांति देवी, नीला मिश्रा, पूर्व उपमुखिया सुबोध सिंह समेत काफी संख्या में बच्चे व अभिभावकगण उपस्थित थे।

## शब ए बारात के मौके पर ह्यूमन वेलफेयर ने लगाया हेल्थ कैंप, शामिल हुए सिटी एसपी कुमार शिवाशीष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मुस्लिम समाज के त्योहार शब ए बारात के अवसर पर ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट एवं शांति समिति के संयुक्त सहयोग से ओल्ड पुरुलिया रोड सासा इन के सामने एक सहायता शिविर लगाया गया। इस सहायता शिविर में जमशेदपुर के सिटी एसपी आईपीसी कुमार शिवाशीष, आजादनगर थाना प्रभारी चंदन कुमार और सीतागोड़ा थाना प्रभारी गुलाम रब्बानी खान उपस्थित हुए। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने ह्यूमन वेलफेयर के द्वारा लगाए गए सहायता शिविर को देख कर काफी प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में मुख्य



रूप से ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर, मतीनुल हक अंसारी, आजादनगर थाना शांति समिति के सचिव मुख्तार आलम खान, अफताब आलम, मोहम्मद इजाज अंसारी, आजादनगर थाना शांति समिति के सक्रिय सदस्य सैयद अलाम, एमजीएम अस्पताल के डॉक्टर जहांजेब खान, इरशाद खान, मास्टर सिद्दिक अली, मोहम्मद मोइनुद्दीन अंसारी, ताहिर हुसैन, मोहम्मद नादिर खान, वाहिद खान, मास्टर सिराजुल हक, संगीत शिक्षक सैयद इकबाल, मोहम्मद तबरेज आलम, मोहम्मद अयूब, साजो खान, मोहम्मद नूर आलम ने उपस्थित होकर रात में जागने वाले इबादतगुजारो को बिस्किट एवं कॉफी पिलाया।

## कुचाई के रेंगसा में जंगलो को आग से बचाने हेतु ग्राम सभाओं की हुई बैठक

### - महुआ चुनने, शिकार करने तथा तेन्दू पत्ता के नाम पर जंगल में आग नहीं लगाने का लिया निर्णय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड के मारंगहातु पंचायत अन्तर्गत के रेंगसा प्राथमिक विद्यालय में मौजा रेंगसा के शैलेन्द्र हेम्ब्रम के अध्यक्षता में ग्राम सभा डांगो, ग्राम सभा रेंगसा, ग्राम सभा रोचदा, ग्राम सभा जोवजंजीड, ग्राम सभा गोंगामार्चा तथा ग्राम सभा भुरकुंडा का संयुक्त आम बैठक किया गया। बैठक सामुदायिक वन पालन संस्थान के निर्देशन पर किया गया। इस बैठक में



में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि महुआ चुनने, शिकार करने तथा तेन्दू पत्ता की मात्रा बढ़ाने के नाम पर जंगल के अन्दर कोई भी वनाश्रित आग नहीं लगाएगे। प्रत्येक ग्राम सभा की ओर से समूह बनाकर प्रतिदिन फरवरी से जून माह तक भ्रमण करने, रात या दिन के समय यदि किसी जंगल में आग लग जाए तो वैसी स्थिति ग्रामवासी तुरंत आग बुझाने, साथ ही साथ जंगल काटाई पर नियंत्रण करने का निर्णय लिया गया। श्री कुम्हार ने कहा कि कुछ बाहरी कंपनियों के साथ सम्पर्क स्थापित किया गया है। वे कंपनिया काफी मात्रा में साल बीजा खरीदने का आश्वासन दिये हैं। इस लिए अधिक से अधिक मात्रा में साल बीज, चिरौंजी, हर्रा, बहरा, आवँला, तेन्दूपत्ता, जोजो-सोसो-तिरिल-उली का संग्रहण करने पर भी जोर दिया जाये। इस दौरान मुख्य रूप से लुबुराम मुंडा,सुखराम मुंडा,श्याम लाल सोय,साहु गुँजा,सिरका हेम्ब्रम, शोभा गुन्दुवा,मोती गुजा,रागिनी गुंजा,मीना हेम्ब्रम,बुधनी गुंजा, गोविन्द हेम्ब्रम,भरत सिंह मुंडा, जामुना मुंडा,डुवराय समाड,गोमिया हेम्ब्रम,लोधरो हेम्ब्रम,बुधराम हेम्ब्रम, राऊतू हेम्ब्रम,लखन उगुरसांडीह, सुनिता सिह समाड,सोनाराम गुंजा, मंगल सिंह हेम्ब्रम,कुण्डिया सोय, कुजरी हेम्ब्रम,सालुमाई हेम्ब्रम, श्रीमती सोमवारी हेम्ब्रम,बुढ़गी हेम्ब्रम,मीनी बोदरा,ललीता कुमारी आदि उपस्थित थे।

## झारखंड जनाधिकार महासभा ने वित्त मंत्री को सौंपा 7 सूत्रीय सुझाव पत्र



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड जनाधिकार महासभा द्वारा रांची में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के आवास पर मंत्री को 7 सूत्रीय सुझाव पत्र सौंपा। झारखंड जनाधिकार महासभा के सदस्यों ने झारखंड के अगले बजट में कुछ कल्याणकारी योजनाओं को शामिल कर लोक हित में कदम उठाने का सुझाव दिया है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन तय समय पर भुगतान के लिए निति निर्धारण करने, समाज के सबसे कमजोर वर्ग विधवा, वृद्ध, विकलांगों को मईया सम्मान योजना के तरह पेंशन बढ़ाने, मध्यान्ह भोजन के रसोईयों को मानदेय बढ़ाने व मईया सम्मान योजना का लाभ देने, गठबंधन सरकार की 7 वादे पुरा करने, बजट बढ़ाने के लिए गैर जिम्मेदार व अनियंत्रित माइनिंग, जन विरोधी कार्पोरेट पक्षीय निति से बचाव एवं शहरी सम्पत्ति का कर में बढ़ोतरी करने का सुझाव दिया गया है। मौके पर अजय एक्का, अफजल, अनिस, अमन मरांडी, अम्बिका यादव आदि मौजूद थे।

## झामुमो के पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्राण मेलगांडी को मातृ शोक, अंतिम संस्कार में शामिल हुए विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां प्रखंड क्षेत्र के कृष्णापुर पंचायत अंतर्गत उधडिया गांव निवासी सह झामुमो के पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्राण मेलगांडी के माता पांगेला मेलगांडी की 98 साल की उम्र में निधन हो गया। वहीं निधन की सुचना पाकर खरसावां विधायक दशरथ गागराई विधायक प्रतिनिधि अर्जुन गोप झामुमो के पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्राण मेलगांडी के पैतृक गांव उधडिया पहुंचकर उनके माता की अंतिम दर्शन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर विधायक दशरथ गागराई ने स्व पांगेला मेलगांडी की आत्मा शांति के लिए सिंह बोंगा से प्रार्थना किया। मालूम हो कि स्व पांगेला मेलगांडी की अचानक तबियत बिगड़ गई। व गुरवार सुबह 11 बजे उनका निधन हो गया। मौके पर विधायक दशरथ गागराई विधायक प्रतिनिधि अर्जुन गोप, जोरडीहा पंचायत के पूर्व मुखिया मांगीलाल पुरती, सानगी हेंब्रम, सुकरा महतो, अमरेश महतो, रंगबाज बेहरा, दशरथ महतो, भुवनेश्वर प्रधान, दिनेश कैवर्त, संजू हाईबुरु आदि उपस्थित थे।

## माँ रंकिनी की 61वीं प्रतिष्ठा दिवस मनाया, गरीबों को कराया गया भोज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कदमा स्थित रंकिनी मंदिर द्वारा माँ रंकिनी की 61वीं प्रतिष्ठा दिवस मनायी गयी। इस मंदिर में 1964 से ही माँ रंकिनी का प्रतिष्ठा दिवस प्रतिवर्ष मनायी जाती है। जिसमें माँ काली की स्थापना दिवस को एक वार्षिक प्रतिष्ठा उत्सव के रूप में मनाया जाता है। उक्त अवसर पर माँ का महास्नान, पंचामृत स्नान, श्रृंगार, के अलावा नये वस्त्र से सज्जित करने के पश्चात् पूजा, हवन एवं माँ रंकिणी (काली माँ) को विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जाता है, तत्पश्चात् दरिद्र नारायण भोज



आयोजित की जाती है। इसके अलावा भोज में गरीब श्रद्धालुओं के बीच वस्त्र (साड़ी, धोती) के अलावा नगद रूपये भी दान स्वरूप बाँटी गयी। उक्त भोज में लगभग 300 से अधिक गरीबों को भोजन कराई गई। उक्त जानकारी देते हुए मंदिर के अध्यक्ष दिलीप दास एवं महासचिव श्री जर्नादन पांडेय ने दी। पूजा के अवसर पर रंकिनी मंदिर पूजा कमिटी के उपाध्यक्ष के.जी. गोविन्द, एस. रमेश, दिपक विश्वास, हरभजन सिंह, संजय कुमार, सुभाष, कार्तिक, गोपाल, मनीन्दर सिंह, बालक दा एवं ए आर डे बापी सहित सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सदस्यों के संयुक्त प्रयास से उक्त कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

संपादकीय

## यूएसएआईडी का दुरुपयोग

मानवता की आड़ में वामपंथी पारिस्थितिकी तंत्र, जिसमें डीप स्टेट ताकतें और यूएसएआईडी का हिस्सा शामिल है, स्वार्थी कारणों और दुनिया को अपने हिसाब से चलाने की इच्छा के लिए कई देशों की राजनीतिक प्रणालियों और संस्कृतियों को नष्ट कर रहा है।शाहीनबाग, किसान आंदोलन, बांग्लादेश हिंदू नरसंहार, कश्मीर नरसंहार, मुंबई आतंकवादी हमला, नक्सलवाद और आतंकवाद की गतिविधियाँ, शहरी नक्सलियों के भारत विरोधी आख्यान जैसे कई भारत विरोधी प्रदर्शन, सभी वामपंथी पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा वित्तपोषण की ओर इशारा करते हैं, जिनमें से एक यूएसएआईडी है।डोनाल्ड ट्रम्प और एलोन मस्क ने मानवता के लिए जोखिम देखा और यूएसएआईडी को बंद कर दिया।विदेशी सहायता रोकने और इसके वितरण के प्रभारी प्रमुख एजेंसी को बंद करने के ट्रम्प प्रशासन के हालिया कदमों ने संघीय खर्च में विवाद के अपेक्षाकृत मामूली लेकिन लंबे समय से चले आ रहे स्रोत पर ध्यान केंद्रित किया है। इन कदमों ने दुनियाभर के मानवीय संगठनों और सरकारों के बीच अस्पष्टता पैदा कर दी है कि कौन-से कार्यक्रम जारी रह सकते हैं और कौन-से नहीं। स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता और जल जैसी अनेक मानवीय सहायता जारी रखी जानी चाहिए और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प निःस्संदेह मानवता-विरोधी वामपंथी समूहों को हटाने के बाद ये सहायता शुरू करेंगे। भारत तथा अन्य विकासशील और अविकसित देशों में मानवता विरोधी कार्रवाइयों के लिए मानवता विरोधियों के वित्तपोषण का किस प्रकार दोहन किया जा रहा है? कुछ उदाहरण- यूएसएआईडी, जिसपर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना हो रही है, उसे अमेरिका के सभी अंतरराष्ट्रीय व्यय का आधे से अधिक फंड प्राप्त होता है। खतरे के संकेतों के बावजूद, यूएसएआईडी ने पाकिस्तान स्थित फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन (FIF) को वित्तपोषित किया, जो हाफिज सईद के लश्कर-ए-तैयबा (LeT) का मुखौटा है। इस तथ्य के बावजूद कि अमेरिकी सरकार ने एफआईएफ और एलईटी पर प्रतिबंध लगा दिया है, उन्हें यूएसएआईडी से वित्त पोषण प्राप्त हुआ।फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन (FIF) और एलईटी मुंबई में 26/11 के हमलों के लिए जिम्मेदार थे, जिसमें 166 लोग मारे गए थे।पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा बेरहमी से मारे गए 166 व्यक्तियों में छह अमेरिकी भी थे। एफआईएफ को यूएसएआईडी का पैसा हेल्पिंग हैंड फॉर रिलीफ एंड डवलपमेंट (HHRD) के माध्यम से भेजा गया था, जो मिशिगन में स्थापित एक मुस्लिम गैर-लाभकारी संस्था है, जिसका दक्षिण एशिया में सक्रिय आतंकवादी समूहों से संबंध है। ट्रम्प ने यूएसएआईडी पर नकेल कसते हुए इसे 'डीपस्टेट' करार दिया है। एक्स पर एक पोस्ट में, ट्रम्प से जुड़े एक अकाउंट ने दावा किया कि 'जॉर्ज सोरोस ने यूएसएआईडी से $260,000,000.00 प्राप्त किए और इस पैसे का इस्तेमाल श्रीलंका, बांग्लादेश, यूक्रेन, सीरिया, ईरान, पाकिस्तान, भारत, यूके और अमेरिका में अराजकता फैलाने, सरकार बदलने और व्यक्तिगत लाभ के लिए किया।' उनकी टिप्पणी अमेरिकी विदेशी सहायता की बढ़ती जांच में शामिल है, खासकर तब से जब ट्रम्प प्रशासन ने यूएसएआईडी के बजट को फ्रीज कर दिया है। डॉज (DOGE) के सीईओ एलन मस्क ने ट्रम्प की सरकार का समर्थन किया है, जो वामपंथ यूएसएआईडी की वित्तीय सहायता पर जोर देते हैं, जिसे वे 'विवादास्पद' उपक्रम बताते हैं। मस्क की भागीदारी और समर्थन ने शासन परिवर्तन और राजनीतिक प्रभाव के लिए विदेशी सहायता के उपयोग के बारे में रिपब्लिकन की चिंताओंको बढ़ा दिया है। मस्क ने एक्स स्पेसेस की बातचीत में कहा कि उन्होंने ट्रम्प के साथ 'यूएसएआईडी के बारे में बात की' और '[राष्ट्रपति] सहमत हुए कि हमें इसे बंद कर देना चाहिए', ट्रम्प द्वारा यूएसएआईडी के बारे में संवाददाताओं से कहने के बाद, 'इसे कट्टरपंथी पागलों के एक समूह द्वारा चलाया जा रहा है, और हम उन्हें बाहर निकाल रहे हैं, और फिर हम [इसके भविष्य के बारे में] कोई निर्णय लेंगे।' भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि यूएसएआईडी द्वारा वित्तपोषित एनजीओ ने सरकार की अग्निवीर परियोजना का विरोध किया, जाति जनगणना को बढ़ावा दिया और देश में नक्सलवाद का समर्थन किया। अमेरिकी विदेशी सहायता पारंपरिक रूपसे विकास के बजाय राजनीतिक शक्ति पर केंद्रित रही है। यूएसएआईडी द्वारा वित्तपोषित कार्यक्रमों ने बार-बार प्राप्तकर्ता देशों को अमेरिका के अनुकूल नीतियों को अपनाने, अमेरिकी फर्मों के पक्ष में बाजार सुधारों को लागू करने और सैन्य प्रभुत्व के लिए रणनीतिक आधार के रूप में कार्य करने के लिए प्रेरित किया है। सहायता स्वयं कभी-कभी सच्ची आत्मनिर्भरता बनाने के बजायअल्पकालिक उपायों को प्राथमिकता देती है, जिससे कई विकासशील देश आर्थिक सशक्तीकरण की बजाय निर्भरता के चक्र में फंस जाते हैं। इन कमजोरियों के बावजूद, यूएसएआईडी अमेरिकी सॉफ्ट पावर का एक महत्वपूर्ण उपकरण रहा है। देखिए, यूएसएआईडी किसी कारणयाकार्यके लिए सिर्फ चेक लिखकर नहीं चला जाता है। यह जमीन पर राज्य के कर्मियों, अनुबंध श्रमिकों और गैर-सरकारी संगठनों (NGO) के संयोजन को नियुक्त करता है। उनमें से कुछ पूर्णकालिक कार्यकर्ता के रूप में काम करते हैं, लेकिन संघीय विशेषाधिकारों के बिना। और वे स्थायी सिविल सेवा पेशेवरों और विदेश सेवा अधिकारियों की तुलना में बहुत अधिक संख्या में हैं, जो आमतौर पर एक अमेरिकी सरकारी एजेंसी के लिए काम करते हैं। सीरिया के उदाहरण में, यूएसएआईडी ने शरणार्थियों को खिलाने के लिए धन उपलब्ध कराया। हालांकि, चार वर्षों में, एकएनजीओएजेंट ने इसका लगभग 10% हिस्सा चुरालिया और इसे अल-कायदा से जुड़े संगठन में भेज दिया। संघीय अमेरिकीसरकार विदेशी सहायता पर कितना खर्च करती है? कांग्रेस के बजट कार्यालय के जनवरी 2025 के पूर्वानुमानों के अनुसार, सरकार वित्तीय वर्ष 2025 में अंतरराष्ट्रीय सहायता कार्यक्रमों पर लगभग 58.4 बिलियन डॉलर खर्च करने की राह पर है। लेकिन, वित्तीय वर्ष के शुरू होने में बमुश्किल तीन महीने रह गए हैं, जब ट्रम्प प्रशासन आक्रामक रूप से सहायता को फिर से आकार दे रहा है और उसे कम कर रहा है, तो यह आँकड़ा बदल सकता है। ForeignAssistance.gov के अनुसार, संयुक्त राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023 में अंतरराष्ट्रीय सहायता पर 71.9 बिलियन डॉलर खर्च किए, जो सबसे हालिया वित्तीय वर्ष है, जिसके लिए डेटा काफी हद तक पूरा है। इसकी तुलना में वित्तीय वर्ष 2022 में लगभग 74.0 बिलियन डॉलर खर्च किए गए। ये डेटा (और ForeignAssistance.gov के अन्य) अन्य देशों को हथियारों की बिक्री और सैन्य उपकरणों के हस्तांतरण के विषय से बाहर हैं। बदलती परिस्थितियों (जैसे युद्ध, आपदाएँ या बीमारी का प्रकोप) और बदलते राष्ट्रीय लक्ष्यों के आधार पर विदेशी सहायता की राशि, प्राप्तकर्ता और उद्देश्य साल-दर-साल बदलते रहते हैं।

# निराश करती है जनप्रतिनिधि अपराध मामलों में देरी

ललित गर्ग

**एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान लोकसभा के 543 सदस्यों में से 251 के खिलाफ आपराधिक मामले हैं, जिनमें से 170 गंभीर आपराधिक मामले हैं, जिनमें पांच साल या उससे अधिक की सजा हो सकती है। हाल ही दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणामों में भी आपराधिक छवि के विधायकों की बड़ी संख्या चिन्ता में डालते हुए शर्मसार कर रही है।**



वर्तमान और पूर्व संसद सदस्यों और विधानसभा सदस्यों के खिलाफ लंबित पांच हजार आपराधिक मामलों के निपटारे की सुनवाई कर रही एमपी-एमएलए अदालतों में कोई उल्लेखनीय प्रगति होते हुए न दिखना न केवल निराशाजनक है बल्कि यह कानून व्यवस्था की बड़ी विसंगति है। इस सन्दर्भ में सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका में आग्रह किया गया कि कोर्ट इन मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करने एवं त्वरित कार्रवाई के लिए निर्देश जारी करे। अपेक्षा यह की गई थी कि इन मामलों की सुनवाई त्वरित गति से होगी, लेकिन इसका उलटा हो रहा है। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान लोकसभा के 543 सदस्यों में से 251 के खिलाफ आपराधिक मामले हैं, जिनमें से 170 गंभीर आपराधिक मामले हैं, जिनमें पांच साल या उससे अधिक की सजा हो सकती है। हाल ही दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणामों में भी आपराधिक छवि के विधायकों की बड़ी संख्या चिन्ता में डालते हुए शर्मसार कर रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भाजपा के 48 नवनिर्वाचित विधायकों में से 16 यानी 33 प्रतिशत और आम आदमी पार्टी के 22 में से 15 यानी 68 प्रतिशत नवनिर्वाचित विधायकों के खिलाफ आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, भाजपा के सात और आप के 10 विधायक गंभीर किस्म के आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट की ओर से समय-समय पर दिए गए आदेशों और हाईकोर्ट की निगरानी के बावजूद सांसदों और विधायकों के खिलाफ बड़ी संख्या में मामले लंबित हैं, जो हमारे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर एक बदनुमा धब्बा हैं।

दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति तो यह है कि साफ-सुथरी एवं अपराधमुक्त राजनीति का दावा करने वाले दल ही सर्वाधिक अपराधी लोगों को उम्मीदवार बना रही है। विडंबना है कि यह प्रवृत्ति कम होने के बजाय हर अगले चुनाव में और बढ़ती ही दिख रही है। आखिर कब तक अपराधी तत्व हमारे भाग्य-विधाता बनते रहेंगे? कब तक आम आदमी इस त्रासदी को जीने के लिये मजबूर होते रहेंगे। भारत के लोकतंत्र के शुद्धिकरण एवं मजबूती के लिये अपराधिक राजनेताओं एवं राजनीति के अपराधीकरण पर नियंत्रण की एक नई सुबह का इंतजार कब तक करना होगा? त्रासद एवं दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि पूर्व एवं वर्तमान विधायकों और सांसदों के आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए गठित की गई अदालतें उनके मामलों का समय पर निपटारा करने में विफल साबित हो रही हैं। बड़ी संख्या में मामलों का लंबित रहना, जिनमें से कुछ तो दशकों से लंबित हैं, यह दर्शाता है कि सांसदों एवं विधायकों का अपने विरुद्ध मामलों की जांच या सुनवाई पर बहुत अधिक प्रभाव है और अपने राजनीतिक वर्चस्व एवं प्रभाव के कारण मुकदमे को पूरा नहीं होने दिया जाता है।

ऐसा लगता है कि उच्च न्यायालय अपने इस दायित्व का निर्वहन सही तरह से नहीं कर पा रहे हैं। समय-समय पर ऐसी खबरें भी आती रही हैं कि एमपी-एमएलए अदालतों को जनप्रतिनिधियों के मामलों के निपटारे में तेजी लाने को कहा है, लेकिन इसके कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आ सके। समझना कठिन है कि जिन अदालतों का गठन ही कुछ विशेष मामलों के निस्तारण के लिए हुआ है, वे उनकी सुनवाई में प्राथमिकता का परिचय क्यों नहीं दे रही हैं? उचित यह होगा कि सुप्रीम कोर्ट इन अदालतों को यह स्पष्ट निर्देश दे कि वे जनप्रतिनिधियों के मामलों की सुनवाई एक निश्चित समय सीमा में करें और ऐसा करने के लिए उच्च न्यायालयों को निर्देशित करे। यदि ऐसा कुछ नहीं किया जाता तो राजनीति के अपराधीकरण को रोकना बहुत कठिन होगा और आपराधिक छवि के नेताओं के मामलें न्यायालयों में बढ़ते ही जायेंगे। यह स्थिति लोकतंत्र का उपहास उड़ाने वाली ही है। यह स्थिति अधिक चिन्ताजनक एवं दुखद इसलिये भी है कि अब तो गंभीर आपराधिक मामलों में जेल में बंद लोगों को चुनाव प्रचार के लिए भी जमानत देने का सिलसिला कायम हो गया है। जनप्रतिनिधि भी रक्षक नहीं, भक्षक हो रहे हैं। ये कानून का भक्षण करने में माहिर होते जा रहे हैं। ये कैसे जनप्रतिनिधि हैं जो पहले वोट मांगते हैं, फिर जीत के बाद लोगों को लात मारते हुए उनके साथ तरह-तरह के अपराध करते हैं। लोकतंत्र के मुखपृष्ठ पर बहुत धब्बे हैं, अंधेरे हैं, वहां मुखौटे हैं, गलत तत्त्व हैं, खुला आकाश नहीं है। मानो प्रजातंत्र न होकर अपराध तंत्र हो गया। क्या यही उन शहीदों का स्वप्न था, जो फांसी पर झूल गये थे? राजनीतिक व्यवस्था और सोच में व्यापक परिवर्तन हो ताकि कोई भी अपराधों में लिप्त नेता जन-प्रतिनिधि न बन सके।

दिल्ली नगर निगम चुनावों में जीते पार्षदों के संदर्भ में एडीआर और 'दिल्ली इलेक्शन वाच' ने चौंकाने वाली रिपोर्ट जारी कर यह बताया गया है कि दो सौ अड़तालीस विजेताओं में से बयालीस यानी सत्रह प्रतिशत निर्वाचित पार्षद ऐसे हैं, जिन पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा, उन्नीस पार्षद गंभीर आपराधिक मामलों के आरोपी हैं। इससे पूर्व दिल्ली में फरवरी, 2020 में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद भी एडीआर ने अपने विश्लेषण में चुने गए कम से कम आधे विधायकों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज पाए थे। इसमें मुख्य रूप से आम आदमी पार्टी के विधायक थे। अब प्रश्न है कि दिल्ली नगर निगम हो या विधानसभा के चुनावों में भी आप पार्टी ने उम्मीदवार बनाने के लिए स्वच्छ छवि के व्यक्ति को तरजीह देने की जरूरत क्यों नहीं समझी? जबकि इस पार्टी का घोष ही रहा अपराध एवं भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति।

चुनावी सुधारों पर होने वाली तमाम चर्चाओं में राजनीति का अपराधीकरण एक अहम मुद्दा रहता है। राजनीति का अपराधीकरण-'अपराधियों का चुनाव प्रक्रिया में भाग लेना'-हमारी निर्वाचन व्यवस्था का एक नाजुक अंग बन गया है। मौजूदा लोकसभा सदस्यों में सर्वाधिक 29 प्रतिशत सदस्यों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि पिछली लोकसभा में यह आँकड़ा तुलनात्मक रूप से कम था। राजनीति का अपराधीकरण भारतीय लोकतंत्र का एक स्याह पक्ष है, जिसके मद्देनजर सर्वोच्च न्यायालय और निर्वाचन आयोग ने कई कदम उठाए हैं, किंतु इस संदर्भ में किये गए सभी नीतिगत प्रयास समस्या को पूर्णतः नियंत्रित करने में असफल रहे हैं। हालांकि एक अच्छी पहल यह हुई है कि अब हाईकोर्ट की इजाजत के बिना सरकार किसी भी सांसद एवं विधायक के खिलाफ दर्ज मामले वापस नहीं ले सकती है। राजनीति के अपराधीकरण के कारण चुनावी प्रक्रिया में काले धन का प्रयोग काफी अधिक बढ़ जाता है। इसका देश की न्यायिक प्रक्रिया पर भी दुष्प्रभाव देखने को मिलता है और अपराधियों के विरुद्ध जाँच प्रक्रिया धीमी हो जाती है। राजनीति में प्रवेश करने वाले अपराधी सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हैं और नौकरशाही, कार्यपालिका, विधायिका तथा न्यायपालिका सहित अन्य संस्थानों पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। यह स्थिति समाज में हिंसा, भ्रष्टाचार, उत्पीड़न की संस्कृति को प्रोत्साहित करती है और भावी जनप्रतिनिधियों के लिये एक गलत उदाहरण प्रस्तुत करती है। वैसे तो भारत का लोकतंत्र बड़े-बड़े बाहुबली एवं आपराधिक पृष्ठभूमि के नेताओं के शर्मनाक कृत्यों का गवाह रहा है, बार-बार शर्मसार हुआ है। यही कारण है कि राजनीति का चरित्र गिर गया और साख घटती जा रही है।

इन वर्षों में जितने भी चुनाव हुए हैं वे चुनाव अर्हता, योग्यता एवं गुणवत्ता के आधार पर न होकर, व्यक्ति, दल या पार्टी के धनबल, बाहुबल एवं जनबल के आधार पर होते रहे हैं, जिनको आपराधिक छवि वाले राजनेता बल देते रहे हैं। आप ने भ्रष्टाचार एवं अपराधों पर नियंत्रण की बात करते हुए राजनीति का बिगुल बजाया। लेकिन यह दल तो जल्दी ही अपराधी तत्वों से घिर गया। नेताओं की चादर इतनी मैली है कि लोगों ने उसका रंग ही काला मान लिया है। अगर कहीं कोई एक प्रतिशत ईमानदारी दिखती है तो आश्चर्य होता है कि यह कौन है? पर हल्दी की एक गांठ लेकर थोक व्यापार नहीं किया जा सकता है। यही लोकतांत्रिक व्यवस्था में सबसे बड़ा संकट है। आदर्श लोकतंत्र एवं समाज व्यवस्था का निर्मित करने की जिम्मेदारी इन्हीं नेताओं पर है, जिनका चरित्र एवं साख मजबूत होना जरूरी है। दुःखद स्थिति है कि भारत अपनी आजादी के अमृत काल तक पहुंचते हुए भी स्वयं को ईमानदार नहीं बना पाया, चरित्र सम्पन्न राष्ट्र नहीं बन पाया।

दृश्टि कोण

# रिश्तों में अश्लीलता घोलता सोशल मीडिया

इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर एवं यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने माता-पिता की गरिमा को आहत करने वाली अश्लील, अपमानजनक एवं विवादास्पद टिप्पणी करते हुए भारतीय संस्कारों एवं संस्कृति को धुंधलाने का घिनौना एवं अक्षम्य अपराध किया है। भले ही इस टिप्पणी के लिए माफी मांगी गयी हो, लेकिन रणवीर ने हास्य कलाकार समय रैना के यूट्यूब रियलिटी शो इंडियाज गाट लैटेंट में एक प्रतियोगी से उसके माता-पिता और यौन संबंधों को लेकर सवाल करते हुए यह आपत्तिजनक टिप्पणी की। इसको लेकर विवाद भड़क गया, लोगों के गहरा आक्रोश है। सामाजिककर्मियों के साथ-साथ विभिन्न दलों के राजनेता ने इसकी तीव्र आलोचना करते हुए पॉडकास्ट पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। इस मामले पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने यूट्यूब को नोटिस जारी किया है। साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भी सक्रिय हुआ है। इस शो में माता-पिता, महिलाओं और उनके शरीर के बारे में अभद्र एवं अश्लील टिप्पणियां की गई थीं। इसलिये रियलिटी कामेडी शो के निर्माताओं, जजों और प्रतिभागियों के खिलाफ अपमानजनक भाषा और अश्लील सामग्री के इस्तेमाल को लेकर मुंबई पुलिस के साथ-साथ देश में अन्य स्थानों पर शिकायत दर्ज कराई गयी है। सोशल मीडिया से लेकर हर जगह रणवीर की थू थू हो रही है। हर कोई उनके खिलाफ आवाज उठा रहा है और जेल भेजने की मांग कर रहा है।

तथाकथित रणवीर इलाहाबादिया के एक्स पर छह लाख से अधिक फालोअर, इंस्टाग्राम पर 45 लाख से अधिक फालोअर और यूट्यूब चैनल पर 1.05 करोड़ सब्सक्राइबर हैं। इलाहाबादिया उन ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स में से एक हैं, जो ऐसे अश्लील एवं संस्कृति-विरोधी प्रदर्शन से करोड़ों रुपये भी कमाते है, जिन्हें पिछले साल नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राष्ट्रीय क्रिएटर्स पुरस्कार मिला था। पिछले दिनों उन्होंने डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन के साथ मिलकर कई कैबिनेट मंत्रियों का साक्षात्कार लिया था। इसके अलावा साल 2022 में उनका नाम फोर्ब्स अंडर 30 एशिया लिस्ट में भी आया था। 22 साल की उम्र में रणवीर ने अपना पहला यूट्यूब चैनल शुरू किया था, आज वह सात चैनलों को चला रहे हैं। पाकिस्तान से भारत आये रणवीर इलाहाबादिया का पूरा नाम रणवीर सिंह अरोड़ा है। लेकिन लोग उन्हें रणवीर इलाहाबादिया के नाम से जानते हैं। माता-पिता पर विवादित कमेंट करने से पहले रणवीर इलाहाबादिया कई बार सोशल मीडिया पर बवाल मचा चुके हैं। उनका विवादों से पुराना नाता रहा है। उनके विवादास्पद बयानों की वजह से उन्हें एक बार जिम से भी बैन किया गया था। इतना ही नहीं, वो लड़कियों के कपड़ों पर भी विवादित कमेंट करने की वजह से हेडलाइन्स बटोर चुके हैं। लेकिन ऐसे विकृत सोच रखने वाले लोगों को ऐसे बड़े सम्मान मिलना भी अनेक प्रश्नों को खड़ा करता है। क्योंकि यह अभिव्यक्ति की आजादी का बेहूदा, आपत्तिजनक एवं अमर्यादित उपयोग है, यह रचनात्मकता नहीं है, यह विकृति है और ऐसे विकृत व्यवहार को सामान्य नहीं माना जा सकता। विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण तो यह स्थिति भी है जिसमें इस खराब टिप्पणी को जिस तरह आम लोगों की जोरदार तालियां मिलीं। प्रश्न है कि आखिर हम कैसा समाज बना रहे हैं? क्यों हम अपनी संस्कृति एवं संस्कारों को घूमिल कर रहे हैं।

स्मार्टफोन आने के बाद से सोशल मीडिया का प्रयोग लगातार बढ़ता ही जा रहा है। और जैसे-जैसे इसका प्रयोग बढ़ रहा है, वैसे-वैसे सकारात्मक के साथ-साथ इसके नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते जा रहे हैं। जो कि भारतीय समाज, संस्कृति और परिवार परम्परा पर सीधे आघात कर रहे हैं। भारत विरोधी तत्वों के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से समाज में भौतिक वासना, नग्नता, अश्लीलता की विकृति फैलाने का काम भी हो रहा है। इससे समाज के भीतर कुंठित वासना एवं बीमार मानसिकता को जन्म दिया जा रहा है, जिसे रोकने के लिए सरकार से लेकर प्रशासन और समाज को साथ आकर कड़े कदम उठाने होंगे। एक ओर जहां सोशल मीडिया पर अनचाहे अश्लील दृश्यों की भरमार हो रही है। वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया प्लेटफार्म से होने वाली कमाई एक बड़ी वजह निकल कर सामने आ रही है। सोशल मीडिया पर किसी भी सामान्य व्यक्ति के द्वारा अपना अकाउंट बनाकर ऐसा भी कंटेट अपलोड किया जा सकता है जिसे लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किसी प्रकार की कोई रोट टोक एवं पाबंदी नहीं है। इस प्रकार के सोशल मीडिया अकाउंट बड़ी तेजी से बढ़ रहे हैं। समाज में पैसे का लोभ दिखाकर अश्लील शार्ट फिल्म और वेब सीरीज का गौरखधंधा धडल्ले से चल रहा है। मोबाइल एप्स और ओटीटी वेब पोर्टल पर अश्लील एवं संस्कृति विरोधी कंटेंट निर्बाध रूप से होना सरकार की बड़ी नाकामी है। यही कारण है कि ऐसे सभी प्रकार के मोबाइल एप्स और वेब पोर्टल पर भी सरकारी नियंत्रण की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है।

तकनीक के माध्यम से भारतीय युवा एवं किशोर पीढ़ी को अपने जीवन के प्रारंभ के समय से ही कामवासना के जाल में फंसाकर उनके जीवन को गौण बनाने एवं धुंधलाने के प्रयास किये जा रहे हैं। युवा शक्ति राष्ट्र की प्रेरक शक्ति है। नैतिक मूल्यों के बिना ज्ञान न केवल बेकार हैं, बल्कि समाज के लिए भी खतरनाक हैं। यही कारण है कि हमारी युवापीढ़ी बड़ी दुविधा में है; उन्हें भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्हें दिग्भ्रमित किया जाता है, जिससे वर्तमान भारतीय समाज न केवल प्रभावित होता है, बल्कि यह भावी पीढ़ी के भविष्य पर भी प्रश्नचिन्ह लगाता है। ऐसे अनेक प्रकार के अश्लील कंटेंट देखे जा सकते हैं जिसमें अश्लीलता के माध्यम से भारतीय परिवार व्यवस्था को नष्ट करने का काम भी षडयंत्रपूर्वक किया जा रहा है। जिसकी चर्चा समाज के भीतर प्रबुद्ध लोगों को करने की आवश्यकता है ताकि समय पर जागरूकता के साथ समाज और परिवार को गर्त में जाने से रोका जा सकता है।

विचार मंथन

# ट्रंप ने सारी दुनिया में गिराई अमेरिका की साख

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विदेशी भ्रष्ट आचरण कानून पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं। ट्रंप के इस आदेश के बाद विदेश में व्यापार या ठेका हासिल करने के लिए अब अमेरिकी कंपनी द्वारा रिश्वत देना अपराध नहीं होगा। अभी तक अमेरिकी कानून के अनुसार यह एक बड़ा अपराध था, जिसके कारण अमेरिकी सरकार अथवा अमेरिका की कंपनियां जो सारी दुनिया के देशों में जो व्यापार करती थी, इस कानून से यह संदेश जाता था, अमेरिका की कंपनियां अन्य देशों में रिश्वत नहीं देती हैं। जिसके कारण अमेरिका की सरकार और अमेरिकी कंपनियों की साख पूरी दुनिया के देशों में बनी हुई थी। लुके-छुपे तौर पर यदि कोई कंपनी या व्यक्ति इस तरीके की कोशिश करता था, ऐसी स्थिति में अमेरिकी कानून के अनुसार उसे आर्थिक तथा आपराधिक मामलों में सजा से दंडित किया जाता था। ट्रंप ने जो निर्णय अभी लिया है, उससे सारी दुनिया के देशों में यह संदेश गया है। अमेरिका की कंपनियां अपने लाभ के लिए दुनिया के किसी भी देश के राजनेता, अधिकारियों या कारोबारियों को रिश्वत देकर ठेका हासिल कर सकती हैं। रिश्वत देकर सामान खरीदने-बेचने के कांटेक्ट हासिल कर सकती हैं। अमेरिका के साथ-साथ दुनिया के अन्य देशों को इस निर्णय से सबसे बड़ा नुकसान होने जा रहा है। किसी भी देश में अमेरिका की कंपनियों से व्यापार या कारोबार किया जाएगा, वह सभी शक के दायरे में होंगी। जिन देशों के कारोबारी या सरकारें अमेरिकी कंपनियों से खरीददारी करेंगी, उन्हें भी शक की निगाह से देखा जाएगा। ट्रंप का यह निर्णय ऐसे समय पर आया है, जबकि अमेरिकी कानून के अनुसार भारतीय उद्योगपति गौतम अडानी, उनके भतीजे सागर अडानी सहित आठ लोगों के ऊपर अमेरिका में अपराधिक मामला दर्ज है। 21 नवंबर 2024 को अमेरिका की कोर्ट में 2200 करोड़ रुपए की घूस के मामले में गौतम अडानी और अन्य के खिलाफ वारंट जारी हो चुके हैं। वारंट जारी होने के बाद से गौतम अडानी अमेरिका नहीं जा पा रहे हैं। उनका व्यवसाय पूरी दुनिया में प्रभावित हुआ है। गौतम अडानी ने अमेरिकी कानून से बचने के लिए वहां के सांसदों को अपनी पैरवी में उतारा था। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अडानी को राहत पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे थे। भारत के विदेश मंत्री जयशंकर भी राजनायिक और कूटनीतिक संबंधों का इस्तेमाल कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के पहले भारत सरकार ने जिस तरह से आयात-निर्यात व्यापार में अमेरिका के पक्ष में शुल्क को घटाया है, वह सब अडानी समूह की राहत से जोड़कर देखा जा रहा है। ट्रंप और एलन मस्क की जोड़ी की राजनेता के स्थान पर एक कारोबारी के रुप में पहचान है। दोनों ही अपने निजी कारोबार एवं फायदे को ध्यान में रखते हुए अमेरिकी सरकार के निर्णय कर रहे हैं। गौतम अडानी और भारतीय कारोबार पर एलन मस्क की भी नजर है। डोनाल्ड ट्रंप भी भारत में अपना कारोबार बढ़ाने के प्रयास में लगे हुए हैं। गौतम अडानी की गर्दन पूरी तरह से अमेरिका के शिकंजे में फंस गई है। भारत सरकार किसी भी कीमत पर गौतम अडानी को अमेरिकी कानून के चक्कर से बचाना चाहती है। अडाणी को बचाने के चक्कर में भारत को काफी आर्थिक नुकसान उठाने पड़ेंगे। दीर्घकालीन कई ऐसे समझौते हो सकते हैं, जिसके कारण भारत के हित बुरी तरह से प्रभावित होंगे। अमेरिका को भी अभी तक का सबसे बड़ा नुकसान होने की आशंका बन गई है। डोनाल्ड ट्रंप के इस निर्णय से अमेरिका की नैतिकता और पारदर्शिता पूरी तरह से दुनिया के देशों में खत्म होगी। ट्रंप के वर्तमान निर्णयों से अमेरिका की छवि एक गैंगस्टर की तरह बनने लगी है। जो लाभ के लिए किसी भी स्तर पर जाकर नैतिक और अनैतिक काम करने से पीछे नहीं हटता है। अमेरिका से कारोबार करने वाले अन्य देशों के राजनेताओं और कारोबारियों के ऊपर रिश्वतखोरी के आरोप बड़े पैमाने पर लगेंगे, जिसके कारण दुनिया के देशों में राजनीतिक अस्थिरता, रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार का वातावरण बढ़ेगा। अमेरिका को इतना बड़ा नुकसान इसके पहले कभी नहीं हुआ, जो अब हो सकता है। एक बार अमेरिका की छवि रिश्वत देकर कारोबार करने की बन गई, तो दुनिया के सभी देश अमेरिका के साथ दूरियां बनाना शुरू कर देंगे। अमेरिका अभी दुनिया का बादशाह बना हुआ है। ट्रंप के इस निर्णय से अमेरिका की बादशाहत खतरे में पड़ जाएगी। इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। जल्द ही इसके परिणाम अमेरिका को भोगना पड़ सकता है। जिस तरह से ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत हुई है। उसके बाद कहा जाने लगा है, जिस तरह से सोवियत रूस, रेत के महल की तरह भरभरा कर गिरा था। उसी स्थिति में अब अमेरिका ने सफर शुरु कर दिया है।

आधा सच आधा झूठ

# क्या कांग्रेस वाकई एक डूबता जहाज है

भारत को 2014 में मिली असली आजादी के बाद भाजपा से लगातार जूझ रही कांग्रेस को दिल्ली विधानसभा चुनाव में जनता द्वारा नकारे जाने के बाद क्या ये लगने लगा है कि -कांग्रेस अब एक डूबता जहाज है और अब कोई दूसरा दल इस पर सवारी नहीं करना चाहेगा ? सवाल जायज भी है और इस पर विमर्श भी होना चाहिए। बल्कि यूं कहें कि इस मुद्दे पर विमर्श शुरू भी हो चुका है। 2026 में होने वाले बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए तृणमूल कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन में रहने या कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ने से इंकार कर इस विमर्श का श्रीगणेश कर दिया है।

इस बात में कोई दो राय नहीं हो सकती कि देश में सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ मोर्चा लेने में कांग्रेस शुरू से अग्रणीय रही है। 2014 के लोकसभा चुनाव में मात्र 44 सीटों पर सिमटी कांग्रेस ने मैदान नहीं छोड़ा। भाजपा ने तब 286 सीटें अकेले दम पर जीती थीं। पांच साल लगातार विपक्ष में बैठने के बावजूद कांग्रेस अपने ढंग से काम करती रही और 2019 के चुनाव में कांग्रेस 44 सीटों से बढ़कर 52 सीटों पर आ गयी। कांग्रेस के लिए हालाँकि ये कोई बड़ी उपलब्धि नहीं थी ,लेकिन कुल 8 सीटें ज्यादा हासिल कर कांग्रेस को थोड़ी -बहुत ऊर्जा जरूर मिली। डूबते को तिनके का सहारा होता है।

लगातार दूसरी जीत के बाद भाजपा की चाल,चरित्र और चेहरे में अप्रत्याशित रूप से बदलाव आया। भाजपा ने अपने दूसरे कार्यकाल में पूरी ताकत से अपने एजेंडे पर काम करना शुरू किया। जम्मो-कश्मीर से धारा 370 हटाई, अयोध्या में राममंदिर बनाने का रास्ता साफ़ कर मंदिर का निर्माण कार्य शुरू कर उसे पूरा भी किया और लगातार एक के बाद एक राज्यों में अपनी बढ़त बनाई ,लेकिन कांग्रेस पीछे नहीं हटी। कांग्रेस ने अपने सहयोगी दलों के साथ भाजपा के दांत खट्टे करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। भाजपा की नफरत के मुकाबले मुहब्बत की दूकान खोली। पूरे देश में दो बार पदयात्रा कर जन-जागरण की कोशिश की ,परिणाम स्वरूप 2024 के आम चुनाव में कांग्रेस जहाँ 52 से आगे बढ़कर 99 पर पहुंची ,वहीं भाजपा का 400 पार का सपना चकनाचूर हो गया और भाजपा 240 पर सिमिट गयी।

भारत की राजनीति में कांग्रेस का उत्थान और पतन होता ही रहा है। एक लम्बी दास्तान है कांग्रेस के उत्थान और पतन की। 4 जून 2024 के बाद पिछले 9 महीने में देश में जितने भी विधानसभाओं के चुनाव हुए हैं उनमें से कर्नाटक,केरल,हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड को छोड़ कांग्रेस कहीं भी भाजपा का विजय रथ नहीं रोक सकी। दिल्ली विधानसभा चुनाव में तो कांग्रेस का सूपड़ा ही साफ़ हो गया ,और इसी के साथ कांग्रेस की अगुवाई में बने आईएनडीआईए यानि इंडिया गठबंधन में विखराव शुरू हो गया। दिल्ली विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस का साथ और हाथ दोनों छोड़े और सत्ता से बाहर हो गयी। महाराष्ट्र में भी भाजपा ने कांग्रेस की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। हरियाणा में भी कांग्रेस के जीत के सपने को तोड़ा और अब उसका निशाना कांग्रेस के साथ इंडिया गठबंधन भी है।

भाजपा बिहार में विधानसभा के चुनाव से पहले कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की कमर तोड़ देना चाहती है। बिहार में चुनाव इसी साल अक्टूबर में होना है। अगले साल बंगाल का नंबर है। बिहार विधानसभा चुनावों से पहले बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने कांग्रेस के साथ गठबंधन करने से इंकार कर दिया है। बिहार में कांग्रेस का राजद से गठबंधन है। यहां क्या होगा कहना कठिन है। लेकिन कांग्रेस के लगातार अकेले पड़ने की वजह से जहाँ देश में क्षेत्रीय दल एक-एककर भाजपा के शिकार बन रहे हैं वहीं कांग्रेस के वजूद पर भी प्रश्नचिन्ह भी लगते जा रहे हैं। ये तय है कि कांग्रेस जिस मुखरता से हार-जीत की परवाह किये बिना भाजपा का मुकाबला कर रही है उतनी दम देश के किसी और राजनीतिक दल में नहीं है। कांग्रेस का साथ न देकर बीजद ने उड़ीसा खोया है तो आम आदमी पार्टी ने दिल्ली गंवा दी है और यदि तृणमूल कांग्रेस भी यही गलती करती है तो तय मानिये की उसका हश्र भी बीजद और आम आदमी पार्टी जैसा ही होगा।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी 2026 का विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। कांग्रेस के साथ अपनी पार्टी के गठबंधन से उन्होंने इनकार किया है, क्योंकि उसने कांग्रेस को डूबता जहाज मान लिया है। लेकिन सवाल ये है कि क्या सचमुच ममता बनर्जी की पार्टी जैसा सोच रही है वैसा ही दूसरे विपक्षी दल भी सोच रहे हैं ? अभी तक उद्धव ठाकरे की शिव सेना हो या तेजस्वी यादव की राजद या अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी ,इन सभी ने कांग्रेस का न हाथ छोड़ा है और न साथ। जब तक ये सभी कांग्रेस के साथ हैं तब तक कांग्रेस को डूबता जहाज मानना टीएमसी की एक भूल के सिवाय कुछ भी नहीं है। आपको बता दें की ममता बनर्जी ने अपने विधायकों और मंत्रियों से कहा कि टीएमसी 294 सीटों वाली राज्य विधानसभा में दो-तिहाई बहुमत के साथ 2026 का चुनाव अपने दम पर जीतेगी।

मुझे न ममता बनर्जी के आत्म विश्वास पर संदेह है और न कांग्रेस के डूबने को लेकर कोई शक। लेकिन मेरा मानना है कि कांग्रेस विहीन भारत की कल्पना को साकार करने में भाजपा को अभी लम्बी लड़ाई लड़ना पड़ेगी। कांग्रेस का डीएनए अमीबा जैसा है। अमीबा कभी मरता नहीं है। अमीबा जितना विखंडित होता है उतना ही विकसित होता जाता है। कांग्रेस पिछले सवा सौ साल में दर्जनों बार विभाजित,पराजित हुई है लेकिन समाप्त नहीं हुई ,अर्थात उसका जहाज कभी भी टाइटेनिक की तरह समुद्र की सतह में नहीं समाया। कांग्रेस डूबकर भी हर बार सतह पर आयी है। न भी आये तो देश कहीं जाने वाला नहीं है।

## बिहिया में निर्माणाधीन मंदिर में ईश्वर प्रतिमा तोड़फोड़ से तनाव

# गुस्साए ग्रामीणों ने जमकर किया प्रदर्शन, दिया थाने में आवेदन

➲दोषियों पर कानूनी करवाई की मांग
➲निर्माणाधीन मंदिर का भूमि विवाद न्यायलय में लंबित है



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के डाहा पंचायत क्षेत्र अंतर्गत बिहिया गांव के एक निर्माणाधीन मंदिर में तोड़फोड़ की घटना के बाद तनाव का माहौल बन गया है। ग्रामीणों ने इसको लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ असामाजिक लोगों ने निर्माणाधीन मंदिर में पहुंचे और उन्होंने न केवल तोड़फोड़ की, बल्कि मंदिर के निकट 11 झंडो को भी उखाड़ दी है। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मंदिर के निकट जमकर प्रदर्शन और नारेबाजी करते हुए स्थानीय प्रशासन से दोषियों के खिलाफ करवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**जानिए, आखिर क्या है पूरा मामला**

हंटरगंज थाना क्षेत्र के बिहिया और भोजपुर गांव के सीमांत पर छठ घाट तालाब के समीप हिन्दू धर्म के ग्रामीणों के द्वारा भगवान कृष्ण की प्रतिमा स्थापित की गई है जहां आस्था के साथ लोग सैकड़ों वर्षो से पूजा पाठ करते आ रहे हैं। जिसे कुछ असामाजिक लोगों के द्वारा कृष्ण प्रतिमा को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर मंदिर के समीप 11 झंडो को उखाड़ कर फेक दिया। जब लोगों ने देखा कि निर्माणधीन मंदिर को नुकसान पहुंचाया गया है, तो वे गुस्से में आ गए और मंदिर के समीप जमकर प्रदर्शन किया बाद में सैकड़ों ग्रामीण थाना पहुंचे और थाने में आवेदन देकर करवाई कि मांग की है।वही इस संबंध में इसी गांव के शंकर यादव पिता- विशु यादव ने बताया कि मंदिर निर्माणाधीन का भूमि विवादित है जिसका मामला 28/12/2021 से न्यायलय में लंबित है। भूमि का सारा कागजात मेरे पास है । पूर्व में ग्रामीणों के द्वारा फसल को नष्ट कर दिया गया जिसका मेरे पास साक्ष्य है।अगर समय रहते अंचल अधिकारी के द्वारा नापी नहीं की गई तो बड़ी घटना का अंजाम दिया जा सकता है हमलोग भयभीत हैं। पूरा ग्रामीण दो पक्ष में हो गए हैं दोनों पक्ष में तनाव है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# खपरैल घर में लगी आग जलकर खाक, रहने को विवश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के बारियातू पंचायत अंतर्गत उमाढाँकि गांव में एक असहाय गरीब यशोदा देवी पति बालेशर गंझु का खपरैल मकान में गुरुवार को आग लग गया।जिससे मकान पुरी तरह जलकर राख हो गया। वहीं आग लगने से घर में रखे लगभग 5 क्विंटल धान व खाने पीने के अन्य सामग्री के साथ साथ बगल में रखे बिचाली भी जलकर नष्ट हो गया। जिससे लगभग 20000रुज़ की नुकसान बताया जा रहा है।बताया गया कि उमाढाँकि गांव निवासी यशोदा देवी पति बालेशर गंझू अपने बच्चों के साथ अपने खेत पर काम करने गए थी। अचानक घर में आग लगने की खबर मिली तो आनन फानन में दौड़कर सभी परिवार घर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि घर पूरी तरह से जलकर नष्ट हो चुका है। और ग्रामीण आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं।तब तक बहुत देर हो चुकी थी।और सारा सामान जलकर नष्ट हो गया वहीं गरीब यशोदा देवी का घर जल जाने से उनके तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। जिसे रहने में काफी कठिनाई हो रही है। अब दूसरे के घर में रहने के लिए विवश हो चुकी है। भुक्तभोगी यशोदा ने प्रखंड प्रशासन व जिला प्रशासन से जल्द से जल्द सहायता करने की गुहार लगाई है।

## हिंदुस्तान फाइटर ने मुकेश वॉरियर्स को हराया



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित जवाहरलाल नेहरू फुटबॉल मैदान में चल रहे गिद्धौर प्रीमियर लीग सीजन 2 में शुक्रवार को हिंदुस्तान फाइटर ने मुकेश वॉरियर को चार विकेट से हरा दिया।मुकेश वारियर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 7 विकेट खोकर 87 रन बनाया। जवाबी पारी खेलने उतरी हिंदुस्तान फाइटर की टीम ने 11 ओवर में 6 विकेट खोकर 88 रन बनाकर मुकेश बैरियर को चार विकेट से हरा दिया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले सोनू कुमार सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार हीरा टाइल्स मार्बल के तहत दिया गया। अंपायर की भूमिका अखलेश कुशवाहा व सुनील राम ने निभाई। मौके पर सीजन 2 के लीग अध्यक्ष निरंजन दांगी, सचिव प्रेम राणा, विनोद पासवान समेत अन्य मौजूद थे।

## भारत सरकार के द्वारा एक दिवसीय चौपाल का आयोजन



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत भवन में शुक्रवार को कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प सेवा केंद्र वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार रांची के द्वारा एक दिवसीय चौपाल का आयोजन किया गया।चौपाल का आयोजन मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती के नेतृत्व में किया गया जिसका मुख्य अतिथि पंचायत समिति सदस्य प्रियांशु देवी उपस्थित थी। कालिन प्रशिक्षण अधिकारी भवानी प्रसाद ने बताया कि हस्तशील अपने हाथों से सिलाई चूड़ी झूठ सहित 70 प्रकार के ट्रेनिंग दिया जाएगा। बैठक में आधार कार्ड पासबुक फोटो लाना है। उसके बाद एक आईडी कार्ड बनेगा। आगे उन्होंने बताया कि 30-30 लोगों का ग्रुप बनाया जाएगा और ग्रुप में ही ट्रेनिंग दिया जाएगा। मौके पर अध्यक्ष उमा कुमारी हस्तशिका विकास संस्थापक वन अध्यक्ष आदित्य ताम्रकार विकास कुमार बिक्कू सुनील कुमार यादव प्रदीप यादव परमेश्वर रविदास मनोज रविदास उपस्थित थे।

## जिला शिक्षा पदाधिकारी के पहल पर तीन छात्रों का भविष्य सुरक्षित

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एक ओर जहां मैट्रिक और इंटर की परीक्षा प्रारंभ हो चुका है वहीं दूसरी ओर प्रोजेक्ट प्लस 2 हाइ स्कूल बारीयातु के प्रधानाचार्य के गलती से तीन छात्रों का भविष्य कठघरे में लटका हुआ था। उन छात्रों का एडमिट कार्ड नहीं आ पाया था, जैसे ही इस बात की खबर जिला शिक्षा अधिकारी प्रिंस कुमार को लगी तत्काल उन्होंने तत्परता दिखाते हुए सभी छात्रों (एक छात्र राजू कुमार ठाकुर, एवं दो छात्रा अमीषा कुमारी एवं खुशबू कुमारी) का एडमिट कार्ड जारी करवाया गया। उनकी इस कार्य के लिए सभी छात्र एवं उनके परिजनों ने उनका आभार प्रकट किया।

# आज भी भिथारा गांव में आदिम जनजाति मूलभूत सुविधाओं से वंचित

➲महीनों से जल मीनार बेकार, चापानल के भरोसे कई घर
➲प्रखण्ड के कसारी पंचायत अंतर्गत भिथारा कॉलोनी में 7 घर की है आबादी
➲ना बिजली ना पानी ना अन्य सुविधाएं, कैसे होगा विकास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के कसारी पंचायत अंतर्गत भिथारा गांव में आदिम जनजाति (बिरहोर) की 7 घर की आबादी है। जहां आज भी दुर्दशा का दंश झेल रहे हैं। ना पानी की सुविधा ना बिजली की सुविधा ना अन्य सुविधा अब तक हो पाई है। एक बहुत दिन पूर्व जलमिनार बनाया गया था वो आज बिल्कुल बेकार हो गया है आदिम जनजाति लोग जैसे तैसे आज भी उसी चापानल के भरोसे पानी पी रहे हैं। इधर आदिम जनजाति लोगों के लिए झारखंड सरकार द्वारा कई तरह का अपडेट योजनाएं चला रही है। साथी हीं उपायुक्त चतरा के निर्देशानुसार एसडीओ सिमरिया के निर्देश पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा चिन्हित आदिमजाति के निवास स्थलों पर पहुंच कर आदिम जनजाति के विकास को लेकर सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। किंतु भिथारा कॉलोनी में निवास कर रहे बिरहोर परिवारों तक पदाधिकारियों का पहुंच अब तक नहीं हो पाई है। वैसे में इनका विकास का क्या होगा यह एक बड़ी सवाल है।

# डीएमओ द्वारा बालू घाट का किया गया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** मझिआंव नगर पंचायत के वार्ड नंबर 8 के बकोईया गांव में कोयल नदी में बालू घाट एवं डंपिंग यार्ड का उद्घाटन गढ़वा डीएमओ श्री राजेंद्र उरांव के द्वारा फीता काटकर किया गया। यह बालू घाट जेएसएम डीसी के द्वारा चलाया जाएगा। इस दौरान डीएमओ के द्वारा बताया गया कि अब गढ़वा जिला में बालू का किल्लत नहीं रहेगा, आसानी से सभी जिला वासियों एवं ग्रामीण जनता को जेएमडीसी के द्वारा रसीद काटकर सरकारी दर पर बालू बिक्री किया जाएगा। कहा कि बकोईया कोयल नदी के घाट से बालू उठाने के लिए उद्घाटन किया गया। कोयल नदी से बालू उठाकर



गांव में मझिआंव - गढ़वा मुख्य सड़क किनारे डंपिंग किया जाएगा और यहीं से बालू बिक्री किया जाएगा। इस दौरान मौके माइनिंग इंस्पेक्टर बीपी महतो संवेदक रिंकू तिवारी एवं ग्रामीण आनंद चौबे, मिलेंद्र पाठक, नितेश पाठक, सुरेंद्र चौधरी, अर्जुन पाठक, विजय सिंह, मंटू सिंह, विक्की सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## परिजन नहीं माने तो व्यवहार न्यायालय के समक्ष रचाई शादी



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला विवाह अधिकारी के समक्ष शुक्रवार को 11 बजे एक प्रेमी जोड़े ने विवाह रचाई। दरअसल, चतरा जिले के लावा लॉन्ग निवासी निरंजन कुमार पिता करण राम और लातेहार जिले के डीही मुरुप निवासी पूनम कुमारी पिता रामदयाल राम के बीच पिछले छह महीनो से प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेम प्रसंग जब परवान चढ़ा चढ़ा तो प्रेमी जोड़े अपने परिजनों के खिलाफ हो गए। युवक निरंजन कुमार और उसकी प्रेमिका पूनम ने बताया कि हालांकि उन के परिजन उनके प्रेम प्रसंग के खिलाफ थे। बताया कि दोनों को एक दूसरे से अलग करने के लिए डीही मुरुप और लावालॉन्ग के पंचायत स्तर पर तीन बार बैठक भी हुई। वही पूनम ने बताया कि कोई निष्कर्ष नहीं निकलने के कारण निरंजन अपने परिजनों से खफा हो गए और घर छोड़ कर मेरे घर पर चला आया। हालांकि पूनम के परिजन तो माने परंतु निरंजन के परिजनों ने शादी पर सहमति से इनकार कर दिया। जिसके बाद शुक्रवार को दोनों प्रेमी जोड़े कोर्ट पहुंचे और विवाह अधिकारी के समर्थन के बाद दोनों प्रेमी जोड़े ने विवाह कर लिया। जानकारी के अनुसार प्रेमी जोड़े फिलहाल डीही मुरुप में रामदयाल राम के घर रह रहे हैं। विवाह कार्यक्रम के दौरान प्रेमी जोड़े के साथ रामदयाल राम, उपेंद्र कुमार रवि और सरिता देवी मौजूद थी।

# घटिया पीसीसी पथ निर्माण कार्य पर ग्रामीण नाराज, गुणवत्तापूर्ण कार्य की रखी मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना मध्य अंतर्गत चपरी मेलाटांड़ से मयूरमरी टोला तक पथ निर्माण कार्य ग्रामीण कार्य विभाग से लाखों रुपए की लागत से होने वाले निर्माण कार्य में अनियमितता शुरुआती दौर से ही रहा है। उक्त पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास हुए लगभग एक वर्ष से अधिक हो गये हैं। वर्तमान में पीसीसी निर्माण कार्य शुरू हुआ जिसकी निगरानी संबंधित अभियंता का नहीं बल्कि चपरी के ग्राम वासियों ने पंचायत के पंसस प्रतिनिधि अनिल राम के नेतृत्व में किया जा रहा है। जहां निर्माण कार्य में भारी अनियमितता का आरोप ग्रामीणों के द्वारा लगाया गया और निर्माण कार्य को रोकते हुए संबंधित अभियंता के मौजूदगी में कराने व गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की बात कही गई। ग्रामीणों का आरोप है कि घटिया सीमेंट, तीस से चालीस एम एम चिप्स से बालू की मात्रा अधिक कर पीसीसी पथ की ढलाई की जा रही है। मौके पर ग्रामीणों के साथ अनिल राम ने कहा कि इस पथ से दिनभर ट्रैक्टर का आना-जाना लगा रहता है और यह सड़क ग्रामीणों की मांग पर क्षेत्र के सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह प्रयास से बन रहा है। उन्होंने कहा कि हमलोग जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता से मांग कर रहे हैं कि यह सड़क का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो। मौके पर दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# पत्रकार आशीष पांडेय की 94 वर्षीय नानी का निधन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** स्थानीय पत्रकार आशीष पांडेय की 94 वर्षीय नानी सुलक्षणा कुंवर का निधन शुक्रवार की सुबह दस बजे हो गया। जानकारी के अनुसार वे विगत कुछ दिनों से काफी बीमार चल रही थी । वे अपने पैतृक आवास बिलासपुर में अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे तीन बेटा और चार बेटी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ चल बसी। वही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार मुखाग्नि बेटाबड़ा बेटा शैलेन्द्र मिश्रा के द्वारा दिया जाएगा। वही अधिवक्ता वीरेंद्र मिश्रा, संजय मिश्रा, पोता आलोक मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग शोकाकुल है।

## पागल कुत्ता काटने से तीन लोग घायल

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में शुक्रवार को पागल कुत्ता के काटने से तीन लोग घायल हो गए। जिसमें पीयूष कुमार 5 वर्ष पिता प्रेम यादव ग्राम शेरेगड़ा, खुशी कुमारी 8 वर्ष पिता नंदू गंझु ग्राम भगिया एवं तरवा देवी 66 वर्ष ग्राम बारा थाना बालूमाथ निवासी शामिल है। घटना के बाद सभी घायलो का इलाज बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा किया गया। और उन्हें एंटी रेबीज की इंजेक्शन दी गई।

# तालीमी मुजाहिरा में मकतब के बच्चों ने अपने प्रदर्शन से लोगों को किया आकर्षित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के रहमत नगर स्थित मदीना मस्जिद में मकतब में शब-ए-बरत के उपलक्ष्य में अध्ययनरत बच्चे एवं बच्चियों के लिए तालीमी मुजाहिरा का आयोजन किया गया ।जिसमें बच्चों एवं बच्चियों ने अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया ।बच्चों ने नात, तकरीर, हदीस, दुआ और क्विज के माध्यम से समाज में तालीमी बेदारी पैदा करने और बुराई को जड़ से खत्म करने की महत्वपूर्ण बातें कहीं। हाफिज मौके पर सैफुल्लाह ने इस कार्यक्रम के उद्देश्य पर चर्चा करते हुए बच्चों को तालीमी बेदारी और समाज की सेवा के लिए प्रेरित करना बताया उन्होंने बच्चों और अभिभावकों को दीनी तालीम पर ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मौलाना माज मुजाहिरी ने बच्चों के उस्ताद और गार्जियन की मेहनत की सराहना की। मौलाना वसीम अकरम नदवी ने बच्चों से इस्लामिक सवाल पूछे और उनके जवाब से बच्चों ने लोगों को मुताशिर किया. तालीमी मुजाहिरा का आगाज तिलावत-ए-कुरान-पाक से की गई. समापन सामूहिक दुआ के साथ हुआ. जिसमें मुल्क की तरक्की, अमन व शांति की दुआ मांगी गई. मौके पर हाजी अब्दुल रहमान, गुलाम कुरैशी, महमूद अंसारी, मो0 आरिफ, अनवर अंसारी, जुबेर कुरैशी, वकील कुरैशी, मो इम्तियाज, यूसुफ अंसारी, समेत कई लोग मौजूद थे।

# अनुसूचित खतियानी भूमि पर गलत तरीके से हो रहा है कब्जा : रैयत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड के उक्कामाड़ निवासी आशा देवी पिता स्व बिफन भुइयां ने आरोप लगाया है कि उनके रैयती भूमि पर गैर अनुसूचित जाति के द्वारा जबरदस्ती कब्जा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि खाता संख्या 169 प्लॉट संख्या 724 रकबा 27 डिसमिल भूमि हमारी रैयती भूमि है जिसका हाल सर्वे का खतियान व रसीद मेरे दादा स्व नान्हु भुइयां के नाम है। उन्होंने बताया कि हमने गोतिया बंटवारे एवं निर्माण कार्य रोकने हेतु अक्तूबर 2024 में ही व्यवहार न्यायालय लातेहार में आवेदन किया था पर पांच महीने गुजर जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि मामला न्यायालय में होने के बावजूद एक हिस्सेदार द्वारा हमारे पुस्तैनी भूमि बिना बंटवारा हुए किसी गैर अनुसूचित जाति अनिल राम के हाथों बेच कर जबरन कब्जा किया जा रहा है।



हमारे विरोध करने पर धमकी दिया जा रहा है जिसकी शिकायत हमने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को लिखित किया है। उन्होंने जिले के उपायुक्त को पत्र देने की बात कही और उपायुक्त से मांग किया है कि जबतक भूमि का बंटवारा नहीं हो जाता और भूमि का सीमांकन नहीं हो जाता किसी प्रकार का कोई निर्माण कार्य न हो। उन्होंने बताया कि उक्त भूमि पर वर्तमान में बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मामले की शिकायत पर प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी संज्ञान लेते अंचलाधिकारी से अनुरोध किया है कि मामले की जांचोपरांत नियम संगत कार्रवाई करें। वहीं इस संबंध में अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों को नोटिस कर कार्रवाई की जाएगी।

## झारखंड आंदोलनकारी के निधन पर शोकसभा

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड आंदोलनकारी मंच जिला समिति लातेहार के तत्वाधान में शुक्रवार को शोक सभा का आयोजन स्थानीय कृषि फार्म परिसर में आंदोलनकारी धनेश्वर उरांव की अध्यक्षता में किया गया। शोकसभा में चंदवा प्रखंड के वरिष्ठ आंदोलनकारी जगदीश उरांव के असामायिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की गई। दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। शोकसभा में सत्येंद्र सिंह, अनिल मिंज, बेलस टोप्पो, सरजू उरांव, सुरेंद्र भगत, गुलाब प्रजापति, प्रमोद गंझू, कुमुदिनी हांसदा, राजकुमारी देवी, सुमन खलखो, फूलचंद गंझू समेत कई लोग शामिल थे।

## खेलने के दौरान गिरने से बच्ची घायल


**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के तुम्बागड़ा ग्राम में शुक्रवार को खेलने के दौरान गिरने से एक वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सुप्रिया कुमार 1 वर्ष पिता छठु गंझु तुम्बागड़ा थाना बालूमाथ निवासी का भाई उसके खेल रहा था। जहां हाथ से छूट जाने के कारण गिरकर बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों द्वारा घायल बच्ची को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

# अकीदत के साथ बड़कागांव में शब ए बारात का त्योहार संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत बादम, बड़कागांव, चट्टी, सिरमा, बलिया, महुदी, नापो, महुगाई, अलगड़िहा, डाडी, सिंदवारी, चेपा, गर्री, हाहे आदि गांव में पूरे अकीदत व उल्लास के साथ शब ए बरात का त्योहार गुरुवार की रात को मनाया गया। मस्जिदों व कब्रगाहों को आकर्षक लाइटों से सजाया गया था। इबादत की रात के बाद वाले दिन रोजा भी रखा गया। रात्री में शब ए बारात के मौके पर मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा रात भर इबादत की गई। लोग अपने अपने घरों व मस्जिदों में रात भर इबादतों में मशगूल रहे। वहीं रात्री तीसरे पहर में कब्रिस्तान पहुंचकर अपने परिजनों व सगे संबंधियों के लिए मगफिरत की दुआ मांगी। जामा मस्जिद बादम के इमाम गुलजार अहमद ने कहा कि वैसे तो शाबान का पूरा महीना बरकतों का है। लेकिन 15 वीं तारीख की रात यानि शब ए बारात की रात की फजीलत बहुत ज्यादा है। इस रात इंसानों की तकदीर लिखी जाती है। यह रात मगफीरत, बरकत, रहमत व निजाद पाने की रात है। इस रात ज्यादा ज्यादा इबादत की जाती है। साथ ही साथ इबादत के नाम पर दिखावा करने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस रात कुछ लोग हल्ला, हंगामा, इधर उधर घूमना झुंड में बैठकर किसी का शिकायत करने वालों को समझना चाहिए कि इस्लाम में दूसरों को तकलीफ पहुंचाने वाले गुनाह के हकदार होते हैं। इस दौरान बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार, पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार और थाना प्रभारी नेमधारी रजक के की अगुवाई में पूरे प्रखंड में सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। रात भर पुलिस पदाधिकारी और जवान प्रखंड के विभिन्न गांव में गस्ति करते रहे।





## पुलवामा आतंकी हमले के छठे बरसी पर जदयू नेता राकेश गुप्ता ने शहीद स्मारक में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** शुक्रवार को पुलवामा आतंकी हमले के छठे बरसी पर परिसदन समीप स्थित शहीद स्मारक पार्क में समाजसेवी सह जदयू नेता राकेश गुप्ता ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके शहादत को नमन किया। दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि दी। मौके पर समाजसेवी सह जदयू नेता राकेश गुप्ता ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हमारे वीर जवानों को शत-शत नमन और विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारत उनका सर्वोच्च बलिदान कभी नहीं भूलेगा। सभी वीरों का बलिदान सदैव हमारे अंतस में राष्ट्रप्रेम की ज्योति बनकर प्रज्ज्वलित रहेगा। इस क्रम में विनर डिफेंस अकादमी के बडी संख्या में छात्र- छात्राएं उपस्थित होकर श्रद्धांजलि दी एवं नमन किया। वीर शहीद अमर रहे, जय हिंद एवं भारत माता की जय सहित कई राष्ट्रभक्ति गगनभेदी नारों से शहीद स्मारक देशभक्ति की वतावरण से सरोबार रहा। देश के प्रति शहीदों के प्रति सर्वोच्च बलिदान को नमन एवं याद किया। मौके पर विनर डिफेंस अकादमी के कोच अनुज कुमार, कौशल कुमार, छात्र शेखर कुमार, सनी कुमार, अनिल कुमार, रामप्रीत कुमार,अंशु कुमार, विकास कुमार, राहुल कुमार, रानी , ललिता, रिया कुमारी, रिंकी कुमारी, नेहा कुमारी, काजल कुमारी, सरस्वती कुमारी, निजल, प्रीति, अनिशा, मनीषा, सरस्वती, रिम्मी सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## महिलाओं के लिए दो दिवसीय नि:शुल्क जननी स्वास्थ्य मेला का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** श्रीनिवास सर्वमंगल सोसाइटी द्वारा संचालित रविन्द्र पथ बिजली ऑफिस के विपरीत स्थित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में दो दिवसीय जननी स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। 17 फरवरी यानि सोमवार से लेकर 18 फरवरी यानि मंगलवार तक मिशन होस्पिटल परिसर में महिलाओं के लिए विशेष निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें महिलाओं को निशुल्क चिकित्सा परामर्श, मुफ्त दवा, बी.पी जांच, अल्ट्रासाउंड, कैंसर स्क्रीनिंग, नेत्र जांच, एक समय का भोजन, दंत जांच एवं शुगर व हीमोग्लोबिन का जांच एवं इलाज मुफ्त होगा। शिविर के माध्यम से हेयर ट्रांसप्लांट एवं अन्य जांच में भारी छूट महिलाओं को प्रदान किया जाएगा। अनुभवी चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी शिविर में अपनी सेवाएं देंगे। स्वास्थ्य कर्मी सक्रियता एवं तत्परता से निशुल्क शिविर में जुटे रहेंगे। महिलाओं को शिविर की जानकारी प्राप्त करने के लिए 9430165926, 9297993810 हेल्प लाइन नंबर जारी किया गया है। मौके पर संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने शिविर की जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं को घर की व्यस्ततम कार्य को लेकर कई बार ऐसा देखा जाता है कि नियमित समय पर स्वास्थ्य की देखभाल नहीं करने से गंभीर एवं जटिल बिमारी पकड़ लेता है। जिससे महिलाओं को आर्थिक खर्च एवं कई परेशानियों को सामना करना पडता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सही समय पर स्वास्थ्य की देखभाल एवं उपचार हेतु 17 फरवरी सोमवार से दो दिवसीय निशुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ताकि बिमारी की पूर्वत जांच एवं उपचार कर स्वास्थ्य देखभाल में सहुलियत एवं राहत मिले। इसके साथ ही शिविर में महिलाओं को निशुल्क उपचार एवं जांच करवाकर उत्तम स्वास्थ्य का लाभ मिलेगा।




## विधायक रोशन लाल चौधरी ने कौशल विकास भवन का किया शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम बादम मे ग्रामीण विकास विभाग डीएमएफटी मद से कौशल विकास केंद्र सह बहुद्देशीय भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने किया। इससे पहले ढोल नगाड़े के साथ भारी संख्या में लोगों के द्वारा रोशन लाल चौधरी को शिलान्यास स्थल ले जाया गया जहां पर फूल माला से भव्य स्वागत किया गया।

मौके पर उन्होंने संवेदक को निर्देश दिया के भवन के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का पूरा रखा जाए। निर्भीक हो कर गुणवत्तापूर्ण कार्य करें कहीं किसी तरह की परेशानी होगी तो मैं साथ खड़ा रहूंगा। आगे कहा के मेरे विधायक बनने के बड़ा ये पहला विकास कार्य बादाम पंचायत में हो रहा है आगे भी और कई विकास के कार्य को किया जाएगा। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के एक एक पंचायत और गांव तक विकास कार्यों के लिए मैं कृत संकल्पित हूं। कार्यक्रम के अंत में पुलवामा हमले में शहीद हुए देश के वीर जवानों को एक मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।

मौके पर मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, उप प्रमुख बचनदेव कुमार, पूर्व प्रमुख टूकेश्वर महतो, कुशवाहा समाज अध्यक्ष सोहन लाल मेहता, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, राजा खान, आजसू प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, भागीरथ ठाकुर, किशोर महतो, पंकज सिंह, दीपक सिंह, राजकुमार सिंह, उपेंद्र महतो, त्रिवेणी महतो, कैसर अली सहित सैंकड़ों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।



## प्रखंड स्तरीय रविदास महासभा का कमेटी विस्तार 16 फरवरी को



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड के अंतर्गत करियातपुर पंचायत के ग्राम शिवपुर में आगामी 16 फरवरी दिन रविवार को प्रखंड स्तरीय रविदास महासभा के कमेटी विस्तार हेतु सम्मेलन होना सुनिश्चित हुआ है जिसमें स्थल का निरीक्षण कर लिया गया है, उक्त सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग जिले के रविदास महासभा अध्यक्ष विनोद राम शामिल होंगे, इसके साथ ही बरही विधानसभा अंतर्गत बरही,पदमा, चौपारण,चंदवारा,चौपारण के गणमान्य पदाधिकारी व समाजसेवी, अभिभावक, बुद्धिजीवी, युवक, युवतियाँ व महिलाये शामिल होंगे, उक्त कार्यक्रम की जानकारी बरही प्रखंड के रविदास महासभा के अध्यक्ष अर्जुन राम ने दिया जिसमें उन्होंने सभी को इसमें बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की, कार्यक्रम स्थल निरीक्षण के दौरान रविदास महासभा के सचिव संतोष कुमार दस कोषाध्यक्ष सतीश कुमार दास, मनोज कुमार,बृजेंद्र रविदास,पूरन राम रामकुमार दास,अमरेंद्र राम, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पुलवामा में हुए अमर शहीदों को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला कांग्रेस कमिटी हजारीबाग द्वारा बुधवार को परिसदन स्थित शहीद स्थल पर महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत के नेतृत्व में पुलवामा में हुए 40 अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई । इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने कहा कि आज के ही दिन जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारतीय सुरक्षा कर्मियों को ले जाने सीआरपीएफ के वाहनों के काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ था जिसमें 40 भारतीय सुरक्षा कर्मियों नें अपनी शहादत दी थी । उन्होंने कहा कि देश के लिए जो जवान शहीद होते हैं कभी मरते नहीं बल्कि सदा के लिए अमर हो जाते हैं । श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान,सेवा दल के अध्यक्ष गुड्डू सिंह, सहकारिता के जिला अध्यक्ष कृष्णा किशोर प्रसाद,परवेज अहमद,ओबीसी के प्रदेश सचिव रेणु कुमारी, रघु जायसवाल,महासचिव दिलीप रवि,मो मुस्ताक,महिला जिला अध्यक्ष बेबी देवी,राजेश कुमार,सलीम रजा,अनिल भुइया,असरफ अली,सदरुल होदा आदि काग्रेसजन उपस्थित रहे ।

## भूमि संबंधित मामलो के निष्पादन को लेकर अंचल में लगा शिविर

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला उपायुक्त के निर्देशानुसार दाखिल खारिज के लंबित वादों में सुधार के लिए विष्णुगढ़ अंचल कार्यालय में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर का आयोजन उपायुक्त द्वारा नामित वरीय पदाधिकारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी की उपस्थिति में किया गया। इस संबंध में अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने कहा कि उक्त शिविर मुख्य रूप से अंचल कार्यालय में 30 दिनों से आपत्ति रहित वादों की स्थिति में सुधार के लिए एवं लंबित ऑनलाइन रसीद निर्गत करने को लेकर लगाया गया। इस विशेष शिविर के आयोजन से लोगों की समस्याओं का हल करने में मदद मिलती है। वही इस भू-राजस्व शिविर में कुल 54 मामलों का किया गया निष्पादन, जिसमें दाखिल खारिज को लेकर कुल 26 आवेदन प्राप्त हुए एवं ऑनलाइन लगान रसीद निर्गत करने को लेकर कुल 28 आवेदन प्राप्त किए गए।

## बसरिया जन वितरण प्रणाली में धोती साड़ी का वितरण

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड के अंतर्गत बसरिया पंचायत के ग्राम बसरिया में जन वितरण प्रणाली के माध्यम से लाभुकों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप व पंचायत समिति प्रतिनिधि कामेश्वर दास ने संयुक्त रूप से 150 लाभुकों को धोती साड़ी व लूंगी का वितरण किया। मौके पर जन वितरण प्रणाली के रामकिशुन रविदास, समाजसेवी नागेश्वर रजक, लोकेश राणा, नागेश्वर सिंह, रूपन प्रजापति, महेंद्र सिंह सहित सभी लाभुक व ग्रामीण शामिल रहे।

## अवैध बालू लोड ट्रैक्टर को पगार ओपी पुलिस ने किया जब्त

**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पगार ओपी प्रभारी बिक्की ठाकुर ने 14 फरवरी के अहले सुबह बसरिया वालेदेवरी मुख्य सड़क पर बालू का अवैध परिवहन करने के दौरान अवैध बालू लोड पांच ट्रैक्टर को जब्त किया है. जब्त सभी ट्रैक्टर को पगार ओपी परिसर में रखा गया है. जब्त ट्रैक्टर के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई के लिए अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है. घटना के संदर्भ में विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक ट्रैक्टर को मान मनौवल के बाद छोड़ दिया गया वही चार ट्रैक्टर के विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई की तैयारी की जा रही थी. ट्रैक्टर पकड़े जाने के उपरांत लायजनर किस्म के लोगों द्वारा ट्रैक्टर को छुड़ाने का भरपूर प्रयास किया जा रहा था.

## रेनबो स्कूल बरही में पुलवामा के वीर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

- **यह सर्वोच्च बलिदान देश की रक्षा और अखंडता को बनाए रखने के लिए सदैव प्रेरणा देता रहेगा : सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** पुलवामा आतंकी हमले की पुण्यतिथि के अवसर पर शिवपुर गडलाही स्थित रेनबो स्कूल बरही में विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय के निदेशक सिकंदर प्रसाद कुशवाहा की अगुवाई में विद्यार्थियों, शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन समिति ने देश के वीर शहीदों को नमन किया और उनके बलिदान को याद किया। श्रद्धांजलि सभा की शुरुआत शहीद जवानों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट के मौन से की गई। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने दीप जलाकर पुलवामा हमले में शहीद हुए 40 वीर जवानों को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। सभा में छात्रों ने देशभक्ति गीत गाए और अपने उद्गार व्यक्त किए। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सिकंदर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि 14 फरवरी 2019 का दिन भारतीय इतिहास में उन वीर सपूतों के बलिदान की गवाही देता है, जिन्होंने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनका यह सर्वोच्च बलिदान देश की रक्षा और अखंडता को बनाए रखने के लिए सदैव प्रेरणा देता रहेगा। विद्यालय के शिक्षकों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्रों को देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। विद्यालय के छात्रों ने भी पुलवामा के शहीदों को याद करते हुए उनके सम्मान में नारे लगाए—जब तक सूरज चाँद रहेगा, शहीदों का नाम रहेगा। निदेशक सिकंदर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि यह दिन केवल शोक का नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए संकल्प लेने का भी है। उन्होंने कहा कि हमें अपने सैनिकों के बलिदान से सीख लेकर देशहित में कार्य करना चाहिए और अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। सभा के अंत में सभी ने राष्ट्रगान गाकर वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर शिक्षकों में गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, पंकज कुमार, सुधा यादव, रिंकी कुमारी, सुजीत कुमार, स्वाती कुमारी, मानसी कुमारी, विनय कुमार, सकलदेव यादव, सतीश कुमार, मानसी केशरी, अरमान आलम, रानी कुमारी, शैलवी कुमारी, पृथ्वीराज, परी कुमारी सहित अन्य उपस्थित रहें।

## एनएमएल पकरी बरवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट को मिला सर्वश्रेष्ठ कोल माइनिंग पुरस्कार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** पावर स्टेशन्स ऑपरेशंस एंड मेंटेनेंस कॉन्फ्रेंस (आईपीएस 2025) में, एनएमएल पकरी बरवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट को सर्वश्रेष्ठ कोल माइनिंग (ऑपरेशनल) श्रेणी में प्रतिष्ठित स्वर्ण शक्ति पुरस्कार 2023-24 से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोल माइनिंग) अनिमेष जैन और पकरी बरवाडीह के परियोजना प्रमुख फैज तैय्यब ने ग्रहण किया। पकरी बरवाडीह को यह पुरस्कार खनन क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रस्तुत किया गया। एनटीपीसी लिमिटेड, भारत की सबसे बड़ी एकीकृत पावर यूटिलिटी, 13-15 फरवरी को रायपुर में आईपीएस 2025 का आयोजन कर रहा है। यह तीन दिवसीय सम्मेलन, एनटीपीसी सिंगरौली की पहली यूनिट के समन्वयन की याद में, ÷विश्वसनीय और स्थायी उत्पादन, संपत्ति प्रबंधन और ऊर्जा संक्रमण पर केंद्रित है। आईपीएस 2025 में टेक्नो गैलेक्सी प्रदर्शनी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटलीकरण जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को भी प्रदर्शित किया गया।

## स्कूल वैन ने बाइक को मारी टक्कर, बाइक पर सवार मां सहित दो बच्चे घायल,रेफर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत करसो के पास स्कूल वैन (जेएच 02 बीएम 9651) ने बाइक को पीछे टक्कर मार दिया। बाइक पर सवार करसो निवासी निजाम उद्दीन के 27 वर्षीय पत्नी शबनम खातून और उनके पुत्र 5 वर्षीय फैजान अली, पुत्री 3 वर्षीय नूरी फातिमा जख्मी रूप से घायल हो गया। हलांकि बाइक चालक को हल्की चोट आई। घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल उपचार के लिए लाया गया,जहां उनकी प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं बरही थाना पुलिस की सूचना पर स्कूल वैन को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आई है। घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार बाइक पर सवार होकर शबनम खातून अपने दोनों बच्चों के साथ बरही से वापस अपने घर लौट रहे थे, इसी दौरान करसो के पास राधा कृष्णा पब्लिक स्कूल मेरमगड्डा, स्कूल वैन ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दिया।

## पुलवामा हमले की छठी बरसी पर आईलेक्स पब्लिक स्कूल में वीर जवानों की शहादत को किया गया याद

- **आने वाली पीढ़ियां पुलवामा के नायकों का बलिदान नहीं भूलेंगी : शैलेश कुमार**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव स्थित आईलेक्स पब्लिक स्कूल और उसके सभी अन्य ब्रांचों में शुक्रवार सुबह 14 फरवरी को पुलवामा के शहीदों के नाम एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सभी बच्चों ने मोमबत्ती जला कर पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वही आईलेक्स स्कूल के निर्देशक शैलेश कुमार ने कहा कि पुलवामा हमले की छठी बरसी पर वीर जवानों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता है, पुलवामा में हमने जिन साहसी नायकों को खो दिया उन्हें श्रद्धांजलि आने वाली पीढ़ियां उनके बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनके अटूट समर्पण को कभी नहीं भूलेंगी। वही आईलेक्स स्कूल की मैनेजर सुषमा भारती ने कहा कि आज ही के दिन 2019 में भारत ने पुलवामा में एक आतंकवादी हमले में सीआरपीएफ के जवानों को खो दिया। देश के लिए उनके बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। मैं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं, इसके साथ ही उन्होंने आगे कहा कि शहीदों के परिवार के प्रति अपना समर्थन प्रकट करती हूं। भारत जवानों की वीरता और सम्मान करने के लिए एकजुट है। आईलेक्स स्कूल के सभी ब्रांच के बच्चों ने देश के वीर जवानों को कैंडल जलाकर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, देश के वीर जवानों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। कहा कि वीर जवानों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

## यमुनी यशोदा पतंजलि योग आश्रम का तीसरा स्थापना दिवस संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

दारू । प्रखंड क्षेत्र के कोय में स्थित यमुनी यशोदा पतंजलि योग आश्रम का तीसरा स्थापना दिवस स वन रक्षाबंधन का कार्यक्रम 14 -2-2025 को आयोजित किया गया आश्रम से सटा हुआ कोय जंगल का पूजा अर्चना कर रक्षाबंधन का कार्यक्रम किया गया रक्षाबंधन कार्यक्रम में डॉक्टर खेमलाल प्रसाद मूलचंद ठाकुर जिबलाल प्रजापति सभा को संबोधित किया इस आश्रम के पदाधिकारी सत्येंद्र कुमार अध्यक्ष श्रीधर कुमार ,सचिव अशोक कुशवाहा ,चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर प्रमोद कुमार ,कोषाध्यक्ष रामधनी प्रसाद एवं लोकनाथ प्रसाद सदस्य अमित प्रसाद भोला सिंह वासुदेव सिंह शिव शंकर प्रसाद योग शिक्षक महेंद्र प्रसाद ललिता कुमारी महादेव ठाकुर संतोष कुमार पिपाशा देवी रानी कुमारी मुख्य रूप से उपस्थित हुए इस कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद धरमपुर स्कूल के बच्चे देवकली स्कूल प्लस टू के उच्च विद्यालय के बच्चे तथा अन्य विद्यालयों के बच्चे भी सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिए मुख्य अतिथि बटेश्वर प्रसाद मेहता विशिष्ट अतिथि बलदेव बाबू सभा को संबोधित किये अतिथि दिनेश प्रसाद खंडेलवाल इस सभा को संबोधित किया ।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


## पुलवामा दिवस पे याद किए गए वीर शहीद को

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय में जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में हुए आत्मघाती हमले की याद में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में शहीदों की याद में मौन रखा गया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह, सचिव प्रियंका कुमारी, प्रति कुलपति महोदया प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य श्री अजय कुमार एवं विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्यातागण एवं छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।



## 14फरवरी 2019 में पुलवामा के 40 शहीदों को किया गया नमन

**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 14 फरवरी 2019 के दिन एक कायराना आतंकवादी हमले में, पुलवामा में, भारतीय सेना के 40 जवान शहीद हुए थे। उनकी याद में सर्वोच्च बलिदान देने वालों को सिटिजन फोरम विद्यालय, गिद्दी के भारत स्काउट गाइड के कैडेट्स ने सलामी परेड कर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दिए। जिसमें गाइड चन्द्रिमा कुन्डू, परी सिंह, स्काउट भौमिक कुमार, राजेश सोनी और हैप्पी कुमार, भारत स्काउट गाइड के राज्य प्रशिक्षण केन्द्र एवं जिला मुख्यालय के उपाध्यक्ष, प्राचार्य उदयशंकर, शिक्षक -शिक्षिका एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थे।



## कुजू में जश्ने खाजा गरीब नवाज का आयोजन किया गया

**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कुजू के पुराना बाजार टांड़ में मो. एहसान मंजर चिश्ती के द्वारा जश्ने खाजा गरीब नवाज आयोजन किया गया जिसमें अजमेर शरीफ से आए पीरे तरीकत सैयद अब्दुल हन्ना चिश्ती वा कोलकाता के मो. हसीम अली चिश्ती , सूफी फैय्याज चिश्ती, धनबाद के मोहम्मद शहबाज चिश्ती, सूफी फिदा हुसैन मौजूद थे अजमेर शरीफ से आए पीरे तरीकत सैय्यद अब्दुल हन्ना चिश्ती ने अपने तकरीर में कहा वाईज़ इधर उधर की ना दर-दर की बात कर बस पंजतन के नूरे मनूर की बात कर महफिल है मेरे ख्वाजा कि आए हैं पंजतन जन्नत की बात छोड़ आज मेरे घर की बात कर जिससे पूरा महफिल गूंज उठा अपनी तकरीर में सैयद हन्ना चिश्ती ने कहा खाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती कि शान में कहा की जब खाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती हिंदुस्तान के अजमेर शरीफ तशरीफ लाएं और अमन सुकून वा मोहब्बत का पैगाम लोगों को दिया इस्लाम की तब्लीक किया वही से इस्लाम की खुशबू आज हिंदुस्तान में हुई अजमेर शरीफ में हर धर्म मजाहब के लोग पहुंच ते है और अपनी मन्नतें को मांगते है





## विधायक ममता देवी ने छोटकी कुंदरु में स्कूल में चहारदीवारी निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ प्रखंड के छोटकी कुंदरु नव प्राथमिक विद्यालय में चहारदीवारी निर्माण कार्य का शुभ शिलान्यास मुख्य अतिथि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक ममता देवी व विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल के द्वारा शिलापट्ट से पर्दा हटा कर किया गया। शिलान्यास के दौरान विधायक ममता देवी ने कहा कि क्षेत्र में तेजी से विकास योजनाओं को धरातल पर उतरा जा रहा है। आगे विधायक महोदया ने कहा हमारी सरकार सभी मुद्दों पर काफी संवेदनशील है और सरकार अच्छी तरह से झारखंड के उन्नति को लेकर कार्य कर रही है। मौके पर हीरालाल महतो, खेमन महतो, लालदेव महतो, झलकू बेदिया, कमलेश बेदिया, छोटनलाल महतो, निरंजन महतो, रॉबिन मुंडा, सुबोध कुमार, रंजीत करमाली, राकेश कुमार, सिन्हा, अंचल पासवान, चूरामन पटेल, महेंद्र महतो,बीजेपी नेत्री रूपा कुमारी, संवेदक खिरोधर बेदिया, संतोष महतो, ज्ञानी प्रसाद सहित दर्जनों महिला पुरुष मौजूद थे।



### हजारीबाग एसपी से मिले अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के केन्द्रीय अध्यक्ष बिनोद किस्कू व केन्द्रीय महासचिव दशई किस्कू

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के केन्द्रीय अध्यक्ष मनोनत बिनोद किस्कू एवं मरांग परगना केन्द्रीय महासचिव दशई किस्कू के नेतृत्व में शुक्रवार को अपने समाज के डाडी, विष्णुगढ़, बड़कागांव,पदमा व इचाक प्रखंड के सभी पदाधिकारीयों ने हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह से शिष्टाचार मुलाकात किये। वहीं शिष्टाचार मुलाकात के पश्चात अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के सभी पदाधिकारीयो ने संयुक्त रूप से पुलिस अधीक्षक अरविंद सिंह को पुष्प गुच्छ भेंट कर पुरे हजारीबाग जिले कि सभी समस्याओं पर बिंदुवार चर्चा किया गया। जिसमें बड़कागांव व उरीमारी क्षेत्र में नशे के आदि होते युवाओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए अंकुश लगाने कि मांग कि गई। वहीं पुलिस अधीक्षक से मिलने वालों में अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के जोगवा दीपक टुडू,बहाराम सोरेन, शिकारी टुडू,तालो हांसदा,प्रमोद किस्कू, धनीराम मांझी,मोहन हांसदा, बाबूचंद टुडू,बबुन हांसदा, सुरेश टुडू, बाबूराम मरांडी,खेपन मांझी, मनोज सिंह, राजेश मुर्मू आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।



## चूटूपालू घाटी में ट्रक ने ऑल्टो कार को मारी टक्कर, कार में सवार अजय कुमार जैन और ट्रक के उपचालक की मौत

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ चुटुपालु घाटी के गढके मोड के पास में शुक्रवार की सुबह 8ः00 बजे ट्रक ने आल्टो कार को टक्कर मारने के बाद पलट गई। जिसमें कारण चालक अजय कुमार जैन एवं ट्रक की उपचालक की मौत मौके पर ही हो गई। जानकारी के अनुसार ट्रक में सीमेंट लोड था टक्कर होने के बाद सीमेंट आल्टो कार के ऊपर ही पलट गई जिससे कार पूरी तरह से दब गई जिसे चालक उपचालक की मौत हो गई।



# सिरका में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता अभियान सह कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता अभियान सह कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन सिरका बालमण्डली पूजा क्लब के सामने किया गया। इस अभियान में जगनारायण बेदिया के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक की संभा में झारखण्ड मुक्ति मोची का सद?स्यता दिलाया गया। इस कार्यक्रम में सिरका कोलियरी के विभिन्न गाँव टोला कउवाबेडा, उराँव टोला, बेदिया टोला, चानक, तेलियाखंड बुधबाजार , टोंगी , बुंण्डू से सैकड़ों ग्रामीण रैचत झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता व अन्य नये सदस्य सामिल हुए। आने वाले समय में सिरका अरगड्डा आस पास के गाँवों में पूर्व की भाँति झारखण्ड मुक्ति मोची का परचम लहराया जाय । वक्ताओं ने अपनी-अपनी विचार रखते हुए कहा कि माटी और पार्टी को बचाना हम सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है।रोड सेल के सवाल पर चर्चा कि गयी जिसमें कहा गया कि रोड सेल ग्रामीण रैयत व विस्थापित लोगों के लिए रोजगार का माध्यम रोड सेल को ग्रामीण रैचत विस्थापित की एक कमिटि बनाकर चलाने का निर्णय लिया गया। अध्यक्षता रोड सेल प्रभारी राजेश बेदिया व संन्चालन त्रिवेणी प्रजापति व इरफान खान के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।वक्ता के रूप में जगनारायण बेदिया, करमचंद उरांव, विनोद करमाली, अरविंद चौहान, सुनील मुंडा, समीर मुर्मू, रमेश मांझी, भुवनेश्वर बेदिया, मोहन मुंडा, संजय बेदिया, जगन्नाथ प्रसाद, अर्जुन राम रहे। झामुमो की सदस्यता लेने वालों में विनोद करमाली, राजू बेदिया , लालमोहन बेदिया, बादल बेदिया, करण बेदिया, मुकेश बेदिया, दशरथ साव, अजय बेदिया, जैकी बेदिया, कुणाल बेदिया, संदीप बेदिया, आशीष बेदिया, समीर कुमार, सुभाष राम, निषाद अंसारी, महेश कुमार, प्रमोद राम, अजय राम, अमन राम, सोनू अंसारी आदि शामिल हैं.



## सेल समिति उरीमारी ने बैठक कर दस फरवरी को दैनिक अखबार में प्रकाशित खबर का किया खंडन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी कांटा घर के समीप लेबर सेड में शुक्रवार को उरीमारी लोकल सेल दंगल मजदूरों कि बैठक हुई। वहीं इस बैठक कि अध्यक्षता विस्थापित नेता विश्वनाथ मांझी व संचालन दशाराम हेम्ब्रोम ने किया। वहीं बैठक में उरीमारी लोकल सेल में काम करने वाले सभी दंगल के मजदूर शामिल हुए। वहीं लोकल सेल के सभी मजदूरों ने एक स्वर में कहा कि हमलोगो का रोजी रोटी का साधन एकमात्र लोकल सेल है। जिससे हमलोग लोकल सेल में गाड़ी लोडिंग कर अपना जीवन यापन कर अपने बच्चों कि पढ़ाई लिखाई तक करवाते हैं। हमारी जमीन को सीसीएल ने अधिकृत कर लिया है। वहीं दस फरवरी को दैनिक अखबार में प्रकाशित हुई खबर का खंडन करते हुए समिति के लोगों ने कहा कि सेल में किसी तरह का मजदूरों का शोषण एवं मजदूरों का हक का पैसा का कोई बंदरबांट नहीं होता है। वहीं इस मौके पर मुखिया चरका करमाली, पुर्व पंसस कानू मरांडी, जतरू बेसरा, आनंद टुडू, अविनाश किस्कू, राजन कुमार,आर्यन हेम्ब्रोम, देवा हेम्ब्रोम, सुनील कुमार, बिपल मरांडी,मोहन हेम्ब्रोम, उमेश हेम्ब्रोम, परमेश्वर हेम्ब्रोम, राजेश सोरेन, पतिलाल पावरीया,तालो मांझी, टारजन बेसरा, उगन प्रजापति, तालो हेम्ब्रोम, शिवलाल किस्कू, सुरज बेसरा,रमेश मांझी, उमेश प्रजापति, अमित किस्कू, रखनी देवी, सरीता देवी ,फुलासरी देवी, पार्वती देवी, मोती देवी, आरती देवी,ललीता देवी,मुनीया देवी, संध्या देवी,रिंकी देवी,सुशीला देवी,पुनवा देवी,भवानी देवी, शांति देवी,पार्वती बेसरा, कुसुम टुडू आदि सैकड़ों महिलाएं मौजूद थी।

## रामगढ़ बिहार फाऊंडरी एंड कास्टिंग प्राइवेट लिमिटेड मरार रामगढ़ के खिलाफ आंदोलन की रूपरेखा तय होगी 16 फरवरी को : रमेश कुमार महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा की जिला अध्यक्ष के निर्देशानुसार मांडू टीम को बिहार फाऊंडरी एंड कास्टिंग प्राइवेट लिमिटेड में मजदूरों की समस्याओं को लेकर एक अति आवश्यक बैठक 16 फरवरी को दिन रविवार को उप स्वास्थ्य केंद्र फुलसराय,(नगर परिषद क्षेत्र वार्ड न. 10, रामगढ़ ) में समय 11ः00 बजे बैठक रखी गई है ! इस बैठक में रामगढ़ जिला के केंद्रीय , जिला, प्रखंड, पंचायत व सक्रिय सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है। क्योंकि बिहार फाऊंडरी एंड कास्टिंग प्राइवेट लिमिटेड में मजदूरों की समस्या को लेकर पूर्व में भी आंदोलन का रूपरेखा देते हुए धरना प्रदर्शन का डेट 30.09.2024 को निश्चित किया गया था! लेकिन अपरिहार्य कारणों से जिला अध्यक्ष के द्वारा स्थगित किया गया था! त था । निर्देश दिया गया था कि अगली तिथि सर्वसमिति से शीघ्र तय किया जाएगा! पूर्व आवेदन के अनुसार बिहार फाऊंडरी एंड कास्टिंग प्राइवेट लिमिटेड मरार रामगढ़ द्वारा प्लांट का विस्तार किया जा रहा है! जिससे आसपास की बड़ी आबादी प्रभावित हो रही है, और पर्यावरण को बड़ा नुकसान हो रहा है! क्षेत्र की जनता के बार-बार आग्रह करने पर भी बड़े पैमाने पर प्रदूषण फैलाया जा रहा है! फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा अनसुना किया जा रहा है!फैक्ट्री के आसपास सरकारी गैरमजेरूवा जमीन पर लगे पेड़ पौधे को काटकर हटाया जा रहा है , और वहां पर फैक्ट्री के वाहन खड़े किए जा रहे हैं ! साथ ही साथ कारखाना में मजदूरों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है !शिकायत करने पर उनका शोषण तथा नौकरी से हटा दिया जाता है! मजदूरों के साथ सम्मान काम करने वाले को समान वेतन नहीं दिया जाता है! उन्हीं जायज मांगों को लेकर पुनः झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ 16 फरवरी 2025 को बैठक कर मजदूरों की समस्या को लेकर आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी ! हमारी पार्टी गरीब, शोषित, पीड़ित, वंचित दवे, कुचले तथा सिस्टम के सताये लोगों की एक उम्मीद है ! टाइगर जयराम महतो के ऊपर विस्थापित, प्रभावित तथा मजदूरों की एक विश्वास है कि हम लोग का कल्याण! भलाई इन्हीं के हाथों संभव है !

## पशुपालन को बढ़ावा, रोजगार और सशक्तिकरण की नई उम्मीद सुधीर मंगलेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड के बुध बाजार सिरु में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत 15 लाभुकों के बीच मुर्गी चूज़ा का वितरण किया गया। इस अवसर पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश और पशुपालन पदाधिकारी शशि सिन्हा उपस्थित रहे। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को बढ़ावा देने और लोगों की आजीविका सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होगी।मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त किया जा रहा है और सरकार पशुपालकों को हर संभव सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने लाभुकों से योजना का पूरा लाभ उठाने और मुर्गी पालन को आय का एक प्रमुख स्रोत बनाने की अपील की।पशुपालन पदाधिकारी शशि सिन्हा ने उपस्थित लाभुकों को मुर्गी पालन के महत्व और उसके उचित देखभाल संबंधी जानकारी दी। मौके पर महेंद्र ओहदार हेमलाल महतो राजकुमार महतो शिवचरण महतो आदि।

# अरगड्डा में रामगढ़ जिला कांग्रेस कार्यकर्ता मिलन समारोह 16 फरवरी को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** रामगढ़ जिला कांग्रेस कार्यकर्ता मिलन समारोह जिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा की जा रही है। यह समारोह का आयोजन 16 फरवरी को अरगड्डा सामुदायिक भवन में किया जाएगा। जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष कांग्रेस मल्लिकार्जुन खड़गे हमारे नेता राहुल गांधी व कांग्रेस पार्टी के बिचार धारा से प्रभावित होकर दूसरे दलों के सैकड़ो कार्यकर्ता व वरिष्ठ नेता समारोह में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। इस समारोह को भव्य व ऐतिहासिक बनाने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए रामगढ़ जिला के बिभिन्न चौक चौराहों में झंडा, बेनर, होडिंग से सजाया जा रहा है। इस समारोह में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, नेता विधायक दल प्रदिप यादव, उप नेता राजेश कच्छप, पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय, विधायक ममता देवी, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, पूर्व विधायक सह राष्ट्रीय सचिव अम्बा प्रसाद, पूर्व विधायक जे पी पटेल, पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो, मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमेन रविंद्र सिंह, गो सेवा आयोग के चेयरमेन राजीव रंजन प्रसाद, नगर व आवास बोर्ड के चेयरमेन संजय लाल पासवान शामिल होंगे। मुन्ना पासवान ने रामगढ़ जिला कांग्रेस पार्टी के सभी पदाधिकारी, जिला के मंच, मोर्चा व प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, जिला के वरिष्ठ नेता, जिला में रहने वाले वरिष्ठ पदाधिकारी, जिला के सभी प्रखंड अध्यक्ष व नगर अध्यक्ष से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। कार्यकारी जिला अध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी ने कहा कि आजसू पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रणधीर गुप्ता अपने सैकड़ो समर्थको के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। रणधीर गुप्ता पूर्व में जिला कांग्रेस में कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर रह चुके है। उनके वापसी के लिए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सहमति प्रदान कर दी है। पूर्व महिला जिला अध्यक्ष अन्नू विश्वकर्मा, नगर अध्यक्ष बलराम साहू, संजीव, खण्डेलवाल, पंकज प्रसाद तिवारी, गरीबा भुईया, अमर मुंडा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।



# कोयलांचल में अकीदत के साथ मनाया गया शबे बरात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** इबादत व गुनाहों से मगफिरत (क्षमा) की रात यानी शब-ए- बरात का पर्व गुरुवार की रात कोयलांचल मे पूरे अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया। इस दौरान सुबह तक जहां कब्रिस्तानों पर फातिहा पढ़ने का दौर चलता रहा तो वही मस्जिद व घरो में कुरआन की तिलावत व इबादत होती रही। 15 वीं शाबान की रात मजहबे इस्लाम की अहम रातों में शुमार की जाती है। उलेमा -ए- कराम इस रात के इबादत की बड़ी अहमियत बताते हैं। रमजान से ठीक एक पखवारा पहले मनाए जाने वाले शबे बरात के साथ ही इबादतों का सिलसिला भी शुरू हो जाता है।कोयलांचल के शब ए बरात की धूमरही। घरों में महिलाएं जहां नियाज फातेहा के लिए हलुआ बनाने में जुटी रहीं वहीं बच्चों में घरों व मस्जिदों की सजावट को लेकर उत्साह देखा गया। गिद्दी,रेलीगडा,डोकाबेडा, मिश्राईन मोढा,हुवाग स्थित मस्जिदों की विशेष तौर पर सजावट की गई, जहां रात भरलोग इबादत में मशगूल दिखे। रात भर अकीदतमंदों की भीड़ जमी रही। लोग वहां फातेहा भी पढ़े।फज्र तक मस्जिदों में चलतारहा इबादतों का सिलसिला शहर के विभिन्न कब्रिस्तानों पर लोग अपने अपने पूर्वजों के गुनाहों की मगफिरत के लिए अल्लाह से दुआ करते देखे गए। उधर, घरों से कुरआन के तिलावत की सदा आती रही जबकि देर रात तक मस्जिदों में इबादतों कासिलसिला जारी रहा है।मांगी गई अमन और खुशहाली की दुआ शब ए बरात को लेकर शहर के मोहल्ले व गलियां रात भर गुलजार रहीं। कोयलांचल क्षेत्रों में सारी रात गहमागहमी रही। मौके पर घरों को चेरागां किया गया था तो मस्जिदों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। इस दौरान कोयलांचल के विभिन्न मस्जिदो देश व राज्य में अमन, शांति व खुशहाली की दुआएं भी मांगी गई।



# राधा गोविंद विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी, फार्मेसी एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा ड्रग डिजाइनिंग विषय पर दो दिवसीय 14 फरवरी और 15 फरवरी 2025 को कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला का शुभारंभ सभी अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।विश्वविद्यालय के कुलसचिव (प्रो)डॉ निर्मल कुमार मंडल ने बच्चों का प्रोत्साहन बढ़ाते हुए कहा की यह कार्यशाला आपके भविष्य को उज्जवल बनाने मे मददगार साबित होगा। मुख्य वक्ता एस एच आर एम बायोटेक्नोलॉजिस्ट प्राइवेट लिमिटेड वेस्ट बंगाल से आए रिसर्च कॉर्डिनेटर मिस श्रेसही घोष एवं मिस्टर रूपक राय थे उन्होंने कार्यशाला के प्रथम दिन बच्चों को कंप्यूटेशनल टूल्स ऑटो डॉक एवं पैमोल का यूज़ करके ड्रग डिज़ाइन के बारे मे प्रशिक्षण दिए। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने कार्यशाला की सफलता की हार्दिक शुभकामनाएं दी सचिव प्रियंका कुमारी ने कार्यक्रम की प्रशंसा की और हार्दिक बधाई दी।कार्यक्रम का संचालन उमा कुमारी ने की मौके पर विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार, डॉ प्रतिभा गुप्ता , साई प्रकाश , डॉ पूजा कुमारी जायसवाल एवं छात्र - छात्राएं उपस्थित थे।

## भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में रामनवमी मंगला शोभायात्रा निकालें जाने को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में रामनवमी मंगला शोभायात्रा निकालें जाने को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव ने की, बैठक में क्षेत्र के कई प्रबुद्धजन शामिल हुए और कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई, मौके पर अनामिका श्रीवास्तव, किशोर कुमार, श्रवण कुमार व अंजू ठाकुर कही आगामी 1 अप्रैल दिन मंगलवार समय सुबह 11 बजे स्थान रामनवमी मैदान लक्ष्मी टॉकीज भुरकुंडा से समस्त सनातनी हिंदू परिवार के बैनर तले श्री रामनवमी के शुभ अवसर पर कोयलांचल भुरकुंडा में मंगला शोभायात्रा निकालना तय हुआ है शोभायात्रा को भव्य शोभायात्रा बनाने के लिए कोयलांचल के सारे समिति अखाड़े एवम् समस्त हिन्दू परिवार के लोग शामिल होंगे और भुरकुंडा कोयलांचल क्षेत्र को भगवामय करने का काम किया जाएगा ।

# शासी निकाय की बैठक में शामिल हुई विधायक ममता देवी



**सर्वसम्मति से विधायक ममता देवी को बालिका उच्च विद्यालय सुकरीगढ़ा का अध्यक्ष चुना गया**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** बालिका उच्च विद्यालय सुकरीगढ़ा, लारी में शासी निकाय की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ विधानसभा की विधायक ममता देवी शामिल हुई। विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय प्रबंधन के द्वारा माननीय विधायक महोदया का बुके देकर स्वागत किया गया।बैठक में विद्यालय के सभी माननीय सदस्यों ने सर्वसम्मति से माननीय विधायक ममता देवी को विद्यालय का अध्यक्ष चुना गया। साथ ही विद्यालय के विकास को लेकर भी आवश्यक चर्चा हुई। मौके पर के बी उच्च विद्यालय की प्राचार्य सह जैक सदस्य रुमा कुमारी, बालिका विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद स्वरूप सचिव छून्नू साहू, वरीय शिक्षक नरेश साहू, शिक्षक विपिन कुमार महतो, दीपक कुमार, सुभाष चंद्र बोस, शीला कुमारी, कविता कुमारी, ममता कुमारी ,क्लर्क भारती, सिंह,विमला देवी, लक्ष्मण महतो, गणेश प्रसाद, दिलीप कुमार, बाबू भाई करमाली, प्रीतम महतो सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## विवाहिता की गोली लगने से मौत, पति हिरासत में

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के गोमो थाना क्षेत्र अंतर्गत हटिया टॉंड में गुरुवार की रात एक विवाहिता ने गोली मार ली। जिसके बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। बताया जाता है कि झरिया के सब्जी पट्टी भगानिया हॉस्पिटल के समीप रहने वाली प्रतिमा गुप्ता की शादी गोमो हटीयाटांड़ निवासी रौनक गुप्ता से हुई थी।बताया जाता है कि विवाहित प्रतिमा गुप्ता अपने पति रौनक गुप्ता के साथ प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने गई थी और वहां से दो-तीन दिन पहले ही लौट कर गोमो आई थी। जिसके बाद आनन- फानन में परिजन उन्हें इलाज के लिए धनबाद के एसएनएमएमसीएच अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने घायल विवाहिता को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद मृतक के परिजनों ने अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया और मृतक के पति रौनक गुप्ता पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया। जिसके बाद सरायढेला पुलिस ने पति रौनक गुप्ता को हिरासत में ले लिया है।वही मामले को लेकर मृतिका के पति का कहना है कि गुरुवार की रात को प्रतिमा घर के छत पर गई और अपने आप को गोली मार ली है। वहीं परिजनों का आरोप है कि प्रतिमा की मौत का जिम्मेवार उसका पति रौनक गुप्ता है। या कही उसे किसी ने गोली तो नही मार दी? जिस पिस्टल से गोली चली वो पिस्टल कहां है? ऐसे कई सवालों का जवाब मिलना अभी बाकी है, जो पुलिस की जांच के बाद ही पूरा सच सामने आएगा।

## भारतीय रेड क्रॉस समिति ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय रेड क्रॉस समिति के द्वारा टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के 24वें वर्षगांठ पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से भारतीय रेड क्रॉस समिति ब्लड डोनेशन प्रोग्राम की नोडल ऑफिसर बेनज़ीर परवीन, संयुक्त सचिव दिलीप सिंह, देवेन्द्र कुमार नोडल वाहन, आजीवन सदस्य मो. इरशाद आलम एवं उज्जवल कुमार नायक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में टाटा एआईए के ब्रांच मैनेजर आनंद मोहन गुप्ता का विशेष योगदान रहा। शिविर में हेमन्त कुमार, श्रवण कुमार सिंह, उमेश कुमार, मुकेश कुमार, आकाश कुमार, संतोष समेत 16 लोगों ने रक्तदान किया। मौके पर ब्लड बैंक की ओर से आशुतोष झा, मुकीम, उत्तम, प्रियंका आदि मौजूद थे।

## प्रदुषण की रोकथाम को लेकर बच्चों ने की अपील



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लगातार बढ़ते प्रदुषण की रोकथाम को लेकर अब बच्चों ने बीड़ा उठा लिया है। निजी विद्यालय द्वारा आयोजित हेल्थ एंड क्लीननेस कैंपनिंग के तहत रणधीर वर्मा चौक पर एकत्रित हुए बच्चों ने लोगों के बीच अपने घर मोहल्ले एवं सड़कों की साफ - सफाई रखने में अपना योगदान देने की अपील की। स्वस्थ रहने और शहर को स्वच्छ रखने को लेकर हाथों में तख्ती लिए बच्चों ने लोगों को जागरुक किया। अपने आसपास गंदगी न फैलाने और कूड़ा कचरा को कूड़ेदान में ही फैंकने की अपील की गई। शिक्षिका शिवानी और शिक्षक सत्येंद्र कुमार ने बताया कि आने वाली पीढ़ी स्वच्छ वातावरण में सांस ले सके तो इसके लिए जरुरी है कि हम अपने आसपास गंदगी फैलने न दें। पर्यावरण को हरा भरा रखने में हम सभी का योगदान अपेक्षित है।

## हैंडलूम एक्सपो में बुनकरों द्वारा दिया जा रहा है आकर्षक डिस्काउंट



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पॉलिटेनिक मोड़ के नजदीक बेकार बांध स्थित ब्लेसिंग्स बैंक्विट हॉल में बुनकर सेवा केन्द्र, रांची की ओर से आयोजित एक्सक्लूसिव हैंडलूम एक्सपो में बुनकरों द्वारा ग्राहकों को आकर्षक डिस्काउंट दिया जा रहा है। यह एक्सपो 08 फरवरी से शुरू होकर 21 फरवरी तक चलता रहेगा। इसमें कुल 40 स्टॉल लगाये गये है। जिसमें झारखंड के अलावा अन्य राज्यों के बुनकरों ने भी अपने स्टॉल लगाए हैं।बुनकर सेवा केंद्र, रांची के उपनिदेशक मनोज कुमार ने बताया कि इस एक्सपो में हथकरघा से बने हुए बेहतरीन उत्पादों की बिक्री हो रही है और लोगो को बहुत पसन्द आ रही है। यह एक्सपो प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक ग्राहकों के लिए खुला रहता है। इसमें उनको हथकरघा के सभी उत्पाद बुनकरों द्वारा सीधे बेचा जा रहा है। जिसकी कीमत बाजार में उपलब्ध हथकरघा उत्पादों से बहुत कम हैं। इसके साथ ही बुनकरों द्वारा सभी उत्पाद बेहतरीन डिस्काउंट पर बिक्री किए जा रहे हैं। यह एक्सपो अभी एक सप्ताह तक और चलेगा। धनबाद वासी इसका अधिक से अधिक लाभ ले सकते हैं।

## ओज़ोन गैलेरिया मॉल ने आयोजित किया वैलेंटाइन डे इवेंट



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):**14 फरवरी 2025 प्यार, हंसी और जश्न का माहौल ओज़ोन गैलेरिया मॉल में देखने को मिला जब कपल्स और विज़िटर्स मिक्स मैच कपल ऑफ़ धनबाद इवेंट के लिए भीड़ जुटने लगी। वैलेंटाइन डे के जश्न को खास बनाने के लिए आयोजित इस अनोखे इवेंट ने हर वर्ग के लोगों को एक साथ खुशियों के इस मौके में शामिल किया। इवेंट के दौरान एक रोमांचक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जहां कपल्स ने अपनी केमिस्ट्री, क्रिएटिविटी और आकर्षण को एक मजेदार अंदाज में प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को विशेष गिफ्ट हैंपर्स प्रदान किए गए, जबकि जजों को भी उनके बहुमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मनोरंजन, रोमांचक गतिविधियों और दिल को छू लेने वाले पलों के साथ, मिक्स मैच कपल ऑफ़ धनबाद ने वैलेंटाइन डे 2025 को एक यादगार शाम में बदल दिया। ओज़ोन गैलेरिया मॉल हमेशा समुदाय के लिए मनोरंजक और शानदार इवेंट्स आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है, और यह इवेंट उसी प्रतिबद्धता का एक बेहतरीन उदाहरण था।

## आईआईटी – आईएसएम ने खोज की कम खर्च पर प्रदूषण नियंत्रण की तरकीब




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** आईआईटी ङ्क आईएसएम धनबाद की एक नवोन्मेषी टीम ने पैन-इंडिया आईआईटी हैकाथॉन ऑफ फेडरेशन ऑफ इंडियन पेट्रोलियम इंडस्ट्री में प्रथम पुरस्कार जीतकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता इंडिया एनर्जी वीक 2025 के तहत आयोजित की गई थी। यह पुरस्कार केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव पंकज जैन द्वारा यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर, दिल्ली में समापन समारोह के दौरान प्रदान किया गया। पुरस्कार विजेता टीम में सयंतिका ठंडार, रिया जायसवाल, मो फहीम और मो मोजस्सिर अशरफ शामिल हैं। उन्होंने नाइट्रोजन-डॉप्ड मल्टीलेयर ग्राफीन नैनोपाउडर के कम लागत में उत्पादन के लिए एक पेटेंटेड प्रक्रिया विकसित की, जिसे छ्व2 एडसॉर्प्शन और कन्वर्जन के लिए डिज़ाइन किया गया है। उनका यह अनुसंधान केमिकल इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी ङ्क आईएसएम धनबाद के प्रो. एजाज अहमद के मार्गदर्शन में किया गया, जो इस टीम के फैकल्टी मेंटर रहे। यह नवाचार बांस पाउडर का उपयोग करके एडवांस्ड ग्राफीन मटेरियल्स बनाने की एक सस्टेनेबल और ईको-फ्रेंडली मेथड प्रस्तुत करता है। यह समाधान पर्यावरणीय चुनौतियों, विशेष रूप से कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन से निपटने में एक महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए प्रो. एजाज अहमद ने कहा, यह सम्मान आईआईटी ङ्क आईएसएम धनबाद के छात्रों की नवाचार शीलता को दर्शाता है। उनकी यह खोज सस्टेनेबल एनर्जी सॉल्यूशंस की दिशा में एक आशाजनक कदम है, जो भारत के एनर्जी ट्रांजिशन लक्ष्यों के अनुरूप है।

## रांची से किडनैप होटल व्यवसाई धनबाद से बरामद, घायल अवस्था में आरपीएफ को मिला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** रांची के होटल व्यवसायी और विश्व हिंदू परिषद के नेता लाल रणविजय नाथ सहदेव को धनबाद आरपीएफ की टीम ने स्टेशन से बरामद किया है। व्यवसायी रांची के ठाकुरगांव थाना क्षेत्र उरगुट्टू के रहने वाले हैं। परिजनों का कहना है कि गुरुवार शाम चार बजे व्यवसायी का अपहरण हुआ था। जिसको लेकर ठाकुरगांव थाना में मामला भी दर्ज कराया गया है। जिले के बलियापुर प्रखंड के सीओ प्रवीण कुमार सूचना पर हाल चाल लेने के लिए अस्पताल पहुंचे।बलियापुर अंचल सीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि वह होटल व्यवसायी है। आरपीएफ ने बताया कि वह रेलवे स्टेशन पर बचाओ बचाओ की आवाज लगाते हुए दौड़ रहे थे। जिसके बाद आरपीएफ ने उन्हें पकड़ कर अस्पताल में भर्ती किया है। सीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि व्यवसायी का अपहरण कर किसी पहाड़ के ऊपर रखा गया था। उसके पास जो पैसे और सोने की अंगूठी थी, वह छीन ली गई है। हाथों में अभी भी रस्सी लगी हुई है। भाग ना पाए इसलिए उनके पैरों को जलाने की कोशिश की गई।वहीं व्यवसायी के भाई अजय नाथ सहदेव ने बताया कि गुरुवार को सांई मंदिर में पूजा करने गए थे। पिठोरिया से ऑटो करके रामपुर के लिए निकल गए। उसके बाद इनका कहीं पता नहीं चला। उन्होंने कहा कि गुरुवार शाम से वह लापता थे।

## पेड़ से लटकता ईसीएल कर्मी का शव बरामद, हत्या की आशंका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**निरसा :** ईसीएल मुगमा क्षेत्र के चापापुर कोलियरी के बंद दस नंबर खदान के समीप ईसीएल कर्मी 56 वर्षीय नन्दू राय का पेड़ से लटकता शव मिला जिससे क्षेत्र में सनसनी मचा गई। शव को देखने से लगता है कि किसी ने हत्या कर पेड़ से लटका दिया है। मृतक ईसीएल में सुरक्षागार्ड के रूप में काम करता था। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। घटना कि सूचना पर पहुंची निरसा पुलिस शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु धनबाद भेज जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि मृतक ने आत्महत्या की है या उसकी हत्या हुई है अंत्यपरीक्षण रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा। मृतक के परिजनों के अनुसार नन्दू राय पूर्व में दो बार आत्महत्या का प्रयास किया था जो बच गया था। दो दिनों से घर मे झगड़ा चल रहा था जिसके कारण घर से बाहर चला गया। हम लोंगों ने खोजा नही मिला। सुबह जानकारी मिली कि नन्दू राय पेड़ से लटका हुआ है जिसकी सूचना पुलिस को दी। जांच में पहुंचे पुलिस अधिकारी शशिकांत पांडेय ने भी कहा कि प्रथम दृष्टिय आत्महत्या का मामला नही लगता। अंत्यपरीक्षण रिपोर्ट से खुलासा होगा।

## पाटलीपुत्र अस्पताल में अत्याधुनिक कैथ लैब की सेवा शुरू




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** अस्पताल के सभागार में पाटलीपुत्र अस्पताल के निर्देशक डॉ. निर्मल ड्रोलिया ने बताया कि यह अस्पताल मरीजो के बेहतर ईलाज के लिए लगातार कार्य कर रहा है तथा इसी कम में कैथ लैब की शुरूआत की गई है जिसमें हृदय रोग का ईलाज किया जा सकेगा। इस कैथ लैब मशीन में ब्रेन एंजियोग्राफी तथा मस्तिष्क से जुड़ी विभिन्न प्रकार की चिकित्सा की भी सुविधा होगी। इस कैथ लैब का उद्घाटन 16 फरवरी 2025 को सांसद धनबाद ढुलू महतो एवं विशिष्ठ अतिथि विधायक धनबाद राज सिन्हा के द्वारा होना तय हुआ है।डॉ. निखिल डोलिया ने बताया कि फीलिप्स की एडवांस कैथ लैब की सुविधा होने से पाटलिपुत्र अस्पताल में लगभग सभी विभागों का ईलाज दिया जाने लगेगा। कैथ लैब के होने से हृदय रोग का इलाज जैसे एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, मरीज को अब शहर के सबसे पुराने अस्पताल में ईलाज मिल रहा है और अब मरीज को बाहर जा कर ईलाज कराने की जरूरत नहीं होगी जिससे मरीज के पैसों की भी बचत होगी। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल ने बताया कि मरीज को हृदय रोग से जुड़े लक्षण जैसे छाती में भारीपन, दर्द के साथ पसीना आना इत्यादि को हल्के से नहीं लेकर तुरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करना चाहिए।

## अकीदत के साथ मनाया गया शब ए बरात

○ अमन, शांति व खुशहाली की मांगी गई दुआएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** इबादत व गुनाहों से मगफिरत (क्षमा) की रात यानी शब-ए-बरात का पर्व पूरी अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया। इस दौरान सुबह तक जहां मजार, कब्रिस्तानों पर फातिहा पढ़ने का दौर चलता रहा तो वहीं मस्जिद व घरों में कुरआन की तिलावत व इबादत होती रही। 15वीं शाबान की रात मजहब ए इस्लाम की अहम रातों में शुमार की जाती है। उलेमा-ए-कराम इस रात के इबादत की बड़ी अहमियत बताते हैं। रमजान से ठीक एक पखवारा पहले मनाए जाने वाले शब ए बरात के साथ ही इबादतों का सिलसिला भी शुरू हो जाता है।वृहस्पतिवार को कोयलांचल के मुस्लिम बाहुल्य मोहल्लें में शब ए बरात की धूम रही। घरों में महिलाएं जहां नियाज फातेहा के लिए हलुआ बनाने में जुटी रहीं, वहीं बच्चों में घरों व मस्जिदों की सजावट को लेकर उत्साह देखा गया। मुस्लिम बाहुल्य इलाका वासेपुर, आज़ाद नगर, पांडरपाला, शमशेर नगर, रहमतगंज, टिकिया पाड़ा, मनईटांड़, गजुआटांड़, नया बाजार, गद्दी मोहल्ला, कबाडी पट्टी स्थित मस्जिदों की विशेष तौर पर सजावट की गई, जहाँ रात भर लोग इबादत में मशगूल दिखे। रेलवे स्टेशन के करीब स्थित मज़ार शरीफ के आस्ताने पर रात भर अकीदतमंदों की भीड़ जमी रही। लोग वहां फातेहा भी पढ़े। शहर के विभिन्न कब्रिस्तानों पर लोग अपने अपने पूर्वजों के गुनाहों की मगफिरत के लिए अल्लाह से दुआ करते देखे गए। उधर, घरों से कुरआन के तिलावत की सदा आती रही जबकि देर रात तक मस्जिदों में इबादतों का सिलसिला जारी रहा। शब ए बरात को लेकर शहर के मोहल्ले व गलियां गुलजार रहीं। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में सारी रात गहमा-गहमी रही। इस मौके पर घरों को चेरागां किया गया था तो मस्जिदों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। इस दौरान शहर के विभिन्न मस्जिदों मे देश व राज्य में अमन, शांति व खुशहाली की दुआएं भी मांगी गई।

## कृषि बाजार में लगी आग, पाया गया काबू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शहर के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत कृषि बाजार समिति में शुक्रवार की शाम अचानक आग लग गई। जिसके बाद आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि कृषि बाजार में कूड़े के ढेर में अचानक आग लग गई। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी अग्निशमन विभाग को दिया। मामले की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया।

## मोंटफोर्ट एकेडमी का पहला वार्षिकोत्सव मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** मोंटफोर्ट एकेडमी में पहला वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो,टाइगर फॉर्स के संरक्षक काले सरदार,बॉलीवुड अभिनेता पवन शंकर,स्कूल के प्रिंसिपल राजेश कुमार सहित कई अतिथियों ने किया। इस दौरान बच्चों ने कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गान से किया,जिसके बाद बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस मौके पर स्कूल के जेईई मेंस में झारखंड टॉपर अभिमन्यु तिबरेवाल को सम्मानित किया गया। साथ हीं अंशु कुमार राम, अंशु कुमार वर्मन,रौनक बजुरिया को जिला में स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। वहीं टेंथ के बोर्ड में डिस्ट्रिक्स में स्थान ग्रहण करने वाले बच्चों तथा 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

## लठैत व रंगदारों के बल पर कंपनी चलाने वालों को मुंहतोड़ जवाब देना होगा : अरूप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने खरखरी दुर्गा मंदिर प्रांगण आयोजित भाकपा माले व बीसीकेयू की जनसभा में कहा उस समय लठैत व रंगदारों के बल पर कोलियरियों को चलाया जाता था। रैयत की जमीन को जबरन कब्जा कर माइनिंग व कम पैसे देकर लोगो को काम करवाता था। खरखरी हिलटॉप कंपनी की घटना बाघमारा तक ही सीमित नही रही। इतनी बड़ी घटना घटी की पूरे झारखंड सहित दिल्ली तक गूंजी। कार्यक्रम से पूर्व शेख रहीम के नेतृत्व में भटमुड़ना से विधायक अरूप चटर्जी के साथ मोटरसायकिल जुलूस निकाला गया। सभा को हलधर महतो,शेख रहीम, देवाशीष चटर्जी,अजय महतो, गोपाल महतो, जे के झा, बलदेव वर्मा,शेरव नवाव, मुक्तेश्वर महतो, शेख अनवर,शेख मन्नान, याकुब अंसारी,राजेश महतो, कुलदीप महतो,सुभाष बाउरी आदि ने संबोधित किया।


पूर्व मध्य रेल

खुली ई-निविदा सूचना

बैच संख्या: 03/2025

आईआरईपीएस-www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल "पार्टिसिपेशन इन थ्रू" सामग्री की आपूर्ति के लिए ई-निविदा सूचना। निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा बंद करने का समय 14:00 बजे है: (1) **निविदा सं.:** 30255001, **सामग्री का संक्षिप्त विवरण:** आईजबीटी पावर मोडुल्स 15ए-15ए9 (9 मोडुल/01 एसआर) ऑफ बीएचईएल मेक आईजबीटी पावर कनभर्टर, बीएचईएल मेटेरियल डिसकृपसन:- एमडीएल पीडब्लूआर 68817 डब्लूसी 1 एए-आईजबीटी मोडुल। **मात्रा:** 12 नम्बर, **निविदा जारी करने की तिथि एवं समय:** 05 फरवरी 2025, 15:26 बजे। **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 05 मार्च 2025, 11:30 बजे। (2) **निविदा सं.:** 30255002, **सामग्री का संक्षिप्त विवरण:** सप्लाइ ऐन्ड रेट्रो फिटमेंट ऑफ रूफ माउन्टेड एयर कंडिशनिंग सिस्टम विदाउट ट्रो टू स्पेसिफिकेसन नंबर.आरडीएस ओ/2007/ईएल/एसपीईसी/0055 आरईवी.02 और लेटेस्ट। **मात्रा:** 63 नम्बर, **निविदा जारी करने की तिथि एवं समय:** 05 फरवरी 2025, 15:29 बजे। **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 05 मार्च 2025, 14:00 बजे। (3) **निविदा सं.:** 30245325, **सामग्री का संक्षिप्त विवरण:** सेट ऑफ कनैक्टर फॉर पैनल एंड नॉन पैनल फॉर डबल्यू ए जी-9 टु सी एल डबल्यू ड्रौइंग/स्पेक.नंबर.सी एल डब्लू/ई एस/3/0124/ओ और लेटैस्ट (सेट डिटेल्स ऐस पर अनेक्सचर)। **मात्रा:** 06 सेट्स, **निविदा जारी करने की तिथि एवं समय:** 06 फरवरी 2025, 12:06 बजे। **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 05 मार्च 2025, 14:00 बजे। प्रतिभागियों को अपना प्रस्ताव समापन तिथि और समय से पहले आईआरईपीएस- www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल के माध्यम से केवल ऑन-लाइन जमा करना होगा। उपरोक्त पोर्टल पर निविदा सूचना में प्रेषिती के संबंध में अन्य विवरण और भंडार का विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेज में उपलब्ध है।

सहायक सामग्री प्रबंधक, पूमरे, गोमो

पीआर/02106/डीएचएन/स्टोर/टी/24-25/44



पूर्व मध्य रेल

निविदा सूचना

ई-निविदा सूचना सं एस. जी. 664-30-संकेत-2024-25

भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। (1) **कार्य का नाम:** धनबाद मंडल में क्योसन मेक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के रखरखाव टर्मिनल कंसोल (एमटीसी)/नेटवर्क प्रबंधन प्रणाली का प्रावधान हेतु। (2) **कार्य का आकलित मूल्य:** ₹ 1,87,584,72.52 (लगभग) (3) **कार्य का अग्रधन राशि:** ₹ 2,43,800.00 (4) **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 07.03.2025 (12:30 बजे) (5) ऐसी ई: निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नही किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई निविदा के ई निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। द्रष्टव्य:- प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in का अवलोकन करे।

वरीय मण्डल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता

पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/02114/डीएचएन/एसएण्डटी/टी/24-25/36



दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

**ई-निविदा सूचना संख्या: ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-सोलर-07-25, दिनांक: 13.02.2025।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची निविदा सूचना संख्या: ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-सोलर-07-25, दिनांक: 13.02.2025 के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं जिसे **दिनांक 07.03.2025 को अपराह्न 4.00 बजे या उसके बाद** खोला जाना निर्धारित है। **संक्षिप्त विवरण/कार्य का नाम:** रांची मंडल में सौर ऊर्जा संयंत्र की आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं शुरुआत। **निविदा मूल्य:** ₹ 12,66,60,519.46। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹ 7,83,300। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 07.03.2025 को अपराह्न 4.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** https://www.ireps.gov.in। निविदा का विवरण वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय निविदादाता को निविदा दस्तावेज के साथ सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे।

(PR-1137)


## पुलवामा के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



**धनबाद :** दिनांक 14 फरवरी को पंचायत समिति सदस्य दिवाकर महतो के नेतृत्व में पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ के वीर जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि देकर कला दिवस के रूप मनाया। सभी ने अपनी हाथों में मोमबत्ती लिए मौन धारण किया और इस दौरान उपस्थित दर्जनों लोगों ने कहा की भारत माता के सभी वीर जवानों को देश सदैव याद रखेगा। मौके पर डॉ ए के सिन्हा, राज महतो, जेपी महतो, दीपक आदि मौजूद थे।

## असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नि : शुल्क कैंसर स्क्रीनिंग सह स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट, धनबाद ने बोकारो जिले के दुग्दा पंचायत भवन में एक निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग सह स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। यह शिविर समुदाय को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का शीघ्र निदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस शिविर में असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने समुदाय आधारित मूल्यांकन प्रक्रिया के तहत बड़ी संख्या में लोगों का मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें कैंसर सहित अन्य प्रमुख बीमारियों के प्रति जागरूक किया। खास कर ऐसे स्थानों पर जहाँ चिकित्सा सुविधाओं की कमी रहती है।असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस शिविर में रक्तचाप, आरबीएस, प्लस, ऑक्सीजन संतृप्ति, तापमान, वजन और अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण की गई। इसके अलावा, कैंसर की प्रारंभिक पहचान के लिए स्क्रीनिंग की विशेष व्यवस्था की गई थी। शिविर में हिस्सा लेने वाले लोगों ने इसकी सराहना की और इस प्रकार के आयोजनों को निरंतर बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने आगे कहा कि यह शिविर भविष्य में अन्य क्षेत्रों में भी आयोजित किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके।

# भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीन एवं समृद्ध संस्कृति व सभ्यता : शशिधर लाल अग्रवाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में मातृ पितृ दिवस का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, शिक्षाविद् कृष्णा प्रसाद एवं अभिभावक स्वरूप शिखा घोषाल ने संयुक्त रूप से ऊं, मां भारती एवं मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन किया। अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कराया। कार्यक्रम का विषय प्रवेश एवं भूमिका श्रीमती नीलिमा सिंह ने दिया साथ ही उन्होंने कहा कि माता-पिता सूर्य की तरह हैं जिनके बिना जीवन अंधकारमय है। माता-पिता के चरणों में चारों धाम हैं। प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने मातृ-पितृ दिवस की विशेषता को बताते हुए कहा कि माता-पिता ही तीर्थ व्रत है, इनसे बड़ा कोई तीर्थ नहीं। जिसने करली इनकी सेवा, भवसागर से पार है। पूजन का कार्यक्रम आचार्या जया मिश्रा के द्वारा कराया गया। भैया-बहनों ने माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त किया। कक्षा सप्तम, अष्टम की बहनों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। शिक्षाविद् कृष्णा प्रसाद अपने उद्बोधन में कहा कि माता-पिता का पूजन करने से सभी तीर्थ की यात्रा करने का फल मिलता है। माता-पिता का सम्मान करके जीवन में आगे बढ़ाने में मदद मिलती है और उनका आशीर्वाद मिलता है। संगीत आचार्या सुप्रिया घोषाल ने माता-पिता को संबोधित करते हुए एकल गीत प्रस्तुत की। अध्यक्षीय भाषण में शशिधर अग्रवाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीन एवं समृद्ध संस्कृति व सभ्यता है। जिसे विश्व भर की सभी संस्कृतियों की जननी माना जाता है। भारतीय संस्कृति हमेशा से विशेष रही है। मनुष्य के जीवन में माता-पिता का स्थान महत्वपूर्ण होता है। माता पिता प्रेरणा, सहायता, मार्गदर्शन का स्त्रोत होते हैं माता-पिता। माता-पिता अपने बच्चों से निस्वार्थ भाव से प्रेम करते हैं। मातृ-पितृ दिवस में आए अभिभावकों को हनुमान चालीसा पुस्तक भेंट की गई। मंच संचालन प्रोन्नति यादव ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मधुमिता शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य-आचार्या एवं कर्मचारीयों ने सहयोग किया। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## भाजपा में लोकतांत्रिक तरीके से होती है संगठनात्मक चुनाव : किशलय तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** संगठन महापर्व संगठनात्मक चुनाव हेतु प्रदेश द्वारा नियुक्त सिमडेगा जिला चुनाव प्रभारी सह भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वर्तमान प्रदेश कार्य समिति सदस्य किशलय तिवारी एवं चुनाव सह प्रभारी श्रद्धानन्द बेसरा द्वारा ठेठईटांगर बोलबा एवं केरसई मंडल में कार्यशाला कर मंडल अध्यक्ष मंडल चुनाव अधिकारी शक्तिकेन्द्रों के चुनाव प्रभाररियों एवं संयोजक सहसंयोजको को बूथ समिति चुनाव के तरीके बताए और संगठन को मजबूत बनाने की बात कही, चुनाव प्रभारी किशलय जी ने कहा कि 17 फ़रवरी तक बूथों का चुनाव सम्पन्न करना है साथ ही सक्रिय सदस्तों का सत्यापन भी करा लेना है। मौके पर सदस्यता अभियान के जिला संयोजक रवि गुप्ता केरसई मंडल अध्यक्ष मानकीलाल ठेठईटांगर मंडल अध्यक्ष सुरजन प्रधान बोलबा मंडल अध्यक्ष सुरजन बड़ाईक प्रदीप कुमार गौतम कुमार जुगेश्वर मांझी संदीप बड़ाईक दिनेश प्रसाद सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव के प्रयास से ग्राम जूरिया में लगाया गया नया ट्रांसफॉर्मर, ग्रामीणों में हर्ष



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीते दिनों लोहरदगा प्रखंड के ग्राम जूरिया में ट्रांसफ़ॉर्मर ख़राब थी जिसके कारण बिजली बाधित थी, जिसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक कार्यालय लोहरदगा में लिखित आवेदन के साथ किया था, जिसपर त्वरित करवाई करते विधायक डॉ रामेश्वर उराँव के प्रयास से विधायक प्रतिनिधि ने तत्काल ट्रांसफ़ार्मर लगवाया जिससे ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। ग्रामीणों ने विधायक के कार्य की सराहना की और कहा कि बिजली बाधित होने से मैट्रिक इंटर के परीक्षार्थीयों को काफ़ी परेशानी होती एवं त्योहार मनाने में काफ़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता परंतु विधायक डॉ रामेश्वर उराँव ने तत्परता से हमारी समस्या का समाधान किया एवं उनके प्रयास से पुराने तारों को हटवाकर नया तार लगवाया जा रहा है जिससे आमजन सुरक्षित महसूस कर रहे है। नये ट्रांसफार्मर से गांव में हर्षोल्लास के साथ सबे बारात का त्यौहार भी बिजली की चक्का चौंध में मनाई गई। इस मौके मनोज उरांव, नौशाद अंसारी, आशीष कुजूर, सोनू मिंज, महाबीर उराव, रामलाल उराव, महेश्वर उरांव, आशिक अंसारी, श्याम लाल उराव, मोईन अंसारी, महफूज अंसारी, अनिल उराव, आरिफ अंसारी, नवाज अंसारी, फिरदौस अंसारी आदि मौजुद रहे।

## शांति व सौहार्द के साथ मनाया गया इबादत का पर्व शब-ए-बरात




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा गुरुवार की रात में शांति व सौहार्द के साथ इबादत का पर्व शब-ए-बरात मनाया गया। वही शब-ए-बरात के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के अरु, सेरेंगहातु, उगरा, सेन्हा, कल्हेपाट, भड़गाँव, अरु बांध टोली, भंगाडी, तोड़ार, बुटी सहित विभिन्न गांवों के मस्जिदों में नमाज अदा कर फतया खानी के बाद लोगो ने कब्रिस्तान में इबादत किया जिसमे या रब मेरी गुनाहों को माफ कर दे, मेरी तौबा कबूल फरमा, मेरी इबादतो को अपनी रहमत में जगह दे इस तरह का शब-ए-बरात की रात में मुस्लिम धर्मावलंबियों के लोगो ने इबाबत कर दुआ किया। वही प्रखंड क्षेत्र के सभी जगह मस्जिदों में इबाबत करने के लिये तांता लगा रहा। साथ ही सभी जगहों पर मस्जिद व कब्रिस्तान को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। तथा नमाजियों द्वारा रात भर जग कर मस्जिदों में नमाज अदा कर दुआएं मांगी गई। कब्रिस्तान में भी अपने स्वर्गवासी सम्बन्धियो के मगफिरत की दुआएं मांगी गई। वही हाफिज गुलाम मुस्तफा बताया की शब-ए-बरात की रात को फजीलत वाली होती है। जिसे बुराई, गलत और गुनाहों से बचना चाहिये तथा अल्लाह की इबादत में रात गुजारना चाहिये। क्योकी शब-ए-बरात की रात साल में एक बार आती है। प्रखंड क्षेत्र के सभी जगहों में मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा शांति व सौहार्द के साथ शब-ए-बरात का त्यौहार मनाया गया।

## बीपीओ द्वारा छात्र छात्राओं का कराया गया मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित रिसोर्स कक्ष में प्रखंड स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान एवं नवाचार के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता का संचालन प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी प्रकाश रंजन के द्वारा किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के वैसे विद्यालय जहां कक्षा 6 से 8 और 9 से 12 की कक्षाएं संचालित है वैसे विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया। वही विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के मॉडल तैयार किये गये थे। जिसमे सौरमंडल, पृथ्वी बचाओ, जल चक्र, प्रदूषण और मानव नेत्र को एक मॉडल के रूप में बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। क्विज प्रतियोगिता में भी बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया.प्रतियोगिता के पश्चात बच्चों को प्रोत्साहित किया गया और उन्हें ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए और मेहनत करने के लिए उत्साह गया.क्विज प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 में अनिशा उरांव प्रथम, आजादी परवीन द्वितीय, शिवानी कुमारी तृतीय, कक्षा 6 से 8 तक मे पीयूष कुमार साहु प्रथम, हरीश उरांव द्वितीय, जिनन्त खातून तृतीय तथा 6 से 8 वीं कक्षा के मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम कस्तूरबा गांधी पेशरार, द्वितीय केजीबी सेन्हा और वर्ग 9 से 12 वीं में नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु प्रथम व केजीबी सेन्हा द्वितीय स्थान पर रह। मौके पर डायट चीरी के महमूद आलम, प्रियंका एक्का, पिंकी कुमारी, समा निराली, कमलेश शर्मा तथा सिनी टाटा ट्रस्ट के सीमा श्वेता तोपनो और उदित कुमार उपस्थित थे।

## पवन तिग्गा ने उपायुक्त से ठगी पीड़ित जमा करता परिवार के हित में जल्द निदान करने का किया आग्रह



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को ठगी पीड़ित जमा करता अभिकर्ता परिवार लोहरदगा जिला कार्यालय में बैठक किया गया बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्री मुकेश कुमार सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मीडिया प्रभारी सह जिला प्रवक्ता पवन तिग्गा ने कहा कि लोहरदगा जिला में लगभग 1 लाख अनियमित जमा योजना पाबंदी कानून के तहत उपायुक्त लोहरदगा को अर्जी दिया गया है लेकिन अभी तक इस आवेदन पर किसी तरह से कोई कार्रवाई नहीं किया गया है जिसके चलते ठगी पीड़ित जमा करता परिवार के लोगों को काफी मुसीबत्तियों का सामना करना पड़ रहा है। झारखंड सरकार मैया सम्मान योजना में समय बिता रही है उसके बावजूद भी मैया का समान नहीं मिल पा रहा है। झारखंड सरकार के वित्तीय विभाग द्वारा 45 लोगों को सूचनार्थ किया गया है कि लोहरदगा में अनियमित जमा योजना पाबंदी कानून के तहत आवेदन पर यथाशीघ्र सुचारू रूप से करवाई किया जाए लेकिन कलेक्टर महोदय इस आवेदन पर किसी तरह से कोई पहल नहीं किया है। मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि विधानसभा बजट सत्र में हम गरीबों के लिए बजट प्रस्ताव पास किया जाए और सभी लोग का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में शशि नंदन भगत, इलिसब मिंज, अनु भगत, राजू उरांव, चरण उरांव, रवि उरांव, मन्नू उरांव, हीरामणि उरांव, मेरी उरांव, सरिता मुंडा, समीना खातून, सुदन भगत, चुन्नी उरांव, घोड़ा उरांव, सुरेश चंद्र साहू, बजरंग साहू, शमिल देवी, बिंदेश्वर यादव, प्रभु उरांव, बिरसू उरांव आदि उपस्थित थे।

# लोहरदगा में आयोजित वीर बुधु भगत जयंती समारोह ऐतिहासिक होगा : आलोक साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लरका आंदोलन के प्रणेता अमर शहीद वीर बुधु भगत की जयंती के अवसर पर 17 फरवरी को मैंना बगीचा लोहरदगा में भव्य जतरा सह विकास मेला का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से सांसद के निजी सहायक सह कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू आज कुडू प्रखंड के अंतर्गत सलगी पंचायत के ग्राम रोचो, सलगी, महुआ टोली, छाप्पर टोली, धौरा के ग्रामीणों एवं युवाओं से मिलकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में जतरा में आने की अपील किये। श्री साहू ने कहा कि अमर शहीद वीर बुधु भगत एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे। 2006 में लोहरदगा के तत्कालीन विधायक सुखदेव भगत ने मैंना बगीचा में वीर बुद्ध भगत की प्रतिमा स्थापित कर जतरा लगाने की परंपरा की शुरुआत किए थे। इस कार्यक्रम में एक ओर आदिवासी संस्कृति की झलक मिलेगी तो दूसरी ओर विकास से संबंधित योजनाओं की जानकारी लोगों को मिलेगी। इस जतरा में जितने भी खोड़हा दल आएंगे उन्हें प्रतीक चिन्ह के रूप में झंडा दिया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुबे के ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह हैं। दौरा में कुणाल अभिषेक, मुकेश उरांव, करमा उरांव, करमचंदभगत, बसुआ उरांव, मोहन भगत, दिगंबर उरांव, रामदयाल उरांव सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## कैरो ख्वास अम्बवा में आर्मस एक्ट के तह्त बगडू निवासी अपराधी गिरफ्तार, कैरो पुलिस ने भेजा जेल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत ख्वास अम्बवा में अवैध देशी कट्टा व गोली के साथ अपराधी गिरफ्तार भेजा गया जेल। उपरोक्त संवंध में कैरो थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो ने कहा कि किताबुल खान पिता ईदुल खान ग्राम चरहु थाना बगडू जिला लोहरदगा ग्राम ख्वास अम्बवा में अपने श्वसुर आशिक अंसारी के घर आया था, जिसकी भनक कैरो थाना पुलिस को लगी, अम्बवा चौक में मोबाईल से किताबुल बात कर रहा था पुलिस को देखते ही भागने का कोशिस करने लगा जिसे कैरो थाना सुरक्षा बल के सहयोग से अपराधी किताबुल को धर दबोचा गया। मामले पर कैरो थाना काण्ड संख्या 0/25 शस्त्र अधिनियम की धारा (1-बी) ए/26 के तह्त कैरो थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो ने आरोपित को जेल भेज दिया है।

## झामुमो के जिला संयोजक सह जिप सदस्य राधा तिर्की के नेतृत्व में चलाया गया सदस्यता अभियान



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा द्वारा जेएमएम का सदस्यता अभियान चलाया गया। सदस्यता अभियान झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के जिला संयोजक सह सेन्हा जिप सदस्य राधा तिर्की के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अन्तर्गत छापरटोली ग्राम में सदस्यता अभियान चलाया गया। वही राधा तिर्की ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का विकास कार्य और जेएमएम का नीति सिद्धान्त से प्रभावित होकर ग्रामीण क्षेत्र के जनता दूसरे दलों से आकर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता ग्रहण कर संगठन से जुड़ रहे हैं। जिसे जेएमएम का जनाधार मजबूत हो रहा है। साथ ही कहा कि ग्रामीण क्षेत्र का विकास और आम जनों का समस्या को स्थानीय विधायक सह मंत्री चमरा लिंडा से बात कर हर सम्भव समाधान किया जायेगा साथ ही झारखंड सरकार का ग्रामीण क्षेत्र का विकास के लिये संचालित सभी तरह का महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिलाने का प्रयास किया जायेगा। वही प्रकाश उरांव, राजेन्द्र उरांव, आकाश उरांव, संजय उरांव, राजन उरांव, अशोक उरांव सहित अन्य लोगों ने झारखण्ड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता ग्रहण कर खुशी जताया। वही लोगों ने कहा कि संगठन के निर्देशानुसार ईमानदारी और लगन के साथ संगठन का कार्य का करेंगे। मौके पर जेएमएम का जिला संयोजक सह जिप सदस्य राधा तिर्की के अलावे प्रकाश उरांव, राजन उरांव, आकाश उरांव, राजेन्द्र उरांव, संजय उरांव, अशोक उरांव समेत जेएमएम के सैकड़ो महिला पुरुष सदस्य मौजूद थे।

# सड़क मरम्मती व मजबूतीकरण कार्य का क्षेत्र के विधायक ने किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ठेठईटांगर प्रखंड के कुड़पानी से टुकुपानी तक कि जा रही सड़क मरम्मती व मजबूतीकरण कार्य का गुरुवार को क्षेत्र के विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण कार्य मे बरती जा रही अनियमितता को देख विधायक भड़क गए और उन्होंने उपस्थित कर्मियों को फटकार लगाया। साथ ही उन्होंने कार्य मे गुणवत्ता को प्राथमिकता के आधार पर सुधार करने की हिदायत दी। वहीं उन्होंने निर्माण कार्य मे प्रयुक्त की न रही सामग्री पर भी नाराजगी व्यक्त करते हुए गुणवत्ता वाली सामग्री का प्रयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य की महागठबंधन की सरकार क्षेत्र में विकास के लिए प्रतिबद्ध है किंतु कार्य मे अनियमितता बरते जाने को किसी भी परिस्थितियों में स्वीकार नही किया जाएगा। उन्होंने मौके पर उपस्थित भारद्वाज कंट्रक्शन के कर्मियों को कार्य व सामग्री में सुधार करने को कहा अन्यथा योजना के तहत राशि का भुगतान रोक दिए जाने की बात कही। निरीक्षण के दौरान मौके पर विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रमुख सह कांग्रेस नेता बिपिन पंकज मिंज, विधयक प्रतिनिधी मो कारू आदि मौजूद रहे।

# मृतक परिजनों से मिली जिप सदस्य जोसिमा खाखा, कराई एम्बुलेंस की व्यवस्था




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिप सदस्य जोसिमा खाखा शुक्रवार को केरसई जिप सदस्य प्रेमा बाड़ा के रिश्तेदार पतरस टोप्पो के निधन की सूचना पर परिजनों से मिली। साथ ही शव को घर तक ले जाने के लिए एम्बुलेंस की भी व्यवस्था कराई। एम्बुलेंस की व्यवस्था कराने में सीएस डॉ रामदेव पासवान का भी योगदान रहा। जोसिमा ने बताया कि दिवंगत पतरस का तबियत बिगड़ने पर उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रेफर किया था। रांची ले जाने के क्रम में तोरपा में ही पतरस का निधन हो गया। इसके बाद जोसिमा खाखा ने सीएस को फोन कर एम्बुलेंस की मांग की थी। मौके पर जिप सदस्य प्रेमा बाड़ा, कांग्रेस नगर प्रभारी शशि गुड़िया, वार्ड सदस्य असरानी कुजूर, लीला नाग, उर्मिला केरकेटा, प्रतिमा कुजूर आदि उपस्थित थे।

**बीमार शिक्षक के लिए भी जोसिमा ने कराई एम्बुलेंस की व्यवस्था**

इधर जोसिमा खाखा ने सदर अस्पताल में इलाजरत सिकरियाटांड़ चोगोटोली निवासी बीमार शिक्षक शांति बागे से भी मुलाकात की। साथ ही उनके बेहतर इलाज हेतु रांची ले जाने के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था कराने में सहयोग किया।

## अकीदत के साथ इबादत में गुजरी शब ए बरात : अलीरजा अंसारी



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुस्लिम धरमावलंबियों का पवित्र पर्व शब ए बरात कैरो प्रखंड क्षेत्र में सादगी के साथ इबादत करते हुए मनाई गई। शाम से ही लोग साफ-सुथरे कपड़े पहन कर मस्जिदों में इबादत के लिए जमा होने लगे थे। अच्छे, स्वादिष्ट पकवान लगभग सभी घरों में बनाए गए और खा-पी कर पुरूष मस्जिद तथा महिलाएं घरों में अपने रब को राजी करने में लग गई। कहते हैं कि इस रात में अपने गुनाहों से तौबा कर अल्लाह से अपनी मग्फिरत करानी चाहिए। जामा मस्जिद कैरो में ईमाम हजरत मौलाना नौशाद साहब ने एशा की नमाज पढ़ाई, वहीं मौलाना नुरूल साहब ने शब ए बरात के महत्व पर प्रकाश डाला। मौके पर हाफिज तौफिक, हाफिज शफीक, स्वंयसेवी संस्था मौलाना आजाद वेल्फेयर सोसायटी कैरो के संस्थापक पूर्व चेयरमैन अलीरजा अंसारी, मनान खान, अमीन अंसारी, रोजामत खान, मोख्तार आलम समेत तमाम लोग मौजूद थे।

## चलते चलते एक नजर

### राहुल गांधी को लिखी चिट्ठी, सज्जन कुमार को कांग्रेस से निकालें



**नई दिल्ली :** दिल्ली के राजौरी गार्डेन क्षेत्र से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा ने लोकसभा में नेता विपक्ष एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को आज पत्र लिखकर सज्जन कुमार को कांग्रेस से निकालने की मांग की है। इसके साथ ही सिरसा ने राहुल गांधी से यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि सिख विरोधी दंगों में शामिल कोई भी नेता कांग्रेस से न जुड़ने पाए।1984 के सिख विरोधी दंगों में सज्जन कुमार को दिल्ली की एक अदालत ने दोषी ठहराया है। इसी परिप्रेक्ष्य में राहुल गांधी को लिखे अपने पत्र के बारे में मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि उन्होंने राहुल गांधी को पत्र में याद दिलाया है कि सज्जन कुमार को अभी पार्टी से नहीं निकाला गया है। उनसे अनुरोध किया है कि वे संसद में एक प्रस्ताव पारित करके मोदी सरकार द्वारा सिख विरोधी दंगा पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए एसआईटी गठित करने की सराहना करें। इसके साथ ही सज्जन कुमार को संरक्षण देने के लिए सिख समुदाय और देश से माफी मांगें। सिरसा ने राहुल गांधी को पत्र में लिखा है कि 1984 के सिख नरसंहार में भूमिका के लिए कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को हाल ही में दोषी ठहराया जाना देश के इतिहास के सबसे काले और शर्मनाक अध्यायों में से एक की दर्दनाक याद दिलाता है।

### हॉकी टूर्नामेंट में दर्ज की बड़ी जीत

**नई दिल्ली :** 11वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल इन्विटेशनल हॉकी टूर्नामेंट में श्याम लाल कॉलेज, किरोड़ी मल कॉलेज, श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स और दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की और लीग दौर में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। पुरुष वर्ग में मेजबान श्याम लाल कॉलेज ने हंसराज कॉलेज को 7-1 के बड़े अंतर से हराया। श्याम लाल कॉलेज की ओर से आशीष सहरावत ने दो गोल किए, जबकि प्रत्यूष सिंह जग्गी, मोहित राणा, ललित, प्रियांशु और आशीष गुप्ता ने एक-एक गोल दागे। शानदार प्रदर्शन के लिए आशीष सहरावत को मैन ऑफ द मैच चुना गया।श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स ने श्याम लाल कॉलेज इवनिंग को 10-1 से मात दी। इस मुकाबले में इंद्रपाल ने पांच गोल किए, जबकि दिव्यांश और विपिन नांदल ने दो-दो गोल और विभांशु तिवारी ने एक गोल किया। श्याम लाल कॉलेज इवनिंग के लिए रोहित ने एकमात्र गोल किया। इस मुकाबले में मैन ऑफ द मैच का अवार्ड इंद्रपाल सिंह को दिया गया।महिला वर्ग में दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना ने विवेकानंद कॉलेज को 2-0 से हराया। दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना की ओर से सुनीता ने दोनों गोल किए। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मनिता को दिया गया।

### भारत अमेरिका के बीच रक्षा क्षेत्र में हुआ कई अहम समझौता

# भारत-अमेरिका के बीच 500 बिलियन डॉलर का होगा व्यापार



एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच कई अहम मुद्दों पर बातचीत हुई, साथ ही कई अहम समझौते भी हुए। दोनों देशों के बीच पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों की खरीद को लेकर बातचीत हुई तो साथ ही दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को साल 2030 तक 500 अरब डॉलर तक लेकर जाने का भी लक्ष्य तय किया गया। तो आइए जानते हैं कि इन समझौतों के तहत भारत को अमेरिका से क्या क्या फायदा मिलने वाला है।

**रक्षा क्षेत्र:** पीएम मोदी के अमेरिका दौरे पर दोनों देशों के बीच रक्षा क्षेत्र में कई अहम समझौते हुए, जिनमें दोनों देशों के बीच एक 10 साल का फ्रेमवर्क बनाने पर सहमति बनी, जिससे दोनों देशों के बीच रक्षा साझेदारी को बढ़ाया जाएगा। इसके तहत भारत, अमेरिका से जेवलिन एंटी टैंक मिसाइलें, स्ट्राइकर आर्म्ड लड़ाकू वाहन और पी81 नौसैनिक सर्विलांस विमानों की खरीद करेगा। साथ ही इंटरनेशनल ट्रैफिक इन आर्म्स रेगुलेशंस की भी समीक्षा की जाएगी, जिससे दोनों देशों के बीच तकनीकी स्थानांतरण और रक्षा उपकरणों की सप्लाई हो सके।भारत और अमेरिका रेसीप्रोकल डिफेंस अधिग्रहण समझौते पर बातचीत के लिए भी सहमत हुए हैं। अगर सब कुछ सही रहता है तो दोनों देश एक दूसरे के यहां से अहम रक्षा उपकरणों की खरीद कर सकेंगे। दोनों देशों में अंतरिक्ष, हवाई सुरक्षा, मिसाइल, मेरीटाइम और समुद्री युद्ध जैसे क्षेत्रों में रक्षा सहयोग बढ़ाने पर भी बात हुई। अमेरिका ने भारत को पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान बेचने के लिए अपनी नीति की समीक्षा का भी एलान किया है। एफ-35 लड़ाकू विमान बनाने वाली कंपनी लॉकहीड मार्टिन ने भी एक बयान जारी कहा कि भारत को एफ-35 लड़ाकू विमान मुहैया कराने के एलान से हम उत्साहित हैं। हम दोनों सरकारों के साथ मिलकर काम करने और लड़ाकू विमान, जैवलिन और हेलीकॉप्टर्स जैसे रणनीतिक अधिग्रहण पर काम करेंगे, जिससे भारतीय सशस्त्र बलों को और सशक्त करेंगे।भारत और अमेरिका ने ओटोनॉमस सिस्टम्स इंडस्ट्री अलायंस समझौते की शुरुआत की है। इसके तहत दोनों देश समुद्र की भीतर सहयोग को बेहतर बनाएंगे और अंडरवाटर डोमेन अवेयरनेस के तहत संवेदनशील तकनीक को साथ मिलकर विकसित करेंगे। भारत पहला देश है, जिसके साथ मिलकर अमेरिका संवेदनशील समुद्री तकनीक को विकसित करेगा। साथ ही सी पिकेट सर्विलांस सिस्टम, वेब ग्लाइडर अनमैन्ड व्हीकल, लो फ्रीक्वेंसी एक्टिव सोनार्स, समेत विभिन्न रक्षा तकनीक साथ मिलकर विकसित करने पर भी दोनों देशों में बात हुई।

**व्यापार:** भारत और अमेरिका ने द्विपक्षीय व्यापार को साल 2030 तक 500 अरब डॉलर करने का भी लक्ष्य तय किया है। दोनों देशों के बीच अहम व्यापारिक समझौतों पर इस साल ही सहमति बनाई जा सकती है।

**तकनीकी क्षेत्र में सहयोग:** पीएम मोदी के अमेरिका दौरे पर दोनों देशों के बीच सरकार, शिक्षा और निजी क्षेत्र के साथ ही अहम तकनीक पर सहयोग बढ़ाने के लिए ट्रांसफोर्मिंग द रिलेशनशिप यूटिलाइजिंग स्ट्रैटेजिक टेक्नॉलोजी पहल का एलान किया है। एआई के क्षेत्र में सहयोग के लिए दोनों देशों के बीच इस साल के अंत तक एक रोडमैप तैयार किया जा सकता है। अमेरिका में भारतीय दवाईयों के उत्पादन में विस्तार पर भी सहमति बनी है। अमेरिका एक नेशनल साइंस फाउंडेश और भारत के अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन के बीच उभरती हुई तकनीक और रिसर्च में सहयोग बढ़ाने पर भी दोनों देशों के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं।

**ऊर्जा:** पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के बीच बातचीत में ऊर्जा सुरक्षा पर भी बात हुई। अमेरिका ने कहा कि वह भारत की अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी में सदस्यता के लिए समर्थन देगा। दोनों देशों ने नागरिक परमाणु समझौते पर भी सहयोग बढ़ाने की बात कही। छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर्स के विकास और उत्पादन पर भी दोनों देशों के बीच सहयोग की सहमति बनी।

**अप्रवासन :** दोनों देशों के नेताओं के बीच अप्रवासियों के मुद्दे पर भी बात हुई। जिसमें संयुक्त डिग्री, ऑफशोर कैंपस और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के विस्तार पर बातचीत हुई। साथ ही अवैध अप्रवासन, मानव तस्करी पर रोक लगाने पर भी सहमति बनी। इसके लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों को बेहतर करने और संगठित अपराध से निपटने, ड्रग तस्करी और आतंकवाद के मुद्दे पर सहयोग की बात हुई।

### मुंबई हमले के दोषियों को भारत प्रत्यर्पण की मंजूरी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम मोदी के साथ मुलाकात में कहा कि मुंबई हमले के दोषी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दी गई है। भारत-मध्य पूर्व और यूरोप कॉरिडोर को लेकर भी दोनों देशों में बात हुई। दोनों देशों ने आतंकवाद, 26/11 के मुंबई हमले और पठानकोट हमले के मुद्दे पर पाकिस्तान की जवाबदेही तय करने पर भी चर्चा हुई।

### लिपिक बीस हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जयपुर :** राजस्थान में भ्रष्टाचार पर शिकंजा कसते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने कार्रवाई करते हुए चूरू जिले के सादुलपुर स्थित लॉर्ड्स इंटरनेशनल टीटी कॉलेज के लिपिक को बीस हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया। लिपिक परीक्षा में बैठाने और इंटर्नशिप की अनुमति के बदले छात्र के अभिभावक से यह रिश्वत मांग रहा था।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरा ने बताया कि चूरू एसीबी चौकी को इस मामले की शिकायत मिली थी। परिवादी ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि उसका बेटा राकेश, जो कॉलेज में बीएड प्रथम वर्ष का छात्र है, उसे परीक्षा में बैठने और इंटर्नशिप की अनुमति दिलाने के लिए लिपिक उम्मेद शर्मा बीस हजार रुपये की मांग कर रहा है। इस पर एसीबी की टीम ने शिकायत की। पुष्टि होने के बाद बीकानेर रेंज के उप महानिरीक्षक राजेश सिंह के सुपरविजन में एसीबी टीम ने जाल बिछाया। चूरू चौकी के उप अधीक्षक शब्बीर खान के नेतृत्व में निरीक्षक महेंद्र कुमार और टीम ने कॉलेज परिसर में ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया। जैसे ही लिपिक ने रिश्वत की रकम स्वीकार की, टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। एसीबी की टीम ने आरोपित के कब्जे से पूरे बीस हजार रुपये बरामद कर लिए हैं। फिलहाल अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आगे की जांच जारी है। वहीं इस मामले में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिपिक से गहन पूछताछ की जा रही है कि यह खेल कितने समय से चल रहा था और इसमें कौन-कौन शामिल है।

# सीएम नीतीश कुमार ने जहानाबाद को दी 241 करोड़ की सौगात

इस दौरान मुख्यमंत्री ने 46.35 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से राजकीय अन्य पिछड़ा वर्ग आवासीय बालिका 10+2 उच्च विद्यालय, धरहरा का शिलापट्ट अनावरण एवं फीता काटकर उद्घाटन किया।



एजेंसी

**पटना :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान शुक्रवार को जहानाबाद जिले में काको प्रखंड के धरहरा ग्राम स्थित राजकीय अन्य पिछड़ा वर्ग आवासीय बालिका 10+2 उच्च विद्यालय परिसर से 241.20 करोड़ रुपये की कुल 88 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 154.72 करोड़ रुपये की 55 योजनाओं का उद्घाटन और 86.48 करोड़ रुपये की 33 योजनाओं का शिलान्यास शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने जहानाबाद में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 46.35 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से राजकीय अन्य पिछड़ा वर्ग आवासीय बालिका 10+2 उच्च विद्यालय, धरहरा का शिलापट्ट अनावरण एवं फीता काटकर उद्घाटन किया।

उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने विद्यालय के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक भवन के विभिन्न भागों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि जीवन में उत्साहित होकर ठीक से पढ़ाई करें। बच्चियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत ताली बजाकर किया।

### कल्पवास पूरा होने पर की गई मां गंगा का खोडसन प्रचार पूजा

**महाकुम्भ नगर :** कल्पवासियों के द्वारा महाकुम्भ मेला समापन के मौके पर शुक्रवार को प्रयागवाल सभा ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं कल्पवासियों ने मां गंगा का खोडसन प्रचार पूजन किया और उसके उपरांत दुग्ध से अभिषेक किया। यह पूजन कार्यक्रम तीर्थ पुरोहित सभा के पदाधिकारी अमित आलोक पांडेय के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।अमित आलोक पांडेय ने बताया कि मां गंगा का पूजन करके मेला में भ्रष्टाचार व अव्यवस्था फैलाने वाले एवं स्वार्थियों एवं कल्पवासियों का शोषण करने वाले तथा स्वार्थियों की हत्या करने वाले जिम्मेदार अधिकारी एवं जिम्मेदार लोगों को जन्म–जन्मान्तर तक पाप को भुगतने की हिम्मत प्रदान करें। उन्होंने कहा कि कुम्भ मेला क्षेत्र में मृतक लोगों की आत्मा की शांति के लिए मां गंगा से प्रार्थना की गई कि आत्मा को मोक्ष प्रदान करें। उनके परिवार को इस दुख से उबरने का बल प्रदान करें।

# सामाजिक समरसता का प्रतीक थे संत रविदास : अविनाश देव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पूरा देश संत शिरोमणि रविदास के 648 वें जयंती मना रहा है। मैं अपने संत मरियम विद्यालय में बच्चों संग संत रविदास जी के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहर के विभिन्न पूजा स्थलों पर जाकर उनको नमन किए। बारालोटा आंबेडकर नगर में आंबेडकर नौजवान क्लब द्वारा संत रविदास जयंती समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। क्लब के अध्यक्ष फूलमाला अंगवस्त्र देकर स्वागत किए।



अपने संबोधन में हमने कहा सैकड़ों साल के बाद भी संत शिरोमणि रविदास जी की प्रशंगिता ऊर्ध्व पर है। आखिर ऐसी क्या बात है? अंधविश्वास, छुआछूत जातिवाद चरम पर था तब मध्यकाल में भक्ति आंदोलन चला। संत कबीर नानक मीरा रैदास सबों इसके खिलाफ लड़ा। इस आंदोलन के अग्रणी भूमिका में संत रैदास रहे और जातिवाद के खिलाफ चोट किए। आज भी हमारा समाज समरूप नहीं है, इसलिए संत रविदास के आदर्श विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता है, क्योंकि रविदास भारतीय समाज में समरसता के प्रतीक थे जिन्होंने प्राणी मात्र के कल्याण की महता को बताया है। आगे हमने कहा की हम तन को धुलने के लिए पवित्र स्नान तो कर सकते हैं लेकिन मन को धुलने के लिए खुद की चेतना मे उतरना होगा तभी हम देश व समाज के प्रति अपने विचारों भावनाओं, व संवेदनाओं को स्वच्छ कर सकते हैं, इसीलिए संत शिरोमणि ने कहा था मन चंगा तो कठौती में गंगा। हम युवा पीढ़ी से आह्वान करना चाहेंगे आप संत रविदास के बताए रास्ते पर चलें और भारत को विश्वगुरु बनाने में अपनी महती भूमिका निभाएं। जय गुरु संत रैदास।

# महर्षि भारद्वाज की प्रतिमा का किया अनावरण



एजेंसी

**प्रयागराज :** रक्षा लेखा महानियंत्रक देविका रघुवंशी ने शुक्रवार को कार्यालय रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (पेंशन), प्रयागराज का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों से रक्षा पेंशन सम्बन्धी वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने महर्षि भारद्वाज की प्रतिमा का अनावरण भी किया।इसके उपरान्त, कार्यालय में स्थित प्रेक्षागृह के कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ सीधा संवाद करते हुए उन्होनें अपने विचार व्यक्त किए और लोगों को उनके सरकारी कार्या और दायित्वों के प्रति सजग रहकर अपना कार्य करने का निर्देश दिया। ताकि कार्यालय की क्षमता में वृद्धि हो। उन्होंने रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (पेंशन) कार्यालय, प्रयागराज के प्रांगण में स्थापित महर्षि भारद्वाज जी की प्रतिमा का अनावरण भी किया।उल्लेखनीय है कि, रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (पेंशन) कार्यालय, प्रयागराज तीनों सेनाओं, डिफेंस सिविलियन की पेंशन स्वीकृति एवं संवितरण का कार्य बेहतर मूलभूत सुविधाओं के साथ स्पर्श प्रणाली द्वारा आनलाइन माध्यम से करता है। यह कार्यालय लगभग 33 लाख रक्षा पेंशनरों को पेंशन स्वीकृत कर चुका और उनका लेखा जोखा रखने का कार्य कर रहा है। इनमें से 30 लाख से ज्यादा रक्षा पेंशनरों को पेंशन भुगतान स्पर्श प्रणाली के माध्यम से तथा शेष का भुगतान बैंको और ट्रेजरी के माध्यम से किया जा रहा है। हाल ही में भारत सरकार द्वारा घोषित ओआरओपी-3 के पुनरीक्षण कार्य को इस कार्यालय द्वारा अति कम समय में पूर्ण करते हुए लाभार्थियों को इसका लाभ प्रदान कर दिया गया है।

### गुवाहाटी में राष्ट्रीय कृतज्ञता एवं जागरूकता अभियान आयोजित

**गुवाहाटी :** असम के राज्यपाल के तत्वावधान में राष्ट्रीय कृतज्ञता एवं जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय, खानापाड़ा में किया गया। इसका आयोजन शुक्रवार को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, कामरूप द्वारा जिला प्रशासन, कामरूप के सहयोग से किया गया। इस पहल का उद्देश्य छात्रों और नागरिकों में राष्ट्रीय कृतज्ञता, देशभक्ति और जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में 105 छात्रों और 5 शिक्षकों ने भाग लिया।कार्यक्रम में 1971 के भारत-पाक युद्ध के वीर सेनानी ब्रिगेडियर अबानी कुमार पैत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अन्य गणमान्य व्यक्तियों में एसडीओ कंकन सरमा, सहायक आयुक्त नरेश कुमार, पीएमश्री केवी खानापाड़ा के प्रधानाचार्य पुरुषोत्तम सिन्हा, उप प्रधानाचार्य मनोज कुमार वर्मा और जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल पद्मलोचन बर्मन शामिल थे।कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण से हुई, जिसके बाद कारगिल युद्ध के वीर सेनानी कर्नल पद्मलोचन बर्मन ने एक प्रस्तुति दी।

# महापौर के लिए भाजपा कांग्रेस में कांटे की टक्कर

नगरपालिक निगम जगदलपुर के महापौर के लिए सीधा मुकाबला भाजपा के महपौर उम्मीदवार संजय पांडे और कांग्रेस के महापौर उम्मीदवार मलकीत सिह गैंदू के मध्य होना तय है।



एजेंसी

**जगदलपुर :** नगरीय निकाय चुनाव प्रक्रिया के तहत 11 फरवरी को मतदान सम्पन्न हो गया। वहीं 15 फरवरी को मतगणना के साथ ही निगम में किसकी सरकार बनेगी यह तय हो जायेगा। नगर पालिक निगम जगदलपुर में 69.54 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि 2019 में 61.34 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो कि इस बार 8.2 प्रतिशत अधिक है। नगरपालिक निगम जगदलपुर के महापौर के लिए सीधा मुकाबला भाजपा के महपौर उम्मीदवार संजय पांडे और कांग्रेस के महापौर उम्मीदवार मलकीत सिह गैंदू के मध्य होना तय है। वहीं कुल मतदान प्रतिशत के अधिक होने से तथा शहरी मतदाताओं की तुलना में सीमायी और झुग्गी क्षेत्र के वार्डो में अधिक मतदान होने से इस बार महापौर के लिए भाजपा-कांग्रेस के बीच मामला करीबी का माना जा रहा है। हालांकि 15 फरवरी को मतगणना के बाद जब परिणाम सामने आएगा, तब स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। निगम जगदलपुर की राजनीति को जानने समझने वाले यह कयास लगना शुरू कर दिया है कि नगरपालिक निगम जगदलपुर के महापौर के लिए बहुत कम अंतर से जीत-हार का फैसला होगा।नगरपालिक निगम जगदलपुर के महापौर और 48 वार्ड पार्षद उम्मदवारों की धड़कनें कम होने का नाम नहीं ले रही है।